सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 01 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 87, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## युद्ध तय करेगा बाजार की दिशा

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच शेयर बाजार अनिश्चिताओं के बीच फंस गया, जिसकी दिशा अब युद्ध ही तय करेगा। } 10

## आठ सदियों तक ज्ञान का महान केन्द्र रहा है नालंदा विश्वविद्यालय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय करीब आठ सदियों तक ज्ञान का महान केंद्र रहा और उसका पतन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी क्षति था। } 12

# निवेश, नवाचार व विनिर्माण का केंद्र बनेगा यूपी

## 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को सेक्टरवार रणनीति से हासिल करें : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह दस्तावेज केवल एक विजन नहीं, बल्कि प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और संरचनात्मक रूपांतरण का स्पष्ट रोडमैप है। उन्होंने निर्देश दिए कि इसे व्यापक और सहभागी बनाते हुए प्रदेशभर से प्राप्त 98 लाख से अधिक जन-सुझावों, विशेषज्ञों, उद्योग संगठनों तथा अन्य हितधारकों के विचारों का विश्लेषण करते हुए समाहित किया जाए और उसी आधार पर सेक्टरवार अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना शीघ्र जारी की जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट व्यवहारिक, परिणामोन्मुख और समयबद्ध होना चाहिए, जो प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने का ठोस आधार प्रस्तुत करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे केवल सैद्धांतिक दस्तावेज न रखकर सेक्टरवार मिशनों, 2030, 2036 और 2047 के स्पष्ट लक्ष्यों तथा क्रियान्वयन योग्य कार्ययोजनाओं में विभाजित किया जाए। साथ ही सभी विभाग त्रैमासिक एवं वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप विभागवार और अंतर-क्षेत्रीय कार्ययोजना तैयार करें, जिसमें जिम्मेदारियों, अपेक्षित परिणामों और समन्वय की व्यवस्था स्पष्ट रूप से निर्धारित हो। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य स्तर पर तैयार विजन को जिला, शहर और पंचायत स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया जाए। इसके लिए जिला विजन 2047 तैयार कर स्थानीय आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुरूप योजनाएं बनाई जाएं। साथ ही प्रमुख परियोजनाओं की सुव्यवस्थित पाइपलाइन तैयार कर उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास कार्यों का प्रभाव जमीनी स्तर पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### हर जनपद में होगी मुख्यमंत्री फेलो की तैनाती : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को गति देने के लिए प्रत्येक जनपद में मुख्यमंत्री फेलो की तैनाती के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों और आकांक्षी नगर निकाय कार्यक्रम की तर्ज पर जिला स्तर पर आर्थिक विकास को साक्ष्य-आधारित एवं परिणामोन्मुख बनाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेल की आर्थिक एवं डेटा विश्लेषण क्षमता को सुदृढ़ किया जाए। इसके लिए प्रत्येक जनपद में दो विशेषज्ञ; एक आर्थिक विकास विशेषज्ञ तथा एक डेटा विश्लेषक को ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो के रूप में तैनात किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन विशेषज्ञों के माध्यम से स्थानीय संसाधनों, निवेश के अवसरों एवं आर्थिक संभावनाओं का साक्ष्य-आधारित विश्लेषण कराया जाए तथा जनपद-केन्द्रित विकास रणनीतियों के निर्माण में जिला ओटीडी सेल को सशक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो के जरिए जनपद स्तर पर संचालित आर्थिक गतिविधियों की मासिक प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन डैशबोर्ड पर अपलोड की जानी चाहिए। साथ ही प्रमुख सचिव/सचिव स्तर पर त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट एवं प्रस्तुतिकरण सुनिश्चित किया जाए। जनपद की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के लिए सुझावात्मक रिपोर्ट तैयार कर जिला ओटीडी सेल के संज्ञान में लाई जाए तथा स्थानीय आंकड़ों का विश्लेषण कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कानपुर में किडनी रैकेट का भंडाफोड़, छह लोग गिरफ्तार

जिला संवाददाता

कानपुर (उप्र)। कानपुर पुलिस ने मंगलवार को कई निजी अस्पतालों के जरिए कथित तौर पर अवैध गुर्दा प्रतिरोपण कराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए उसके सरगना तथा पांच चिकित्सकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि ये गिरफ्तारियां सोमवार देर रात कल्याणपुर इलाके में निजी चिकित्सालयों-मेड-लाइफ अस्पताल, आहूजा अस्पताल और प्रिया अस्पताल में एक साथ की गई छापेमारी के बाद हुईं।

❍ कल्याणपुर में मेड-लाइफ, आहूजा व प्रिया अस्पताल में एक साथ की गयी छापेमारी

उन्होंने बताया कि यह छापेमारी स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर की गई थी जिसका नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरिदत्त नेमी कर रहे थे। लाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में डॉक्टर प्रीति आहूजा (50), उसके पति डॉक्टर सुरजीत सिंह आहूजा (54) तथा अर्धचिकित्साकर्मियों-- राजेश कुमार (44), राम प्रकाश (40) और नरेंद्र सिंह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन लोगों पर अवैध अंग प्रतिरोपण में मदद करने का आरोप है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस रैकेट के कथित मास्टरमाइंड शिवम अग्रवाल (32) को भी गिरफ्तार किया गया है जिसने कथित तौर पर खुद को डॉक्टर बताया था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक शुरुआती जांच से पता चला है कि बिहार के एमबीए छात्र आयुष से 10 लाख रुपये में एक गुर्दा लेकर उसे मेरठ की मरीज पारुल तोमर को 60 लाख रुपये में बेच दिया गया था। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर सर्जरी के बाद पारुल और आयुष की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आयुष मेड-लाइफ ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भाजपा में शामिल



नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा कि यह महज औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है और राष्ट्र की सेवा करने का एक बड़ा अवसर भी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में उनका स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने उम्मीद जताई कि पार्टी की ओर से पेस अब अब राजनीति में बड़ी पारी खेलेंगे। पेस (52) रीजीजू और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। टेनिस खिलाड़ी ने हाल में कोलकाता में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की थी, जिसके बाद उनके पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई थीं।

## सेमीकंडक्टर आपूर्ति का हब बन रहा भारत : मोदी

एजेंसी

साणंद (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 21वीं सदी अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आई है और संघर्षों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार आने वाले दशकों के लिए प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सुरक्षा की एक मज़बूत नींव रख रही है। मोदी ने साणंद में केन्स सेमीकॉन के आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया, और इसके साथ ही वहां उत्पादन शुरू हो गया।




उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक बाज़ार में एक भरोसेमंद विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी भूमिका को मज़बूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरह से आज साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु बन गया है। मोदी ने इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र का निर्माण कर रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि जब कोविड महामारी ने आपूर्ति ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बिहार के मंदिर में भगदड़, आठ की मौत

एजेंसी

बिहार शरीफ। बिहार के नालंदा जिले में दीपनगर थानाक्षेत्र के मघड़ा गांव में प्राचीन शीतला माता मंदिर में मंगलवार को भगदड़ मचने से कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-



तफरी का माहौल नजर आया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। भगदड़ के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बिहारशरीफ के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पेट्रोल-डीजल व एलपीजी पर सरकार की सख्त निगरानी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी तथा अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए 12 मार्च से अब तक 17,581 छापे मारे गए और निरीक्षण किए गए हैं। सरकार ने सोमवार देर रात एक बयान में यह जानकारी दी।

❍ प्रदेश के 17 हजार से ज्यादा ठिकानों पर छापे


बयान में कहा गया कि इस अवधि के दौरान, एलपीजी वितरकों के खिलाफ 33 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जबकि अन्य मामलों में 189 प्राथमिकियां दर्ज की गईं और 17 व्यक्तियों की गिरफ्तार किया गया। साथ ही, 224 लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई शुरू की गई है। बयान में बताया गया कि मुख्य सचिव स्तर से जारी निर्देशों के बाद सभी जिलों में प्रशासन सक्रिय है और लगातार निगरानी की जा रही है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति फिलहाल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान के परमाणु केंद्र पर अमेरिकी हमला

एजेंसी

दुबई। अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच मंगलवार तड़के अमेरिकी हमले में ईरान के इस्फहान शहर में स्थित एक परमाणु ठिकाने को निशाना बनाया गया, जबकि तेहरान ने जवाबी कार्वाई में दुबई तट के पास एक कुवैती तेल टैंकर पर हमला किया।

इन घटनाओं ने क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। खबर के अनुसार, इस्फहान में हुए हमले के बाद आसमान में काफी ऊंचाई तक आग फैलती हुई दिखी। यह वही क्षेत्र है जहां पिछले साल जून में भी अमेरिकी सेना ने कार्वाई की



थी। अमेरिकी कार्वाई के बाद भी इस्फहान में ईरान का संवर्धित यूरेनियम संग्रहित होने की आशंका जताई जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले का वीडियो साझा करते हुए कहा कि संघर्ष विराम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विविध सांस्कृतिक विरासत में भारत की शक्ति निहित : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तर-पूर्वी राज्यों से आए युवा दल के साथ संवाद करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी विविध सांस्कृतिक विरासत में निहित है। विभिन्न भाषाएं, परंपराएं और जीवनशैलियां देश को एक सूत्र में बांधकर मजबूत राष्ट्र का निर्माण करती हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत उत्तराखंड पहुंचे इन विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित



संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान युवाओं ने शिक्षा, सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान... शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के संस्थापक, डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयंती पर शहर भर में भंडारे, फल वितरण व बीबीडी विश्वविद्यालय में स्टार नाइट समेत हुए विविध आयोजन

# सेवा, संकल्प के रूप में मनी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयन्ती

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लखनऊ के मेयर रहे डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65 वीं जयन्ती मंगलवार को राजधानी लखनऊ में सेवा, संकल्प के रूप में मनाई गई। जयन्ती पर बीबीडी विश्वविद्यालय में स्टार नाइट सहित शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विराज टावर व पुराना किला स्थित पुश्तैनी आवास पर परिवारजनों, समर्थकों और शहर के गणमान्य लोगों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास सहित बीबीडी परिवार के तमाम सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

बीबीडी ग्रुप के फाउंडेशन डे के अवसर पर शाम बीबीडी परिसर में स्टार नाइट का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध गायिका कनिका कपूर ने अपनी प्रस्तुति दी। यह सांस्कृतिक संध्या डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के जीवन और उनके योगदान को समर्पित रही। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयन्ती के अवसर पर सायं अपने पुश्तैनी आवास




डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयंती पर बच्चों को उपहार देते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास



बीबीडी यूनिवर्सिटी परिसर स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में प्रस्तुति देतीं गायिका कनिका कपूर



गायिका कनिका कपूर को मोमेंटो देकर सम्मानित करते विराज सागर दास, श्रीमती अलका दास, देवांशी दास व सोनाक्षी दास

❍ बीबीडी यूनिवर्सिटी में मशहूर गायिका कनिका कपूर ने दी प्रस्तुति
❍ बीबीडी की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने कनिका कपूर का किया स्वागत
❍ कनिका के गानों पर जमकर झूमे बीबीडियन्स
❍ बीस हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने कनिका के गानों का लिया आनंद

पुराना किला में डॉ. अखिलेश दास फाउण्डेशन द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से विराज सागर दास ने डॉ. अखिलेश दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विराज सागर दास ने कहा कि उनके पिता बीबीडी ग्रुप के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व महापौर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का जीवन समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित था। उनकी विरासत को आगे बढ़ाना ही हमारे लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी और उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि डॉ. अखिलेश दास जी द्वारा शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किये गये हैं। बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप को विश्वस्तरीय बनाने, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, समाज सेवा के क्षेत्र में उनका जो सपना था वह आज साकार हो रहा है। उनकी प्रेरणा से बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ...शेष पृष्ठ 10 पर



कनिका कपूर के गानों पर थिरकते बीबीडियन्स फोटो : अमित वर्मा




डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयंती पर बच्चों को उपहार देते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास

# अलीगढ़ में बनेगा देश का पहला लॉक म्यूजियम

## 10 हजार करोड़ रुपये सालाना के पार जायेगा ताला उद्योग

- शिक्षा, शोध व तकनीकी जागरूकता के लिए स्थायी ज्ञान केंद्र होगा विकसित
- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 50 किमी दूर होगा म्यूजियम, अमेरिका और यूरोप से आ सकेंगे विदेशी पर्यटक

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अलीगढ़ का ऐतिहासिक ताला उद्योग अब वैश्विक पहचान बनने जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अलीगढ़ में देश का पहला लॉक म्यूजियम स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जो इस पारंपरिक उद्योग को संरक्षित करने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ने का काम करेगा। इस पहल से ताला उद्योग का सालाना कारोबार 10 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचने की संभावनाएं भी मजबूत हो गई हैं। सबसे खास बात यह है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से महज 50 किलोमीटर दूर होने के कारण बड़ी संख्या में अमेरिका और यूरोप से विदेशी पर्यटक यहां आ सकेंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर तैयार की जा रही इस योजना का उद्देश्य अलीगढ़ के ताला उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। यह म्यूजियम न केवल एक प्रदर्शनी स्थल होगा, बल्कि एक व्यापक औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पारंपरिक हस्तनिर्मित तालों से लेकर आधुनिक हाई-टेक सुरक्षा प्रणालियों तक की विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां इस उद्योग की तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक यात्रा को समझ सकेंगी।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल अलीगढ़ को उत्तर प्रदेश की वैश्विक औद्योगिक पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। म्यूजियम के माध्यम से युवाओं में कौशल विकास, डिजाइन, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, जिससे उद्योग को नई दिशा प्राप्त होगी। साथ ही शिक्षा, शोध एवं तकनीकी जागरूकता के जरिए यह क्षेत्र नई आर्थिक ऊंचाइयों को छुएगा। सीएम योगी के निर्देश पर म्यूजियम को एक स्थायी ज्ञान केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा, जहां प्रशिक्षण, शोध और तकनीकी विकास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। म्यूजियम बनने से पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ उनकी उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार होगा। वहीं ताला बनाने वाली एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जिससे निर्यात और बाजार विस्तार को नई गति मिलेगी।

यह परियोजना पर्यटन, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। लॉक म्यूजियम के विकसित होने से देश-विदेश के पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा, जिससे स्थानीय व्यापार और सेवाओं को मजबूती मिलेगी। साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिससे युवाओं को नई संभावनाएं मिलेंगी। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल अलीगढ़ के ताला उद्योग को पारंपरिक पहचान से आगे बढ़ाकर आधुनिक और वैश्विक स्वरूप प्रदान करेगी। यह न केवल एक ऐतिहासिक उद्योग को संरक्षित करेगी, बल्कि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक छवि को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाएगी।

# 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन से 2.31 लाख से अधिक बच्चों को मिली सहायता

- प्रदेश में मजबूत हुआ बाल सुरक्षा नेटवर्क, हर जिले में हेल्पलाइन यूनिट सक्रिय
- रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों पर बच्चों की मदद करेगी हेल्पलाइन यूनिट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण को लेकर योगी सरकार का तंत्र अत्यंत सुदृढ़ हो चुका है। महिला कल्याण विभाग की 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को 24 घंटे त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य सरकार की इस पहल के तहत अब तक प्रदेश में 2.31 लाख से अधिक बच्चों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। इनमें संकटग्रस्त, लावारिस, बाल श्रम और उत्पीड़न के शिकार बच्चे शामिल हैं।

यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि प्रदेश में बाल सुरक्षा के लिए एक मजबूत और संवेदनशील तंत्र विकसित किया गया है, जो जरूरतमंदों तक समयबद्ध सहायता पहुंचा रहा है।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि यह सेवा अब जमीनी स्तर पर प्रभावी नेटवर्क के रूप में कार्य कर रही है, जहां हर जिले में हेल्पलाइन यूनिट सक्रिय रूप से संचालित है और संकट में फंसे बच्चों तक तुरंत पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही 77 हजार से अधिक बच्चों को हेल्पलाइन के माध्यम से मदद मिली है, जो इसकी बढ़ती पहुंच और प्रभावशीलता को दर्शाता है।

1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के तहत त्वरित बचाव व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिसमें कॉल प्राप्त होते ही टीम 60 मिनट के भीतर आपात स्थिति में फंसे बच्चों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित निकालती है। यह सेवा 24 घंटे पुलिस सहायता, चिकित्सा सुविधा, आश्रय और कानूनी परामर्श उपलब्ध कराती है, जिससे बच्चों को हर स्तर पर संरक्षण मिलता है। साथ ही, मुसीबत में फंसे बच्चों का बाल कल्याण समिति के माध्यम से पुनर्वास कर उन्हें उनके परिवार से मिलाने की व्यवस्था भी की गई है। 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा को रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक विस्तारित किया गया है, जिससे ऐसे स्थानों पर भटकने वाले या जोखिम में पड़े बच्चों तक तत्काल पहुंच बनाई जा सके।

इसके अंतर्गत राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम, समस्त जनपदों में चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट, 28 रेलवे स्टेशन यूनिट व 11 बस स्टैंड यूनिट की स्थापना की गई है। यह व्यवस्था बाल तस्करी और बाल शोषण जैसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में भी सहायक बन रही है। योगी सरकार का यह मॉडल बाल सुरक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त, जवाबदेह और सक्रिय व्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है।

# अटल आवासीय विद्यालयों में लागू होगा प्रोजेक्ट प्रवीण

- 18 विद्यालयों के 3447 विद्यार्थियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में शिक्षा और कौशल विकास को एकीकृत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा अब प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों में प्रोजेक्ट प्रवीण लागू किया जाएगा, जिसके तहत 3447 विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

यह कदम प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में आगे बढ़ाई जा रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत विद्यार्थियों को आईटी, आईटीईएस, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अब तक यह कार्यक्रम केवल सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में संचालित था, लेकिन अटल आवासीय विद्यालयों को जोड़ने से इसका दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर कराए गए सर्वे के आधार पर विद्यालयों को चयनित किया गया है।

सर्वे के अनुसार आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, गोंडा, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बुलंदशहर, मिजापुर, प्रयागराज, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद स्थित 18 अटल आवासीय विद्यालयों के कुल 3447 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए पात्र पाया गया है। विद्यार्थियों की विशेष रुचि आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एपरेल सेक्टर में देखी गई है। अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत संचालित हो रहे हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों, प्रवासी कामगारों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करना है। कक्षा 6 से 12 तक संचालित इन विद्यालयों में अब आधुनिक कौशल प्रशिक्षण भी जोड़ा जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बल मिलेगा।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण एक 210 घंटे का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें आईटी, ब्यूटी, हेल्थकेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स और इंडस्ट्रियल विजिट भी शामिल हैं। अब इसमें ए वित ।सस मॉड्यूल को भी जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थी तकनीकी रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालयों को इस परियोजना से जोड़ने से वंचित एवं दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी और स्कूल से स्किल मॉडल को मजबूती मिलेगी। इससे विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा और रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# एमएसपी से किसानों को मिलेगा लाभ, पारदर्शी व्यवस्था हमारी प्राथमिकता : शाही

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने व्यापक रणनीति तैयार की है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को लोक भवन में पत्रकारवार्ता में बताया कि चना, मसूर और सरसों की खरीद 7 अप्रैल से 30 जून तक की जाएगी। खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था और डीबीटी भुगतान प्रणाली के माध्यम से संचालित किया जाएगा, जिससे किसानों को सीधे लाभ मिल सके।

कृषि मंत्री ने बताया कि चने का एमएसपी 5875 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर का 7000 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर का 8000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में चने पर 225 रुपये, मसूर पर 300 रुपये और सरसों पर 250 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। राज्य सरकार ने रबी सीजन के लिए खरीद लक्ष्य भी तय किए हैं। चने के लिए 2.24 लाख मीट्रिक टन, मसूर के लिए 6.77 लाख मीट्रिक टन तथा सरसों के लिए 5.30 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर आधार-सक्षम पीओएस मशीनें स्थापित की गई हैं और भुगतान डीबीटी के माध्यम से किसानों के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में भेजा जाएगा। खरीद व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र की एजेंसियों के साथ राज्य की एजेंसियों का समन्वय किया गया है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके।

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग ने विभिन्न योजनाओं पर 5700 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया, जबकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार से राज्य को 303 करोड़ रुपये की बचत हुई। बीज वितरण के तहत 11.25 लाख किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया गया और 12.73 लाख किसानों को मुफ्त बीज वितरित किए गए। जायद फसलों के लिए 31,950 क्विंटल बीज उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में 25.41 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है और सभी 75 जनपदों में इसकी आपूर्ति सुचारु है।

उर्वरकों का वितरण डिजिटल प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बनी हुई है। कृषि मंत्री ने किसानों से 15 मई तक फॉर्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए कहा कि लगभग दो करोड़ किसान पंजीकरण करा चुके हैं, जबकि करीब 50 लाख किसान अभी शेष हैं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कराने से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

## खाद आपूर्ति में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं

**लखनऊ।** प्रदेश में उर्वरक की कम आपूर्ति और डायवर्जन को लेकर कृषि मंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों और कंपनियों को सख्त चेतावनी दी है। विधानसभा स्थित सभागार में सोमवार को उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की जरूरतों के अनुरूप समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कुछ कंपनियों की ओर से आवंटन के बावजूद अपेक्षित मात्रा में आपूर्ति न करने को गंभीर लापरवाही बताया और चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने उर्वरक आपूर्ति की मॉनिटरिंग ठीक से न होने पर संबंधित अधिकारियों को भी फटकार लगाई। कृषि मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब प्रदर्शन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसमें ब्लैकलिस्टिंग, वित्तीय दंड और अन्य दंडात्मक प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने कंपनियों को आगाह किया कि भविष्य में प्रतिबद्धताओं का पालन न करने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उर्वरकों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसी रणनीति बनाई जाए जिससे आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा न आए और किसानों को समय पर उर्वरक मिल सके। बैठक में उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण की प्रभावी निगरानी के लिए सुदृढ़ प्रणाली विकसित करने पर भी जोर दिया गया। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों से उनकी आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े सभी विवरण स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने को कहा गया है तथा किसी भी प्रकार के विचलन पर तत्काल स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश में निर्यात को मिली रफ्तार

## 1.31 लाख करोड़ पार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश निर्यात के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन नीतियों के प्रभाव से प्रदेश का निर्यात दोगुना होने के साथ वैश्विक बाजार में मेड इन यूपी की पहचान मजबूत हुई है। राज्य सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और निर्यातकों को दी जा रही सुविधाओं से प्रदेश देश के अग्रणी निर्यातक राज्यों में तेजी से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। ह्लोकल टू ग्लोबल अवधारणा के तहत प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजार में मांग बढ़ी है।

आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर तक प्रदेश का कुल निर्यात 1,31,328 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,18,223.91 करोड़ रुपये की तुलना में 11.08 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016-17 में 86 हजार करोड़ रुपये का निर्यात 2024-25 में बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा रफ्तार को देखते हुए 2025-26 में नया रिकॉर्ड बनने के संकेत हैं। आईटी/आईटीईएस निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2015 में 15 हजार करोड़ रुपये का निर्यात बढ़कर 2024-25 में 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

प्रदेश के 77 उत्पादों को जीआई पंजीकरण मिल चुका है, जबकि 152 उत्पाद प्रक्रिया में हैं। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ और ग्रेटर नोएडा में स्थापित एक्सपो मार्ट अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से संपर्क का माध्यम बन रहे हैं। वहीं भदोही में विकसित कार्पेट एक्सपो मार्ट कालीन उद्योग को नई गति दे रहा है। इन पहलों से स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक मंच मिल रहा है और प्रदेश का हस्तशिल्प अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल कर रहा है।

# डिप्टी सीएम ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

- बृजेश पाठक ने कहा पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार और सिद्धांत कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर की ओर चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कैंट मंडल दो प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन सत्र में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाए एवं उपलब्धियां, सांसद एवं विधायक द्वारा क्षेत्र के विकास कार्य, पार्टी के इतिहास और विचारधारा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और सिद्धांत आज भी संगठन के कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक हैं उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली और जनसेवा के उद्देश्य से जोड़ना ही इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। एक सक्षम कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन की नींव होता है। अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कि इस महाअभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना है।

उन्होंने बताया कि इसका लक्ष्य पार्टी कार्यकताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें।

मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, राकेश श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, सतीश आडवाणी, हरशरण लाल गुप्ता, मान सिंह, नामित पार्षद संतोष बलखंडी जी, अध्यक्ष कैंट मंडल दो महेंद्र राजपूत, मंडल महामंत्री कुलदीप मिश्रा, पवन लोधी, वार्ड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, बूथ अध्यक्ष राजेश सैनी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपालों से हो रहा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान

**लखनऊ।** प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों से आम जनता संकट में

- रसोई गैस सिलेंडर लिए देश में जगह-जगह दिख रही है लाइन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गिरने के मामले में रुपये और भाजपा की छवि के बीच जबरदस्त मुकाबला चल रहा है। जैसे-जैसे भाजपाई लोगों के कांड-कुकर्मों और भ्रष्टाचार का पदार्फाश हो रहा है वैसे-वैसे भाजपाई छवि और भी नीचे गिरती जा रही है। भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के खुलासे तो हो रहे हैं लेकिन इस्तीफे नहीं। भाजपा में हमेशा नैतिक दिवालियापन रहा है, अब तो वो पराकाष्ठा पर है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता संकट में फंस गई है। रुपए की कीमत लगातार गिरती जा रही है। महंगाई बढ़ती जा रही है। रसोई गैस सिलेंडर लिए देश में जगह-जगह लाइन दिख रही है। युद्ध के कारण आए ऊर्जा संकट को लेकर इस सरकार में कोई तैयारी नहीं की। भाजपा सरकार देश की जनता को गुमराह करती रही।

भाजपा सरकार में देश की विदेश नीति विदेशी तय कर रहे हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है लेकिन युद्ध से पैदा हुए वैश्विक संकट में सरकार तमाशाई बनी रही। इस विनाशकारी लड़ाई का असर हमारी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ आम जनता पर पड़ रहा है।

# जिला मुख्यालयों से जुडेंगी ग्राम पंचायतें

- सीधे परिवहन सुविधा होगी उपलब्ध
- 20 क्षेत्रों से 1010 औश्र लखनऊ क्षेत्र से आये 42 आवेदन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के हजारों गांवों को सार्वजनिक परिवहन की सुविधा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसें चलाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से संचालित सभी 20 क्षेत्रों से आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च तक लगभग 1010 आवेदन प्राप्त हुए है।

यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि अप्रैल में चयन प्रक्रियां पूरी कर ली जाएगी, ताकि मई से ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन शुरू कराया जा सके। उन्होंने बताया कि लखनऊ क्षेत्र से 42, अयोध्या से 20, अलीगढ़ से 87, आगरा से 38, आजमगढ़ से 43, इटावा से 27, कानपुर से 24, गाजियाबाद से 37, गोरखपुर से 40, चित्रकूट बांदा से 39, झांसी से 59, देवीपाटन से 25, नोएडा से 12, प्रयागराज से 118, बरेली से 41, मुरादाबाद से 78 ,मेरठ से 36, वाराणसी से 90, सहारनपुर से 144 एवं हरदोई क्षेत्र से 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस योजना से जुड़े मामलों में गंभीरता से काम किया जाए और प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से प्रदेश की 59,163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सुविधा से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। करीब 12,200 गांवों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निजी मिनी बसों के संचालन की व्यवस्था की जा रही है।

प्रदेश सरकार की मंशा ग्रामीण मार्गों पर 15 से 28 सीट क्षमता वाली निजी मिनी बसों के संचालन की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत को सुगम एवं सस्ती परिवहन सेवा से जुड़े हेतु प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकास खण्डों, तहसील एवं जनपद मुख्यालय से सीधे परिवहन सुविधा से शत-प्रतिशत जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के दूरस्थ एवं असंबद्ध ग्राम पंचायत को मुख्य धारा से जोड़ने और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक परिवहन सेवा पहुंचाना इस योजना का मुख्य आधार है।

ग्रामीण जनता को ब्लॉक तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी और सुरक्षित पहुंच प्रदान करना साथ ही निजी क्षेत्र के बस संचालकों के माध्यम से उन ग्रामीण मार्गों पर सेवा प्रदान करना, जहां परिवहन निगम की कम बसें संचालित है, इस योजना का मुख्य उद्देश्य है।

# कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का शुभारंभ

- तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान जुटेंगे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कुशीनगर के महापरिनिर्वाण स्थल से विश्व शांति का संदेश देने वाला अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन मंगलवार से शुरू हो गया। 2 अप्रैल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान, नीति-निमार्ता और युवा एक मंच पर जुटेंगे। सम्मेलन में भगवान बुद्ध की करुणा, शांति और शिक्षाप्रद संदेशों की वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में प्रासंगिकता पर गहन मंथन किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में जब दुनिया के अनेक हिस्सों में संघर्ष और अनिश्चितता का माहौल है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध के जीवन संदेश सकारात्मक मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने बताया कि कुशीनगर में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वैश्विक स्तर पर शांति, सहअस्तित्व और आपसी समझ को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल है। कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का शुभारंभ मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद बुद्धा लाइफ गैलरी का उद्घाटन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर कुशीनगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अतिथियों का स्वागत किया।

आरआईएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज वशिष्ठ ने बौद्ध दर्शन की आज के दौर में प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। सम्मेलन में बुद्धाज कुशीनगर विषय पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। वहीं, स्थानीय विधायक और सांसद ने भी सम्मेलन की अहमियत को रेखांकित करते हुए अपने विचार साझा किए। औपचारिक उद्घाटन समारोह के बाद शांति उपवन में धम्म, संवाद और विकास विषय पर छात्र चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने कलाकृतियों के माध्यम से बौद्ध शिक्षा एवं मूल्यों को सृजनात्मक ढंग से अभिव्यक्त किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात सम्मेलन के शैक्षणिक सत्रों का शुभारंभ हुआ। प्रथम सत्र भिक्षुओं के दृष्टिकोण से बौद्ध धर्म विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें बौद्ध दर्शन के व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद बौद्ध-जैन समागम विषय पर आयोजित सत्र में दोनों धर्मों की समानताओं, ऐतिहासिक संबंधों एवं समकालीन प्रासंगिकता पर चर्चा हुई।

सम्मेलन के तीसरे सत्र में उस वक्त माहौल खास हो गया, जब उप्र सरकार के पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने मुख्य वक्तव्य दिया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रदेश के समृद्ध बौद्ध स्थलों, पर्यटन आकर्षणों, पारंपरिक कला-शिल्प और सांस्कृतिक विरासत की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत की। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के पहले दिन बौद्ध धर्म-धम्म, संवाद और विकास विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। दूसरे दिन (01 अप्रैल), विकसित कुशीनगर 2047 आगे की राह, कुशीनगर, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री हब की संभावनाएं तथा निवेश के अवसर एवं इन्वेस्ट यूपी व राज्य नीतियों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के तीसरे दिन (02 अप्रैल) बौद्ध धर्म अंतरराज्यीय समन्वय, कुशीनगर के लिए पांच वर्षीय धम्म आधारित विजन-2030 तक की रूपरेखा तथा युद्ध के समय में बुद्ध की प्रासंगिकता-विश्व को आत्ममंथन जैसे विषयों पर सत्र आयोजित होंगे।

# दाखिल खारिज की नयी दरें आज से लागू

## नगर निगमः पारिवारिक संपत्तियों के नामांतरण पर लगने वाला शुल्क हुआ कम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संपत्ति नामांतरण (दाखिल-खारिज) के शुल्क में 1 अप्रैल 2026 से नई दरें लागू होंगी। नई व्यवस्था के तहत पारिवारिक संपत्तियों के नामांतरण पर लगने वाला शुल्क कम किया गया है, जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी। नई व्यवस्था में अलग-अलग श्रेणियों के अनुसार शुल्क निर्धारित किया गया है। बैनामा, उत्तराधिकार, वसीयत और पारिवारिक बंटवारे जैसे मामलों में संशोधित दरें लागू होंगी। प्रदेशभर के नगरीय निकायों में नामांतरण शुल्क के नाम पर चल रही मनमानी वसूली पर शासन ने नगर निगम (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन) मानक उपविधि 2025 लागू की है।

करीब पांच महीने पहले नगर निगम सदन और कार्यकारिणी ने गृहकर दाखिल खारिज शुल्क में कमी की थी। नई दरों को लागू करने के लिए, चार दिसंबर को सार्वजनिक सूचना जारी कर आपत्ति सुझाव मांगे गए थे। इसके लिए 15 दिन का मौका दिया गया था। पूरी अवधि में एक ही आपत्ति आई थी, जिसका निस्तारण समिति ने कर दिया।

नगर निगम अभी पारिवारिक संपत्ति के नामांतरण पर तय 5000 रुपये फीस लेता है। यह फीस ईडब्ल्यूएस मकान से लेकर बड़े मकान वालों तक के लिए समान है। इस पर लोग आपत्ति कर रहे थे। उसके बाद शासन ने इसे कम किया, जिसके बाद नगर निगम सदन ने भी शुल्क कम कर दिया। इसी तरह बैनामे के आधार पर खरीदी जाने वाले संपत्तियों का भी दाखिल खारिज शुल्क और कम किया गया है। पहले यह एक प्रतिशत था। शासन की नई नियमावली जारी होने के बाद इसे और कम किया गया।

### बैनामे के आधार पर संपत्ति नामांतरण पर अभी है यह शुल्क

| | |
|---|---|
| 5 लाख रुपये कीमत तक की संपत्ति पर | 3500 |
| 5 लाख से अधिक से और 10 लाख रुपये कीमत तक | 5500 |
| 10 से अधिक और 20 लाख रुपये कीमत तक | 7500 |
| 20 लाख से अधिक और 30 लाख रुपये कीमत तक | 9500 |
| 30 लाख रुपये से अधिक कीमत वाली संपत्तियों पर | 10000 |

### अब यह शुल्क लगेगा

| | |
|---|---|
| 5 लाख रुपये कीमत तक | 1000 |
| 5 से 10 लाख कीमत तक | 2000 |
| 10 से 15 लाख कीमत तक | 3000 |
| 15 से 50 लाख कीमत तक | 5000 |
| 50 लाख से अधिक कीमत पर | 10000 |

### उत्तराधिकार और वसीयत के मामलों में अब यह होगा शुल्क

| | |
|---|---|
| 1000 वर्ग फीट तक के मकान पर | 1000 |
| 1001 से 2000 वर्ग फीट तक के मकान | 2000 |
| 2001 से 3000 वर्ग फीट तक के मकान | 3000 |
| 3000 वर्ग फिट से अधिक के मकान | 5000 |

# आबकारी ई-लॉटरी द्वितीय चरण प्रक्रिया आज से शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप एवं भांग की ई-नवीनीकरण एवं प्रथम चरण ई-लाटरी के पश्चात अवशेष एवं नवसृजित कुल 1506 फुटकर दुकानों के आवंटन के लिए द्वितीय चरण ई-लॉटरी प्रक्रिया के लिए आवेदन आज से आबकारी विभाग की वेबसाइट पर आरंभ कर दी गई है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं ऑनलाइन माध्यम से संपन्न कराई जाएगी।

आबकारी विभाग की ओर से जारी नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश भर की मदिरा दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा सुगमता सुनिश्चित हो सके। इच्छुक आवेदक निर्धारित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि छह अप्रैल है। आवश्यक शर्तें तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।

# शहर में कूड़े से बनेगी बिजली, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की प्रक्रिया शुरू

- 200 करोड़ की लागत से होगा प्लांट का निर्माण
- नगर निगम ने कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए जारी कर दिए टेंडर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम के सदन से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का प्रस्ताव पास होने के बाद अब कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे जल्द ही 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वेस्ट टू एनर्जी प्लांट (कचरे से बिजली बनाने वाला) का रोड मैप तैयार होगा। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम ने कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए आधिकारिक तौर पर टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

प्लांट के निर्माण पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य शहर के कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करना और उससे ऊर्जा पैदा करना है। नियुक्त होने वाला कंसल्टेंट प्लांट की रूपरेखा, तकनीक और संचालन की बारीकियों पर काम करेगा। कंसल्टेंट को जिम्मेदारी मिलने के बाद दो महीने के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपनी होगी।

अपर नगर आयुक्त डॉ अरविंद राव ने बताया कि, इस प्लांट के शुरू होने से शहर में कूड़े के पहाड़ों से मुक्ति मिलेगी। बिजली उत्पादन के एक नए स्रोत का विकास होगा। नगर निगम की इस पहल से उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में लखनऊ का नाम देश के सबसे स्वच्छ और ऊर्जा-कुशल शहरों में प्रमुखता से लिया जाएगा। नगर निगम के सदन से भी प्लांट बनाने का प्रस्ताव पास हो गया है। इसके बाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# कूड़ा प्रबंधन में लगेंगे 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहन




- 110 वार्डों में शत-प्रतिशत कूड़ा कलेक्शन व सस्टेनेबल सिटी मॉडल की दिशा में बड़ा कदम
- नये वाहनों के जुड़ने से कूड़ा प्रबंधन प्रणाली होगी मजबूत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बुधवार को अहम पहल होने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रातः 11 बजे अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग से 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों का लोकार्पण (फ्लैग ऑफ) करेंगे। यह पहल हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नगर निगम की ओर से शहर के सभी 110 वार्डों में घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों से निकलने वाले कूड़े का शत-प्रतिशत एकत्रीकरण, परिवहन और प्रोसेसिंग सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था लागू की गई है। इस कार्य का संचालन चयनित संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है, जिसकी प्रतिदिन निगरानी भी सुनिश्चित की जाती है।

नगर निगम के कमांड एवं कंट्रोल रूम से कूड़ा उठान कार्य का सीधा प्रसारण देखा जा सकता है। साथ ही नागरिकों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम नंबर 1533 एवं टोल फ्री नंबर 18001234999 और 1800206172 पर शिकायत दर्ज कराकर त्वरित समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। कूड़ा एकत्रीकरण में डीजल चालित वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल वायु प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि शहर में स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण भी सुनिश्चित होगा। यह नीति सतत विकास के सिद्धांतों के अनुरूप है और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाने की दिशा में प्रभावी कदम मानी जा रही है।

**ई-वाहनों का बढ़ता बेड़ा और आधुनिक सफाई व्यवस्था :** वर्तमान में लखनऊ में 981 इलेक्ट्रिक एवं 169 सीएनजी वाहनों के माध्यम से कूड़ा एकत्रीकरण कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, शहर की प्रमुख सड़कों की सफाई 50 से अधिक मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों (ई-वाहनों) के माध्यम से प्रतिदिन कराई जा रही है। नए 250 वाहनों के जुड़ने से कूड़ा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक गति और मजबूती मिलने की उम्मीद है। ई-वाहनों के सुचारु संचालन के लिए शहर में 13 स्थानों पर 520 चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इससे न केवल वाहनों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में और अधिक ई-वाहनों के संचालन के लिए भी आधार तैयार होगा।

इस पूरी व्यवस्था से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से लगभग 10,000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। साथ ही सर्कुलर इकोनॉमी को ध्यान में रखते हुए वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को भी मजबूती मिल रही है, जिससे कूड़े को संसाधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में कार्य हो रहा है। नगर निगम की ओर से उठाए जा रहे इन कदमों से न केवल शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन की संभावना भी बढ़ेगी। यह पहल लखनऊ को एक आदर्श सस्टेनेबल अर्बन मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# आलोक रंजन को समन्वयक समिति का अध्यक्ष चुना गया

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव एवं समाजसेवी शेखर श्रीवास्तव ने संयुक्त बयान में बताया कि आज लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों के कायस्थ चित्रांश संगठन के पदाधिकारी एवं प्रांतीय संगठन के पदाधिकारी व गणमान्य बिरादरी के लोगों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को समन्वयक समिति का अध्यक्ष चुना गया। अभा कायस्थ महासभा के अध्यक्ष इंद्रसेन श्रीवास्तव एवं अभा चित्रांश महासभा के अध्यक्ष संजीव वर्मा ने अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व आईएएस अधिकारी डी एन लाल ने इस प्रयास की सराहना की। मुख्य अतिथि आलोक रंजन ने पद को स्वीकार किया एवं बिरादरी के नौजवानों से अपील किया की प्रशासनिक सेवा में ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी बढ़ाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमल वर्मा ने कहा कि समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर इस अभियान को आगे बढ़ाने में मदद करें। उक्त अवसर पर उपस्थित फाउंडर अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त वीरेंद्र सक्सेना ने कहा की सही व्यक्ति और सही दिशा में यह प्रयास है और उन्होंने बधाई दिया।

इस अवसर पर स्व. विनोद बिहारी वर्मा के द्वारा चित्रांश की सेवा को भी याद किया। कार्यक्रम में डॉ रमेश चंद्र श्रीवास्तव, सुबोध श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव,संतोष निगम, , अमित श्रीवास्तव त्यागी, दीपक रंजन, अंशु, पुष्पेंद्र , देवेश, अरुण निगम, बालकेश्वर, विकास, रितु खरे, मिथिलेश, ममता , नकुल सक्सेना, इंदिरा नगर के राजेंद्र श्रीवास्तव, गोमती नगर के राजेश श्रीवास्तव , अतुल श्रीवास्तव , विक्रम नगर के मुनेंद्र श्रीवास्तव ,संगत , पंकज , मनोज लाल ,आरके श्रीवास्तव ,मोहित श्रीवास्तव , आनंद श्रीवास्तव , दिनेश खरे इत्यादि ।विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# डॉ. जीपी गुप्ता ने सिविल अस्पताल के निदेशक का पदभार संभाला

**लखनऊ।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय की निदेशक डॉ. कजली गुप्ता की सेवानिवृत के उपरांत चिकित्सालय के सभागार में भव्य सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इसके बाद चिकित्सालय के निदेशक का पदभार लोकप्रिय वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉक्टर जी पी गुप्ता ने ग्रहण किया।

चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेश चंद्र पांडे, चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस आर सिंह, चीफ फार्मासिस्ट सुनील यादव, जीसी दुबे, सरवन चौधरी, आनंद प्रकाश मिश्रा, महेंद्र रावत,रजनीश पांडे, प्रशासनिक अधिकारी मनोज उपाध्याय, वरिष्ठ सहायक उमेश क्वात्रा, अनिल कुमार आदि ने डा कजली गुप्ता का सम्मान किया और नये निदेशक को बधाइयां दीं। सम्मान समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मियों ने डॉ कजली गुप्ता के सिविल अस्पताल में किए गए कार्यों की सराहना की।

# यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप और व्हाट्सऐप चैट बॉट का अधिक उपयोग हो : रिया केजरीवाल

- स्मार्ट मीटर का पैसा जमा होने के 2 घण्टे बाद सप्लाई बहाल होगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने कहा कि यदि स्मार्ट प्रीपेड़ मीटर का बकाया पैसा जमा करने के दो घण्टे बाद बिजली आयेगी। इसके बाद भी बिल बकाया हो जाता है तो तीन दिन तक बिजली नही कटेगी। एमडी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि विभाग का लक्ष्य सभी कार्यों को आनलाईन करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य है जिससे व्यवस्था पारदर्शी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बिजली जुड़वाने के लिए लाइनमैन को ढूंढने की जरूरत नहीं है।

यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपने मीटर की लाइव रीडिंग, बैलेंस और खपत की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा लाखों संदेश भेजे जा रहे हैं और प्रतिदिन 100 लोगों की विशेष टीम फोन कॉल के माध्यम से फीडबैक ले रही है। स्मार्ट मीटर की रीडिंग में गड़बड़ी की शिकायतों पर एमडी ने कहा कि विभाग ने 69 हजार चेक मीटर लगाए थे, जिनमें से किसी में भी अंतर नहीं पाया गया। हालांकि, उन्होंने ईईएसएल के पुराने स्मार्ट मीटरों में आने वाली तकनीकी समस्याओं को स्वीकार किया।

उन्होंने बताया कि मध्यांचल में अब तक लगभग 3,46,000 स्मार्ट मीटर लगे हैं, जिनमें से शिकायत मिलने पर 52 हजार मीटर बदले जा चुके हैं।

एमडी ने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में दो जोन में पूरी तरह से ट्रिपिंग विहीन बनाया गया है। लेसा के सभी जोन में लाइनों और ट्रांसफार्मरों के मेंटेनेंस पर काम किया जा रहा है। जिससे लो वोल्टेज और बिजली कटने की समस्याओं में सुधार हुआ है। अब एक मोबाइल नंबर से अधिकतम तीन बिजली कनेक्शन ही जोड़े जा सकेंगे। अधिक कनेक्शन होने पर उपभोक्ताओं तक महत्वपूर्ण सूचनाएं नहीं पहुंच पाती थीं, जिससे रिचार्ज खत्म होने पर बिजली कटने की समस्या आती थी।

एमडी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप और व्हाट्सऐप चैट बॉट का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने सलाह दी कि बिजली विच्छेदन (डिस्कनेक्शन) की असुविधा से बचने के लिए अपना बैलेंस हमेशा पॉजिटिव रखें। किसी भी शिकायत के लिए उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आंकड़ों की ताकत के सामने सपा का भ्रम ढह गया : डॉ. राजेश्वर

- आर्थिक ताकत में भारत का उदय, विपक्ष की निराधार आलोचना विफल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा प्रमुख के हालिया बयान न तो आश्चर्यजनक हैं और न ही नए। जिनकी राजनीति तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार, अंधविश्वास और परिवारवाद पर आधारित रही हो, उनके द्वारा नैतिकता और अर्थव्यवस्था पर प्रश्न उठाना अपने आप में विरोधाभास है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर बिना वैश्विक परिप्रेक्ष्य को समझे की गई टिप्पणियां न केवल हास्यास्पद हैं, बल्कि बौद्धिक सतहीपन को भी उजागर करती हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सपा के शासनकाल में उत्तर प्रदेश गुंडाराज और अराजकता का पर्याय बन चुका था। व्यापारी और निवेशक भय के माहौल में काम करने को मजबूर थे तथा भ्रष्टाचार और परिवारवाद उनकी पहचान बन गए थे। यह भी विडंबना है कि जो लोग अंधविश्वास के कारण नोएडा जाने से बचते थे, वे आज अर्थव्यवस्था और नैतिकता पर प्रवचन दे रहे हैं।

आज भारत और उत्तर प्रदेश विकास, निवेश और सुशासन के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जनता अब भ्रम में नहीं, बल्कि तथ्यों और विकास के साथ खड़ी है।

# भाषा विवि को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्वीकृति

- विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में प्रस्तावित 10 शोध परियोजनाओं को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की गयी स्वीकृति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में प्रस्तावित 10 शोध परियोजनाओं को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इन शोध पहलों का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता, प्रशासनिक दक्षता एवं सांस्कृतिक अध्ययन के क्षेत्रों में नवाचार को प्रोत्साहित करना है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डॉ. शचीन्द्र शेखर को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य संचार की उत्कृष्टता विषय पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में 3.50 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है।

शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. नालिनी मिश्रा को ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों के बीच शैक्षिक जागरूकता को बढ़ावाह्व विषय पर 3.50 लाख की शोध परियोजना प्रदान की गई है। यह परियोजना ग्रामीण किशोरियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक एवं संरचनात्मक बाधाओं की पहचान करने तथा उनके समाधान हेतु प्रभावी रणनीतियाँ विकसित करने पर केंद्रित है। इसी क्रम में डॉ. सैयद काजिम असगर रिजवी (पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग) को स्वच्छ भारत मिशन के संदर्भ में मीडिया की भूमिकाह्व विषय पर शोध अनुदान प्रदान किया गया है। फारसी विभाग के डॉ. आरिफ अब्बास को ह्लरामायण के फारसी अनुवादों का वर्णनात्मक अध्ययन विषय पर सहायता दी गई है, जिससे भारतीय एवं फारसी साहित्यिक परंपराओं के अंतसंबंधों को नई दृष्टि मिलेगी।

व्यवसाय एवं प्रशासन विभाग के प्रो. मुशीर अहमद को दिव्यांगजनों हेतु सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने के उपायह्व विषय पर परियोजना प्रदान की गई है। वहीं प्रो. सैय्यद हैदर अली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में अवसंरचनात्मक एवं शैक्षणिक चुनौतियाँ विषय पर शोध हेतु स्वीकृति दी गई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इनके व्यावहारिक परिणाम समाज तक पहुँचकर सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे।

शोध निदेशक प्रो. चन्दना डे के अनुसार, विश्वविद्यालय के पाँच विभागों को विभिन्न शोध परियोजनाओं के लिए कुल 15.80 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजनाह्व के अंतर्गत विश्वविद्यालय के चार शिक्षकों को शोध एवं शैक्षणिक नवाचार के लिए अनुदान स्वीकृत किया गया है। शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. श्वेता अग्रवाल को बाराबंकी जनपद के गैर-सरकारी डिग्री कॉलेजों की स्थिति के अध्ययन हेतु 2.30 लाख की राशि प्रदान की गई है, जबकि अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. उधम सिंह को लखनऊ जनपद के स्टार्टअप्स की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर शोध के लिए 2.50 लाख स्वीकृत किए गए हैं।

गृह विज्ञान विभाग की डॉ. तहीर फातमा को ग्रामीण किशोरियों में ह्लमासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छताह्व विषय पर शोध के लिए 2.95 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ है। वहीं कंप्यूटर साइंस विभाग के डॉ. रजा अब्बास हैदरी को क्लाउड कंप्यूटिंग के उन्नत तकनीकी मॉडल पर शोध हेतु 1.37 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इन सभी शोध परियोजनाओं के माध्यम से भाषा विश्वविद्यालय अनुसंधान, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए समाजोपयोगी ज्ञान के सृजन और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पर्यटन और संस्कृति विकास से बदलेगा प्रदेश का स्वरूप

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने अपनी प्रगति और योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। विभाग ने स्पष्ट किया कि स्वीकृत परियोजनाओं को तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारना प्राथमिकता है, ताकि प्रदेश में पर्यटन और सांस्कृतिक विकास को और गति मिल सके। इससे पहले पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक कर वित्तीय स्वीकृतियों, आवंटन और व्यय की स्थिति का आकलन करते हुए पारदर्शी और समयबद्ध बजट उपयोग के निर्देश भी दिए थे।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 1801.30 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष द्वारा 1729.22 करोड़ रुपये की लगभग 96 प्रतिशत स्वीकृति दी जा चुकी है। वहीं, संस्कृति विभाग के बजट खर्च को लेकर ताजा आंकड़ों के मुताबिक विभाग ने अपने आवंटित बजट का अच्छा उपयोग किया है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि योजनाओं को जमीन पर उतारने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 200 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष 186.9618 करोड़ रुपये लगभग 93.48 प्रतिशत की स्वीकृति दी जा चुकी है।

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में बजट का उपयोग पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार केवल परियोजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि आम जनता और पर्यटकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने के उद्देश्य से कई महत्त्वाकांक्षी और विश्वस्तरीय परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इनमें अल्पज्ञात पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों का समग्र विकास, लखनऊ में प्रस्तावित अत्याधुनिक नौसेना संग्रहालय, अयोध्या में लव-कुश पार्क, श्रद्धा, रामायण वैक्स म्यूजियम तथा अत्याधुनिक रामकथा संग्रहालय जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं।

इसके साथ ही फिरोजाबाद में ग्लास म्यूजियम और उत्तर भारत का पहला आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम भी प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नए आयाम देने का कार्य करेंगे। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश न केवल अपनी समृद्ध परंपराओं को सहेज रहा है, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक और प्रस्तुति के साथ वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। मंत्री जयवीर सिंह ने आगे कहा कि सरकार का स्पष्ट लक्ष्य उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसके लिए पर्यटन स्थलों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को भी मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के जनपदों से होकर गुजरने वाले प्रमुख राजमार्गों के किनारे आधुनिक वे-साइड एमेनिटीज विकसित करने को प्राथमिकता दी जा रही है।

इन सुविधाओं में स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय, उच्च गुणवत्ता वाले फूड कोर्ट, पर्याप्त पार्किंग, ईंधन की उपलब्धता, सीसीटीवी आधारित सुरक्षा व्यवस्था तथा यात्रियों के लिए आरामदायक विश्राम स्थल शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इन वे-साइड एमेनिटीज के विकास से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। छोटे व्यापारियों, हस्तशिल्प कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को भी इन केंद्रों के माध्यम से एक नया बाजार मिलेगा, जिससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# लविवि : एमए, एमएससी समेत 17 कोर्सों के नतीजे जारी


वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत परास्नातक स्तर के 17 पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमए मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, पत्रकारिता एवं जनसंचार, अरेबिक, गणित, संस्कृत और एमएससी फॉरेंसिक, न्यूट्रिशियन के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी हुआ है।

इसी तरह एमबीए टीटीएम, बिजनेस एनालिटिक्स, एफसी, एचआर, आईबी व मार्केटिंग पाठ्यक्रम के भी प्रथम सेमेस्टर का नतीजा विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी एलयू की वेबसाइट पर अपने अनुक्रमांक व जन्म तिथि के जरिए देख सकते हैं।

# संविदा कर्मी की कोरोनाकाल में मौत, पत्नी को नौकरी से निकाला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कोरोना में जब कोई घर से बाहर नही निकलना चाहता था उस समय बिजली उपकेन्द्रों पर तैनात संविदाकर्मी उपभोक्ताओं की समस्या घर जाकर समाधान कर रहे थे। कई ऐसे थे जो कोरोना काल में ही अपना जिवन त्याग दिया। लेकिन सरकार और विभाग ने ऐसे संविदा कर्मचरियों को योद्वा मानकर उन्हे सम्मानित भी किया। और जो संविदा योद्वा अपना जिवन त्याग दिये उनके जगह पर उनकी पत्नी को संविदा के तौर पर रख लिया गया। लेकिन वर्तमान में मध्यांचल के अधिकारी और एमडी उन्हे में नौकरी से निकाल रहे है।

राजभवन में तैनात संविदाकर्मी विजय का कोरोना काल में ही मृत्यु हो गयी थी। बिजय के मौत होने पर उसके तीन बेटी और पत्नी बेरोजगार हो गये। ऐसे में तत्कालिन मुख्य अभियंता ने उसकी पत्नी दुर्गावती को संविदा पर रख लिया जिससे उसके परिवार का पेट पलने लगा। लेकिन अचानक बीते सप्ताह उसे भी वर्टिकल व्यवस्था में निकाल दिया गया जिससे वह दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है। इसकी तरह राजभवन डिवीजन में तैनात शिव कुमार की भी कुछ यही कहानी है। लेकिन शिवकुमार के पत्नी सुनीता को भी नौकरी से निकाल दिया गया है।

संविदा कर्मियों को कार्य के आधार पर रखा जाता है। ऐसा हुआ है तो इसकी जांच कर न्याय किया जायेगा

**रवि अग्रवाल, मुख्य अभियंता सेन्ट्रल जोन**

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक का कमरे में मिला शव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जानकीपुरम क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गयी। दो दिन से कॉल रिसीव न होने पर परिजन ने पड़ोसी को फोन मिलाकर युवक से बात कराने को कहा। दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों ने परिजन को जानकारी दी। परिजन की मौजूदगी में पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे में युवक का शव औंधे मुंह बेड पर पड़ा मिला। छानबीन के दौरान पुलिस को कमरे में दवाएं और पर्चे मिले। परिजन ने पुलिस को बताया कि नौकरी छूटने के बाद से तनाव में रह रहे युवक का इलाज चल रहा था।

जानकीपुरम विस्तार निवासी रिशिंद्र (40) कॉल सेंटर में नौकरी करते थे। परिजन ने बताया कि कुछ समय पहले रिशिंद्र की नौकरी छूट गई थी। उसके बाद से उसकी मानसिक हालत बिगड़ गई थी। उसका इलाज भी चल रहा था। बहन अपर्णा ने बताया कि दो दिन से वह रिशिंद्र को फोन मिला रही थी, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रही थी। दो दिन बाद बहन ने मंगलवार को फिर से फोन मिलाया। इस बार भी कॉल रिसीव न होने पर अपर्णा ने पड़ोसी को फोन मिलाकर भाई के घर जाकर बात कराने का अनुरोध किया।

पड़ोसी रिशिंद्र के घर गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। कई आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसपर पड़ोसी वापस लौट आए। कुछ देर बाद बहन पहुंची। लेकिन दरवाजा न खुलने पर अपर्णा ने डॉयल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा। भीतर गई तो कमरे में रिशिंद्र का शव बेड पर औंधे मुंह पड़ा था। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली तो दवाएं और पर्चे मिले। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी ने बताया कि मौत की वजह जाननने के लिए विसरा सुरक्षित कर लिया है।

**डिप्रेशन में युवक ने फांसी लगाकर दी जान:** काकोरी थाना क्षेत्र के मिजार्गंज गल्लामंडी में सोमवार देर रात डिप्रेशन के चलते अधेड़ ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में बेटा कमरे में गया तो पिता को फंदे से लटका देखकर चीख पड़ा। शोर सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिजार्गंज गल्लामंडी निवासी राजहंस (45) प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी मामता, एक बेटा शिवांश और बेटी अनन्या है। भाई रंजीत ने बताया कि राजहंस कई दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे। सोमवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चले गए। रात करीब साढ़े बारह बजे बेटा शिवम उठा और पिता के कमरे में गया। वहां पिता पंखे से साड़ी के सहारे लटका वह चीख पड़ा। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने परिवारवालों से बात कर छानबीन की।

**सड़क हादसे में घायल महिला की 12 दिन बाद मौत:** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल 70 वर्षीय महिला नन्हक्की की इलाज के दौरान 12 दिन बाद मौत हो गई। हादसा 19 मार्च की शाम करीब 6 बजे हुआ था, जब वह दवा लेकर घर लौट रही थीं।

नन्हक्की (पत्नी ईश्वरदीन), ग्राम जद्दा खेड़ा मजरा कसमंडी खुर्द की निवासी थीं। पावर हाउस चौराहे से लौटते समय पुलिया के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपी का साथी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। घायल महिला को पहले सीएचसी मलिहाबाद ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट की आशंका जताते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने 20 मार्च को मृतका के पति ईश्वरदीन की तहरीर पर आरोपी शाहरुख (निवासी कसमंडी खुर्द) के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## फिनायल पी लेने से बच्चे की मौत

लखनऊ। मड़ियांव क्षेत्र में सोमवार को मासूम ने धोखे में घर में रखा हुआ फिनायल पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान देर रात मासूम की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की।

बसंतनगर निवासी विपिन बाजपेई प्राइवेट नौकरी करते है। परिवार में पत्नी मामता और एक बेटी है। उन्होंने बताया कि बेटे भास्कर (06) की मानसिक हालत ठीक नहीं चल रही थी। उसका इलाज चल रहा था। सोमवार को भास्कर ने धोखे से घर पर रखा हुआ फिनायल पी लिया। कुछ देर बाद उसे खून की उल्टियां होने लगी। आनन-फानन में परिजन मासूम को लेकर ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। देर रात इलाज के दौरान भास्कर की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने मासूम की मौत की खबर पुलिस को दी। जानकारी पर मड़ियांव पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने परिजन से बात कर घटना की जानकारी ली। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। डॉक्टरों ने विसरा सुरक्षित कर लिया।

# दोहरे हत्याकाण्ड में अभय सिंह समेत पांच लोग बरी

● हत्याकांड में शत्रुघ्न सिंह एवं जितेंद्र त्रिपाठी की गोली मारकर हुई थी हत्या

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाजार खाला थाना क्षेत्र में 19 साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में माफिया अभय सिंह, रविंद्र सिंह उर्फ रज्जू, अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही व फिरोज अहमद को एमपी/ एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। पत्रावली के अनुसार इस हत्याकांड में शत्रुघ्न सिंह एवं जितेंद्र त्रिपाठी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना की रिपोर्ट 31 मार्च 2007 को मृतक शत्रुघ्न सिंह के पिता नारद मुनि सिंह ने रात्रि लगभग 12:00 बजे बाजार खाला थाने में दर्ज कराई थी।

इसमें कहा गया था कि घटना के दिन जब वह रात करीब 9:00 बजे ईदगाह के सामने मंदिर में थे, तभी उनकी पूर्वांचल टेंट हाउस की दुकान पर फायरिंग की आवाज सुनाई दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने देखा कि दो हमलावार हाथ में पिस्तौल लिए हुए थे और दोनों जान से मारने की नीयत से शत्रुघ्न सिंह उर्फ छोटू के ऊपर फायर कर रहे थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि जब वह और उनका नौकर जितेंद्र त्रिपाठी बचाने दौड़े तो उन्होंने जितेंद्र के ऊपर भी फायर कर दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। यह भी आरोप था कि जब हम लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया गया तो दोनों लड़के वहीं पर पास खड़ी स्टार्ट मोटरसाइकिल पर बैठकर नाका की ओर भाग गए। इस दोहरे हत्याकांड में रविंद्र सिंह उर्फ रज्जू, अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही तथा फिरोज अहमद के विरुद्ध पुलिस ने 13 अगस्त 2008 को आरोप पत्र दाखिल किया था। जबकि अभय सिंह के विरुद्ध अलग से पूरक आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बचाव पक्ष ओर से अदालत को बताया गया कि जिस दिन की घटना बताई जा रही है उस दिन अभय सिंह एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के मामले में जिला कारागार में निरुद्ध थे। कैसे कहा जा सकता है कि उनका इस हत्याकांड में हाथ है।

## 119 निरीक्षक पदोन्नति पाकर बने पुलिस उपाधीक्षक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़े स्तर पर पदोन्नति का फैसला लिया गया है। प्रदेश के 119 निरीक्षकों को पुलिस उपाधीक्षक (डिप्टी एसपी) पद पर पदोन्नत कर दिया गया है। इस सूची में नागरिक पुलिस के साथ-साथ प्रतिसार निरीक्षक, कंपनी कमांडर और यातायात शाखा के अधिकारी भी शामिल हैं।

सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, नागरिक पुलिस के 109 निरीक्षकों को प्रमोशन मिला है, जबकि 14 अन्य शाखाओं के अधिकारियों को भी डिप्टी एसपी पद पर पदोन्नत किया गया है। खास बात यह रही कि चार अधिकारियों–कृष्ण कुमार मिश्रा, विनोद कुमार पायल, देवी चरण और सुशील कुमार–को उनके सेवानिवृत्ति के दिन यानी 31 मार्च को ही पदोन्नति का लाभ दिया गया। बताया गया है कि इन पदोन्नतियों को लेकर 24 मार्च को विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में सहमति बनी थी, जिसमें उत्तर प्रदेश पब्लीक सर्विस कमीशन की भी सहभागिता रही। इसके बाद शासन की मंजूरी मिलने पर गृह विभाग ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिया

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, चालक समेत 4 घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे में चालक सहित चार लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना भूसा लादकर जा रही ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलटने से हुई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब 9:30 बजे भतोइया गांव के पास ओवरब्रिज अंडरपास पर हुआ। उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र के मढिया प्रतापपुर निवासी आशीष अपने साथियों राघव, सूरज और पुष्पेंद्र के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में भूसा लादकर दुबग्गा की ओर जा रहा था। इसी दौरान अंडरपास के पास वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रॉली पलटने से उसमें सवार सभी लोग नीचे दब गए और घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के समय सड़क पर अन्य कोई वाहन नहीं था, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, हालात को नियंत्रित किया और कुछ देर बाद यातायात सुचारु करा दिया।

**बाइक की टक्कर से दो युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज :** सरोजनीनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। मामले में शिकायतकर्ता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अनिता देवी पत्नी बहादुरी निवासी हाउसिंग सोसायटी, सरोजनीनगर ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 5 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे उनका बेटा अजीत अपने साथी सुभाष के साथ गांव से वापस लौट रहा था। जैसे ही वे कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को तत्काल लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार हादसे में अजीत के जबड़े और दांत टूट गए, जबकि सुभाष को भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल युवकों का इलाज जारी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इलाज में व्यस्त रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी बाइक चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर 65 लाख ठगे

लखनऊ। क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों ने कारोबारी दोस्तों से 64.84 लाख ठग लिए। साइबर ठगों ने कॉल कर फंसाया। क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग के नाम पर मुनाफे का झांसा दिया। सात डीमैट अकाउंट खोले। उसके बाद जालसाजों ने कई बार में रुपये ट्रांसफर करा लिए। मुनाफा न मिलने पर पीड़ित ने छानबीन की तो ठगी का पता चला। पीड़ित कारोबारी ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर बृजेश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

इंदिरानगर सेक्टर-8 निवासी कारोबारी अभिनव सुल्तानिया ने बताया कि कुछ समय पहले विकास चौधरी नाम के व्यक्ति ने संपर्क किया। जालसाज ने खुद को मल्टी लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) आधारित क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग, माइनिंग कंपनी क्रॉस मार्केट क्रॉस मार्केट और माइन क्रिप्टोज से जुड़ा होना बताया। कहा कि उक्त कंपनी फॉरेक्स ट्रेडिंग के महारथी लविश चौधरी की है। उनका भारत में मुख्य एजेंट नवीन नेगी है। बताया कि उक्त कंपनी निवेश पर करीब 15 प्रतिशत मासिक लाभ देती है। जाल में फंसे अभिनव ने क्रॉस मार्केट और माइन क्रिप्टो पर चार डीमैट अकाउंट खोले। साथ ही उनके मित्र ने भी तीन अकाउंट खोले। पीड़ित ने बताया कि आरोपी रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराते थे। उसके बदले में क्रिप्टो करेंसी खरीदकर उनके डीमैट अकाउंट में ट्रांसफर करते थे। उसके बाद जालसाजों ने उनसे कई बार में 64.84 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। शुरूआत में मुनाफा दिखता रहा। फरवरी तक विड्राल न होने पर पीड़ित को शक हुआ।

छानबीन की तो पता चला कि लविश चौधरी ट्रेडिंग घोटाले का आरोपी है। उसके खिलाफ कई राज्यों में रिपोर्ट दर्ज है। चंडीगढ़ ईडी मामले की जांच कर रही है। पीड़ित ने जालसाजों ने उनसे 46,57,805 रुपये और दोस्त गौरव से 18,26,195 रुपये की ठगी की है। 26 मार्च को पीड़ित अभिनव ने साइबर क्राइम थाने में मामले की शिकायत की। तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी व आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

**मेट्रो स्टेशन पर युवक के बैग में मिला कारतूस:** आईटी चौराहा मेट्रो स्टेशन पर एक युवक के बैग में कारतूस बरामद हुआ। एक्सबीआईएस मशीन की स्कैनिंग में बैग में कारतूस होने पर सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। महानगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर . 315 बोर का कारतूस जब्त कर लिया है। महानगर पुलिस ने उपनिरीक्षक अरुण प्रताप सरोज की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम अंतेश्वर वर्मा निवासी हाथीपुर सदर लखीमपुरखीरी बताया। इंस्पेक्टर ने बताया कि 30 मार्च की दोपहर करीब 1:24 बजे एक युवक बैग लेकर आईटी मेट्रो स्टेशन पर पहुंचा। इस दौरान वहां कंट्रोलर यामिनी मौजूद थी। यात्री अंतेश्वर ने बैग एक्सबीआईएस मशीन में रखा। स्कैनिंग के दौरान बैग में कारतूस दिखा। सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में लेकर बैग की तलाशी ली तो कारतूस मिला। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक अरुण प्रताप सरोज मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी से लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा सका। पुलिस आरोपी को लेकर कोतवाली पहुंची। कारतूस के बारे में पूछताछ की लेकिन आरोपी अनंतेश्वर कोई जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने कारतूस को सील कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी कारतूस कहां से लेकर आया था, इसकी जांच की जा रही है। मेट्रो प्रशासन से घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों का विवरण मांगा है।

# एसटीएफ ने पकड़ा लाखों रुपये का गांजा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एसटीएफ ने ट्रक से 2 क्विंटल गांजा बरामद किया है। गांजे की कीमत करीब 52 लाख बताई जा रही है। टीम ने तस्कर ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि एसटीएफ को पिछले कुछ दिनों से कई राज्यों से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। टीम तस्करों की तलाश में लगी थी।

इस दौरान टीम को सूचना मिली कि ओडिशा से गांजा लदा ट्रक सुलतानपुर रोड के रास्ते लखनऊ आएगा और एचसीएल के पास सर्विस लेन में सुनसान जगह पर माल उतारा जाएगा। इस पर एसटीएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और ट्रेलर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में बनी गुप्त कैविटी से 200 किलो गांजा बरामद हुआ। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 52 लाख रुपए है। इसके बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। चालक की पहचान नालंदा बिहार निवासी अजीत कुमार के रूप में हुई।

**कैविटी में छिपाकर लाते थे गांजा :** ट्रक ड्राइवर ने बताया कि झारखंड निवासी टीपू और तपन उसके गाड़ी मालिक हैं। उनके कहने पर ओडिशा से गांजा लोड कर अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई की जाती थी। ट्रेलर में खास तौर पर गुप्त कैविटी बनाई गई थी, जिसमें करीब 5 कुंतल तक गांजा छिपाया जा सकता है। आरोपी ने बताया कि वह 3-4 बार पहले भी इस तरह की खेप ला चुका है और हर चक्कर के लिए उसे 40 से 50 हजार रुपए मिलते थे। एसटीएफ के मुताबिक वाहन मालिक टीपू और तपन फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में थाना सुशांत गोल्फसिटी में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**बाइक सवार बदमाशों ने लूटी शिक्षिका की चेन:** पीजीआई क्षेत्र के पंचमखेड़ा इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने निजी स्कूल की शिक्षिका की चेन लूट ली। लूट के दौरान गर्दन पर रगड़ लगने से महिला मामूली रूप से चोटिल हो गयी। इसके साथ ही सभाखेड़ा मोड़ पर बदमाशों ने महिला का मोबाइल खींच लिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने दोनों ही जगह छानबीन की। पुलिस दोनों घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरस्वतीपुरम मीरा पार्क निवासी सरिता निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। 29 मार्च की दोपहर करीब डेढ़ बजे छुट्टी के बाद वह स्कूल से पैदल घर जा रही थी। जैसे ही वह पंचमखेड़ा वाली गली के पास पहुंची, बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर चेन खींच ली। किसी तरह संभली सरिता शोर मचाते हुए पीछे दौड़ी। राहगीर मदद के लिए दौड़े लेकिन बदमाश फरार्टा भरते हुए भाग निकले।

## गैस रिफिलिंग करते समय वैन में लगी आग, पिता-पुत्र फरार

लखनऊ। काकोरी में मंगलवार सुबह हरदोई रोड पर वैन में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस भरते समय आग लग गई। पिता-पुत्र ने भागकर अपनी जान बचाई। फायर स्टेशन की दमकल गाड़ी ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने वैन के पास से सिलेंडर को कब्जे में ले लिया है। आग लगने के बाद पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। चौक फायर स्टेशन की दमकल मौके पर पहुंची और पर काबू पाया। हादसा दुगार्गंज चौराहे के पास हुआ, जहां दुगार्गंज निवासी रामशंकर राजपूत मंगलवार सुबह हरदोई रोड के किनारे स्थित एक खाली प्लाट में अपनी वैन में एलपीजी सिलेंडर से गैस भर रहे थे, तभी इलेक्ट्रॉनिक मशीन में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई।

# मैच को लेकर कड़ी सुरक्षा, छह जोन व 16 सेक्टर में बंटा इकाना परिसर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बुधवार को इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले क्रिकेट मैच को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होगी। इकाना परिसर को सुरक्षा के लिहाज से तीन सुपर जोन, छह जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया है। ड्रोन और सीसी कैमरे से अराजकतत्वों व टिकट ब्लैक करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। कंट्रोल रूम से अधिकारी ट्रैफिक के लिहाज से रूट और सुरक्षा का जायजा लेते रहेंगे। सुरक्षा में अधिकारियों के अलावा, एंटी टेररिस्ट स्क्वायड, एंटी माइन टीम, बम स्क्वायड दस्ते, अर्ध सैनिक बल और पुलिस कर्मियों समेत 2000 से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है। मंगलवार को सुरक्षा के संबंध में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने बैठक कर अहम निर्देश दिए।

**सुरक्षा में तैनात किया गया पुलिस बल :** तीन पुलिस उपायुक्त, छह अपर पुलिस उपायुक्त, 16 सहायक पुलिस आयुक्त। 35 इंस्पेक्टर, 254 दरोगा, 465 सिपाही छेड़छाड़ रोकने के लिए सादे कपड़ों में **महिलाओं के बीच पुलिस कमी** :जेसीपी कानून एवं व्यवस्था के मुताबिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अथवा जहां महिलाओं और युवतियों का झुंड़ होगा वहां पर छेड़छाड़ और छींटाकशी की आशंका रहती है। ऐसे में महिलाएं अथवा युवतियां जहां ज्यादा होंगी वहां पर सादे कपड़ों में 130 महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए लगा पुलिस बल :** पूरे एरिया को दो सुपर जोनल, तीन जोनल, नौ सेक्टर व 24 सब सेक्टर बांटा गया है। दो पुलिस उपायुक्त, तीन अपर पुलिस उपायुक्त, नौ सहायक पुलिस आयुक्त, 28 इंस्पेक्टर, 161 दोरगा, 391 मुख्य आरक्षी, आरक्षी, 108 होमगार्ड।

**अतिरिक्त पुलिस बल :** पांच कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएएफ, वायरलेस यूनिट, इंटेलिजेंस (एलआईयू), एक टीम एटीएस, वॉक-थ्रू मेटल डिटेक्टर, तीन बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड, एक एंटी माइन टीम।

### भीड़ प्रबंधन और वीवीआईपी व्यवस्था

स्टेडियम के सभी गेटों पर अलग-अलग प्रवेश/निकास व्यवस्था लागू की गई है।

वीवीआईपी, खिलाड़ियों, मीडिया एवं आम दर्शकों के लिए पृथक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

स्टेडियम के भीतर एवं बाहर स्ट्रैटेजिक पॉइंट्स पर पुलिस बूथ, मेडिकल बूथ एवं कंट्रोल यूनिट स्थापित हैं।

**जनता से अपील :** निर्धारित गेट एवं पार्किंग का ही उपयोग करें। सुरक्षा जांच में सहयोग करें।

किसी भी संदिग्ध वस्तु/व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें। यातायात नियमों एवं डायवर्जन का पालन करें। - मैच शुरू होने के दौरान और छूटने के बाद सामान्य लोग डायवर्जन का ध्यान रखें।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SYYAD MOHAMMAD IZHAR नि. 529A/1490A KHURRAM NAGAR, LUCKNOW से बदल कर MOHAMMAD IZHAR S/O MOHD ISHTIYAQ कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अंशिका सोनी है। जब कि अभिलेखों में उसका नाम भूलवश अविका सोनी दर्ज हो गया है। भविष्य में उसे अंशिका सोनी नाम से जाना व पहचाना जाए। प्रदीप कुमार सोनी पुत्र रबिश चंद्र सोनी निवासी 491 ए बी नगर तहसील व जिला उन्नाव।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अरबाज खान को उसके गलत चाल-चलन एवं हम परिवार को परेशान करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके पुत्र से सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं होगा। शेर खां पुत्र इस्तियाक निवासी-ग्राम भुडवारा, पर. पैला पोस्ट-जलालपुर, थाना-गोला, तहसील-गोला, जिला-खीरी

**कार्यालय कलेक्टर/लाइसेन्स प्राधिकारी, बाराबंकी**

विज्ञप्ति संख्या-1187/ व्यवस्थापन/सी. एल.-5सी.सी. /2026-27/ बाराबंकी / दिनांक : 30.03.2026

**विज्ञप्ति**

आबकारी नीति वर्ष 2026-27 विषयक निर्गत शासनादेश के क्रम में देशी मदिरा की निम्नलिखित दुकानें, जिनके 03 कि.मी. के परिधि में कोई कम्पोजिट शॉप अथवा मॉडल शॉप दुकान स्थित नहीं है, के अनुज्ञापियों को सूचित किया जाता है कि बीयर की बिक्री करने हेतु सी. एल.-5सी.सी. अनुज्ञापन प्राप्त कर सकते है।

1. चक चौराहा, 2 . मोहम्मदपुर चौराहा, 3. ग्रामसभा सादुल्लापुर, 4. सुनौली, 5. इमलिहा, 6. न्योछना, 7. नवाबपुर पुलिया, 8 . कैसरगंज चौराहा, 9. बीबीपुर, 10 . उदयनगर, 11. कान्हीपुर, 12. सेमरावां, 13. परीवां, 14. नैपुरा, 15. गौरा करौदीं, 16. जमुआ, 17 . जमोलिया, 18. कसियापुर, 19. ग्रामसभा अकम्वाघाट, 20. पिपरिया चौराहा, 21. भरथीपुर, 22. मरौंचा, 23 . मोहद्दीनपुर, 24 . करौनीं बन्धा, 25 . भवानीगंज, 26. कड़ाकापुर, 27 . दुगार्पुर, 28. ददौरा, 29 . सेमरायां।

इच्छुक अनुज्ञापी अपनी उक्त देशी मदिरा दुकान से बीयर की बिक्री करने हेतु आज दिनांक 31.03.2026 से कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी में आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी एवं क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों से प्राप्त की जा सकती है। जनपद की उपरोक्त समस्त दुकानों के लिये एम.जी.आर. रू. 405000/- (रू० चार लाख पाँच हजार मात्र), लाइसेंस फीस रू. 21000/- (रू. इक्कीस हजार मात्र) तथा नियमानुसार प्रतिभूति धनराशि निर्धारित है। दुकानों का विवरण जनपद की वेबसाइट **www.barabanki.nic.in** पर देखा जा सकता है।

(कुलदीप दिनकर)
जिला आबकारी अधिकारी
बाराबंकी

(शशांक त्रिपाठी)
कलेक्टर/लाइसेन्स प्राधिकारी
बाराबंकी

# इस महीने में पड़ेंगे हनुमान जयंती, अक्षय तृतीया जैसे व्रत और त्यौहार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। साल 2026 के चौथे महीने यानी अप्रैल का आरंभ होने वाला है। इस माह में कई बड़े व्रत-त्योहार पड़ेंगे। हनुमान जयंती, बैशाखी, सीता नवमी और अक्षय तृतीया जैसे प्रमुख त्योहार अप्रैल के महीने में आने वाले हैं। ऐसे में यह माह बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। इसी दौरान मोहिनी एकादशी का व्रत सहित कई व्रत किए जाएंगे, जिनका हिंदू धर्म व शास्त्रों में बहुत खास महत्व बताया गया है। ऐसे में आइए विस्तार से जानें अप्रैल 2026 महीने में पड़ने वाले प्रमुख व्रत और त्योहार की पूरी जानकारी।

**हनुमान जयंती:** हिंदू धर्म में हनुमान जयंती का खास महत्व है। इस साल 2 अप्रैल, गुरुवार के दिन हनुमान जयंती का त्योहार मनाया जाएगा। चैत्र मास की शुक्ल पूर्णिमा तिथि के दिन बजरंगबली का जन्म हुआ था। इस दिन भगवान हनुमान की पूजा करने से भक्तों को शुभ फल प्राप्त होता है। साथ ही, जीवन से भय दूर होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। हर साल हनुमान जी का जन्मदिन दो बार मनाया जाता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, एक बार कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को, जिसे हनुमान जन्मोत्सव कहते हैं। दूसरी बार चैत्र महीने की पूर्णिमा को, जिसे हनुमान जयंती कहते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक पहली जयंती उनके जन्म से जुड़ी हुई है और दूसरी जयंती उन्हें अमरता प्राप्त होने की कथा से जुड़ी हुई है।

**चैत्र पूर्णिमा:** चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर चैत्र पूर्णिमा आती है, जो इस 2 अप्रैल, गुरुवार के दिन है। कहा जाता है की इस दिन व्रत करने से साधक की मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती हैं और साथ ही भगवान की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है। इस दिन विशेष रूप से चंद्रमा की पूजा करने का विधान होता है।

**विकट संकष्टी चतुर्थी:** हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 5 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 11 बजकर 59 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 6 अप्रैल को दोपहर में 2 बजकर 10 मिनट पर होगा। ऐसे में वैशाख संकष्टी चतुर्थी का व्रत 5 अप्रैल को रखा जाएगा। हिंदू धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य और विघ्नहर्ता माना गया है। प्रत्येक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। वैशाख माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली चतुर्थी को विकट संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और विधि-विधान से पूजन करने से जीवन के कठिन से कठिन संकट दूर हो जाते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**वरुथिनी एकादशी:** वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को वरुथिनी एकादशी कहा जाता है जो इस बार 13 अप्रैल, सोमवार को पड़ रही है। पद्म पुराण में इस एकादशी तिथि का खास महत्व बताया गया है। मान्यता है की इसका व्रत करने से पापों को नाश होता है। साथ ही, अत्यंत शुभ फल की प्राप्ति हो सकती है। वरूथिनी एकादशी व्रत करने से साधक के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है।

**बैसाखी:** इस दिन सूर्य मेष राशि में प्रवेश करते हैं। बैसाखी त्योहार इस बार 14 अप्रैल, मंगलवार के दिन मनाया जाएगा जो किसानों के लिए बहुत खास पर्व है। इस दिन किसान अच्छी फसल के लिए भगवान का शुक्रिया करते हैं। बैसाखी के दिन घर को साफ करके सजाया जाता है और कई प्रकार के पकवान बनाने की भी इस दिन परंपरा होती है।

**बुध प्रदोष व्रत:** बुधवार के दिन प्रदोष व्रत पड़ने से उसे बुध प्रदोष व्रत कहा जाता है। इसलिए 15 अप्रैल, बुधवार को प्रदोष व्रत पड़ने से इसे बुध प्रदोष व्रत कहा जाएगा। इस दिन भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा और व्रत किया जाता है। साथ ही, प्रदोष व्रत में प्रदोष काल में पूजा करने का अधिक महत्व होता है।

**परशुराम जयंती:** वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को परशुराम जयंती मनाई जाती है। इस साल यह तिथि 19 अप्रैल, रविवार के दिन पड़ रही है। माना जाता है की विष्णुजी के छठे अवतार परशुराम जी का प्राकट्य प्रदोष काल में हुआ था। उनका यह अवतार पृथ्वी पर पापी राजाओं के लिए संहार करने के लिए था।

**अक्षय तृतीया:** वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया जाता है। इस बार यह पर्व 19 अप्रैल, रविवार के दिन पड़ रहा है। शास्त्रों में इसे युगादि तिथि यानी नए युग की शुरूआत का दिन बताया गया है। इस दिन किसी भी मुहूर्त सोना, संपत्ति आदि खरीदना शुभ माना जाता है।

**कालाष्टमी :** सनातन धर्म में कालाष्टमी पर्व का खास महत्व है। यह पर्व हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर काल भैरव देव की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही काल भैरव देव के निमित्त व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि काल भैरव देव की पूजा करने से सभी संकटों से मुक्ति मिलती है। साथ ही विशेष कामों में सफलता मिलती है। काल भैरव देव बुरी नजरों से भी साधक और उनके परिवार की रक्षा करते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 09 अप्रैल को रात 09 बजकर 19 मिनट पर शुरू होगी और 10 अप्रैल को रात 11 बजकर 15 मिनट पर समाप्त होगी। कालाष्टमी पर निशा काल में काल भैरव देव की पूजा की जाती है। इसके लिए 09 अप्रैल को वैशाख माह की कालाष्टमी मनाई जाएगी।

**गंगा सप्तमी:** वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर गंगा सप्तमी का त्योहार पड़ता है। इस बार गंगा सप्तमी 23 अप्रैल, गुरुवार को मनाई जाएगी। मान्यता है की इसी दिन मां गंगा का धरती पर प्राकट्य हुआ था। ऐसे में इस दिन गंगा नदी में स्नान करने का बहुत अधिक महत्व होता है।

**बगलामुखी जयंती:** दस महाविद्याओं में से आठवीं महाविद्या बगलामुखी देवी को माना गया है। इस बार 24 अप्रैल, शुक्रवार को बगलामुखी जयंती मनाई जाएगी। देवी का



यह स्वरूप तंत्र व स्तंभन शक्ति के रूप में जाना जाता है। मान्यता है की वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर मां बगलामुखी का प्राकट्य हुआ था। देवी के इस रूप की पूजा करने से अत्यंत शुभ फल प्राप्त होता है।

**सीता नवमी:** हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर सीता नवमी पड़ती है। इस बार 25 अप्रैल, शनिवार के दिन यह पर्व मनाया जाएगा। मान्यता है की इसी दिन माता सीता का प्राकट्य हुआ था। ऐसे में देवी की पूजा करने से उत्तम फल प्राप्त होता है।

**मोहिनी एकादशी:** वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी का व्रत किया जाता है। इस बार 27 अप्रैल, सोमवार के दिन मोहिनी एकादशी पड़ रही है। मान्यता है की इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से विष्णुजी की कृपा प्राप्त हो सकती है।

**भौम प्रदोष व्रत:** हर महीने में शुक्ल और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी पर प्रदोष व्रत रखा जाता है। जब प्रदोष व्रत मंगलवार को पड़े तो इसे भौम प्रदोष व्रत कहा जाता है, जो इस बार 28 अप्रैल, मंगलवार के दिन पड़ रहा है। ऐसे में इस दिन भगवान शिव के साथ-साथ हनुमानजी की पूजा करना भी बहुत शुभ माना जाता है।

**नरसिंह जयंती:** वैशाख मास के शुक्ल चतुर्दशी तिथि पर नृसिंह जयंती मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता है की इस दिन भक्त प्रहलाद की प्रार्थना और हिरण्यकश्यप का वध करने के लिए विष्णुजी के चौथे अवतार भगवान नृसिंह का प्राकट्य हुआ था। इस साल नृसिंह जयंती 30 अप्रैल, गुरुवार के दिन मनाई जाएगी। इस दिन नृसिंह भगवान की पूजा करने और रात्रि में जागरण करने से विशेष फल प्राप्त होता है।

# धूमधाम से मनी महावीर जयंती, निकली शोभायात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर 1008 भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महामहोत्सव गुरुवार को राजधानी मे बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। प्रातः काल यहाँ से विभिन्न क्षेत्रों इन्दिरानगर, चारबाग, डालीगंज, याहियागंज, गोमतीनगर, गुड्म्बा, आशियाना, चौक, सहादतगंज आदि जैन मंदिरों से प्रभातफेरी निकाली गयी। जिसमे बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा भगवान महावीर स्वामी के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने के लिए जयघोष लगाए गए। जियो ओर जीने दो, अहिंसा मई जैन धर्म की जय, जैन धर्म का है आधार भोजन करना शाकाहार आदि नारे लगाए गए। जिसके माध्यम से जन जन तक अहिंसा एवं शाकाहार की प्रेरणा देने का प्रयास किया गया।

**बीज मंत्रों के द्वारा हुयी शांतिधारा:** इन्दिरानगर जैन मंदिर के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि विश्व शांति हेतु बीज मंत्रों के द्वारा शांतिधारा की गई। सौधर्म इंद्र बन कर भगवान का सर्वप्रथम अभिषेक सुनील कुमार जैन, राजकुमार जैन, संचित जैन ने किया।

**भगवान महावीर ने किया नगर भ्रमण:** महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को अर्जुनगंज के पंडित दिन दयाल उपाध्याय नगर स्थित जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई।



भगवान महावीर की मूर्ति को एक सुंदर पालकी पर रखकर नगर का भ्रमण कराया गया है। इस मौके पर भक्तों और स्कूली बच्चों के साथ ढोल और जैन भजनों के साथ सुल्तानपुर रोड से क्षेत्र के विभिन्न गलियों से होकर शोभायात्रा मंदिर प्रांगण में पहुंची। इस दौरान जैन घरों में आरती के लिए थोड़ी देर के लिए रुक गया। शोभायात्रा में प्रमुख मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग अरविन्द जैन भी शामिल हुए, तथा जैन समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। समारोह में भक्तों ने बड़े उत्साह के साथ भजन व अन्य कार्यक्रमो में भाग लिया। शाम को आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

**चारबाग में निकली शोभायात्रा:** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती मंगलवार को धूमधाम के साथ मनायी गई। श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के सभापति अरविंद कुमार जैन की अध्यक्षता में जयंती की शुरूआत प्रातः 10 बजे चारबाग जैन मंदिर से शोभायात्रा के साथ हुई। शोभा यात्रा में घोड़े कई बगिया बैंड डीजे बैंड सबसे पीछे भगवान का रथ चल रहा था रथ के आसपास चल रहे बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजनों पर बज रहे गीत तुमसे लागी लगन ले लो अपनी शरण..., महावीर जयंती आई है...., बच्चा-बच्चा करे पुकार जैन धर्म की जय जयकार..., जैसे गीतों पर लोग थिरक रहे थे। शाम को महावीर पार्क डालीगंज में धर्म सभा व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे इसके अलावा संस्था के रवि प्रकाश जैन, सुबोध जैन, मनोज जैन, वीर कुमार जैन, सुशील जैन, रितेश जैन, संजीव जैन, बंटी जैन, अभिषेक जैन आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मंजू श्री लखनऊ की ओर से कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री पाठक ने लोगों से महावीर भगवान के आदर्शों पर चलने का आग्रह किया।

**चौक में कवि सम्मेलन कल :** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि इस वर्ष परिषद व चंदा रानी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक सराहनीय पहल करते हुए 11 असहाय और विकलांग मरीजों को ट्राई-साइकिल और 7 व्हीलचेयर 2 अप्रैल को वितरित की जाएगी। इसी दिन 2 अप्रैल शाम 6 बजे विराट कवि सम्मेलन चौक स्थित 'खुन-खुन जी कोठी' के सामने किया जाएगा। इसमें देश के प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से भगवान महावीर के सिद्धांतों और समसामयिक विषयों पर प्रस्तुति देंगे।

**सआदतगंज में महिलाओं ने मंगल गीत गाये:** वर्तमान अवसर्पिणी काल के चौबीसवें व अंतिम तीर्थंकर और वर्तमान जिनशासन के नायक भगवान महावीर स्वामी का आज 2627 वा जन्म दिवस है।

इस अवसर पर सआदतगंज स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से महावीर जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें श्री जी को पालकी में बैठा कर के बावली बाजार से होते हुए मातादिन रोड और छोटे चौराहे से वापस मंदिर की में लाया गया। उसके बाद श्री जी का अभिषेक किया गया।

**महावीर जयंती पर विचार गोष्ठी:** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन सभा, के तत्वावधान में महावीर जन्मकल्याणक पर श्री महावीर जैन साधना केन्द्र (श्वेतांबर समाज), पटेल नगर आलमबाग के सभागार एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि आज आवश्यकता है हम सब महावीर की शिक्षा और संदेशों को नैतिक संस्कार के रूप में समाज में प्रतिष्ठित करें। शास्त्रीय भाषा के साथ सरल भाषा में अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य के सिद्धान्तों की विवेचना कर जन जन तक पहुँचायें। संस्था के अध्यक्ष विनीत जैन, लूनकरण नाहर, रोशन लाल, शैलेन्द्र जैन और राजकुमार सोनावत ने भी महावीर के उपदेशों को जनकल्याणकारी बताया।

## सीएम योगी ने किया श्याम भजन बस आये श्याम नजर है का लोकार्पण



लखनऊ। मुख्यमंत्री आवास पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ उत्तर के विधायक एवं समाजसेवी डा. नीरज बोरा के श्याम भजन बस आए श्याम नजर है के वीडियो एलबम का लोकार्पण कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। लोकार्पण के अवसर पर डा. नीरज बोरा ने कहा कि भक्ति संगीत मानव मन को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। बाबा श्याम की कृपा से यह भजन साकार हो सका है और उन्हें विश्वास है कि यह भक्तों के हृदय को स्पर्श करेगा तथा व्यापक सराहना प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा एल्बम जारी किया जाना अमूल्य उपहार है। मधुर धुन और भावपूर्ण शब्दों से सुसज्जित यह भजन श्रोताओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। भजन को स्वर स्वयं डॉ. नीरज बोरा ने दिया है। बोल एवं संगीत संयोजन शिवम श्रीवास्तव ने तथा निर्माण वत्सल बोरा के निर्देशन में हुआ है। कोरस में बिन्दू बोरा, शिवम श्रीवास्तव, विपिन गुप्ता, पंकज चाहर, मधु पाठक मांझी, प्रीतू एवं प्रिंस श्रीवास्तव ने सहयोग दिया है। नृत्य निर्देशन तृप्ति गुप्ता व उनकी टीम तथा निर्देशन आकाश सिंह व शिवम श्रीवास्तव द्वारा किया गया है। वीडियो की शूटिंग ब्रज क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों बरसाना स्थित लाडली जी मंदिर, गोवर्धन के दानघाटी मंदिर तथा वृंदावन में यमुना तट सहित अन्य रमणीय स्थानों पर की गई है। इस कार्य में गोवर्धन के मनीष लंबरदार का विशेष सहयोग रहा जबकि वीडियो शूटिंग एवं संपादन का कार्य लवी दीक्षित एवं उनकी टीम ने किया है।

# फिल्म हब के रूप में उभर रहा उत्तर प्रदेश

- उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक सफल उद्घाटन दिवस के बाद, यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 के दूसरे दिन (31 मार्च, 2026) पैनल चचाओं, सिनेमाई स्क्रीनिंग और उद्योग कार्यशालाओं की एक विस्तृत श्रृंखला आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख वैश्विक फिल्म गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। दिन की शुरूआत मुख्य सभागार में एक उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें महेंद्र सिंह, राजेश जैस और आदित्य श्रीवास्तव जैसे गणमान्य अतिथि शामिल हुए। सुबह का मुख्य आकर्षण दूसरा शोध पत्र प्रस्तुतीकरण था, जिसमें डिजिटल मीडिया के समाजशास्त्रीय प्रभाव पर चर्चा की गई। स्ट्रीमिंग वैल्यूजः हाउ ओटीटी इज रिशेपिंग इंडियाज मोरल लैंडस्केप एंड बिंज-वॉचिंग कल्चर शीर्षक वाले इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, डॉ. निमिष कपूर और डॉ. रुचिरा चौधरी द्वारा की गई। दोपहर के सत्रों में स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे और नीतिगत ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया गया। उत्तर प्रदेश अगला फिल्म हब बन रहा। इस सेलिब्रिटी संवाद और प्रेरक सत्र में राजेश जैस और आदित्य श्रीवास्तव ने अपने विचार साझा किए। नीतियां, अभ्यास और संभावनाएं विषय पर आधारित इस पैनल में आलोक पोरवाल, अमित आर्यन और डॉ. शिवदर्शन कदम और प्रो. माधव शर्मा, अभिनेता ने चर्चा की। दोपहर का सत्र फिल्म निमार्ताओं और



फोटोग्राफरों के लिए समर्पित रहा, जिसमें न्र'ङ्गल्ल इंडिया टीम द्वारा एक विशेष फोटोग्राफी कार्यशाला आयोजित की गई। इसके बाद एक उच्च-स्तरीय 'प्रेस एडिटर्स मीट' का आयोजन हुआ, जिसमें पांच प्रमुख संपादकों ने फिल्म उद्योग और मीडिया के बदलते संबंधों पर संवाद किया।

कॉन्क्लेव का समापन मुख्य सभागार में आयोजित औपचारिक समापन समारोह के साथ हुआ। इस समारोह में दो दिवसीय आयोजन के अनुभवों, पुरस्कारों और आभार प्रदर्शन के साथ, यूपी टूरिज्म के सहयोग से फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव का सफल समापन हुआ।

पूरे दिन के दौरान, उपस्थित लोगों ने फिल्म स्क्रीनिंग (स्क्रीनिंग 5 से 9), फिल्म परिचय और लाइव प्रश्नोत्तर सत्रों का आनंद लिया, जिसने विविध सिनेमाई आवाजों को एक मंच प्रदान किया।

# पलाश के रंगों में सृजनः प्रकृति और संस्कृति का जीवंत संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का राजकीय पुष्प : पलाश - प्रकृति और संस्कृति के संगम में प्रांतीय पहचान का सफल आयोजन 31 मार्च 2026 को एल पी एस की बाराबंकी शाखा में एस्थेटिक एंड कल्चरल डेवलपमेंट प्रोग्राम (2025-26) के अंतर्गत किया गया।

इस पहल का उद्देश्य कलात्मक अभिव्यक्ति को पर्यावरणीय चेतना से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति और सांस्कृतिक पहचान के गहरे संबंध से परिचित कराना था। इस कार्यशाला का आयोजन लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेस के कला विभाग द्वारा फ्लोरसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से किया गया। इसका संचालन नेहा सिंह के निर्देशन में तथा प्रधानाचार्या डॉ. रितु सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों की भी



उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिससे यह एक जीवंत और समावेशी सामुदायिक आयोजन बन गया। कार्यशाला का मुख्य विषय उत्तर प्रदेश के राजकीय पुष्प पलाश (टेसू), जिसे फ्लेम ऑफ द फॉरेस्ट भी कहा जाता है, पर केंद्रित था। अपने चमकीले नारंगी-लाल फूलों के लिए प्रसिद्ध पलाश वृक्ष भारतीय परंपरा में पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वसंत ऋतु, होली जैसे त्योहारों और लोक परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को ऐसे देशज वृक्षों के संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन में उनकी भूमिका के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक परिचयात्मक सत्र से हुई, जिसमें विद्यार्थियों और अभिभावकों को कला, संस्कृति और पर्यावरण में पलाश के महत्व की जानकारी दी गई। दृश्य प्रस्तुतियों के माध्यम से इसके प्राकृतिक परिवेश में वृक्ष की सुंदरता और प्रतीकात्मक अर्थ को दर्शाया गया। संवादात्मक चचाओं ने प्रतिभागियों को प्रकृति के साथ अपने संबंधों पर विचार करने और तीव्र शहरीकरण के दौर में जैव-विविधता संरक्षण की आवश्यकता को समझने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण हैंड्स-ऑन आर्ट सेशन रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने पलाश और उसके परिवेश से प्रेरित चित्रांकन और रंगांकन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जलरंग, पोस्टर कलर और मिश्रित माध्यमों का उपयोग करते हुए प्रतिभागियों ने अपनी कल्पना और अवलोकन को कागज पर सजीव रूप में व्यक्त किया। अभिभावकों की उपस्थिति ने इस अनुभव को और भी आत्मीय बना दिया, जहाँ कई अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ मिलकर सृजन की प्रक्रिया में भाग लिया। यह कार्यशाला केवल कलात्मक कौशल तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और सूक्ष्म अवलोकन पर भी विशेष बल दिया गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

**पत्रांक : 2199/कान्हा गौ./प.शे.हो. /नि.कार्य /ई-टेण्डर/2025-26** **दिनाँक : 28 मार्च, 2026**

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-2198/कान्हा गौ./प.शे.हो./नि.कार्य /ई-टेण्डर /2025-26 दिनांक 28 मार्च, 2026 द्वारा कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के स्वीकृत 01 निर्माण कार्य हेतु जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 31 मार्च, 2026 को अपरान्ह 02.36 बजे से दिनांक 30 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 3.30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 में समस्त सराकारी विभागों में 'ए' एवं 'बी' श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों /फर्मों (जिन्हे गौशाला/पशु शेल्टर होम्स के कार्यों का सममूल्य अथवा अधिक का संयुक्त अनुभव कम से कम तीन वर्ष का हो) से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम एंव शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता संख्या-50383894033 IFSC Code- IDIB000C601 में अनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी./ सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच के पक्ष में बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी निविदा से सम्बन्धित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। कार्य की स्वीकृत लागत के सापेक्ष रु. 40.00 लाख तक 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं रु. 40.00 लाख के पश्चात कार्य की लागत की अवशेष धनराशि के सापेक्ष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि आनलाइन अथवा एफ.डी.आर./ टी.डी.आर./एन.एस.सी./ सी.डी.आर. के रूप में जमा करना होगा। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 30 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पायी गयी निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

संक्षेप

## फर्जी दस्तावेजों से चल रहा विद्यालय

**अमेठी।** मुसाफिरखाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विद्यालय संचालन करने के संबंध में जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। ग्राम पूरे प्रेमशाह निवासी अमित प्रकाश ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कुछ लोगों ने उनके पिता को झांसा देकर विद्यालय संचालन के नाम पर भवन का 25 वर्ष 11 माह का अनुबंध करा लिया। उनके पिता कम शिक्षित होने के कारण आरोपियों के झांसे में आ गए। आरोप है कि सोसाइटी में सदस्यता जोड़ने का आश्वासन दिया गया, लेकिन बाद में यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। जब इस संबंध में आपत्ति जताई गई तो भवन को मानक विहीन बताते हुए खाली करने की बात कही गई और मार्च 2026 तक अनुबंध निरस्त करने का आश्वासन भी दिया गया। इसके बावजूद आरोपियों ने भवन की फर्जी फोटो व दस्तावेज प्रस्तुत कर स्कूल की मान्यता प्राप्त कर ली और विद्यालय का संचालन जारी रखा। साथ ही, अब तक भवन का कोई किराया भी नहीं दिया गया है। अमित प्रकाश ने जिलाधिकारी से अनुबंध निरस्त कराने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा फर्जी तरीके से संचालित विद्यालय पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# गोसाईगंज गोवध प्रकरण में लापरवाही पर तीन निलंबित



**गोसाईगंज, सुल्तानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में दर्ज गोवध निवारण अधिनियम के एक मामले में लापरवाही बरतने पर एसपी ने थानाध्यक्ष, चैकी इंचार्ज सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। सोमवार को गोसाईगंज पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी मामले की विवेचना में चैकी प्रभारी टांटियानगर उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव द्वारा घोर लापरवाही बरती गई। वहीं प्रभारी निरीक्षक राम आशीष उपाध्याय द्वारा भी मामले में अपेक्षित रुचि नहीं ली गई और पर्यवेक्षणीय दायित्वों में शिथिलता पाई गई। बताया गया कि विवेचना में त्रुटियों के चलते न्यायालय ने आठ अभियुक्तों का रिमांड स्वीकार नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें मौके से ही छोड़ दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से प्रभारी निरीक्षक राम आशीष उपाध्याय, उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव और मुख्य आरक्षी राघवेन्द्र प्रताप सिंह को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। इस मामले में गिरफ्तार पत्रों में अलग-अलग स्थान दर्शाए गया, जिसमें त्रुटि पाई गई। गोवध अधिनियम के तहत बरामदगी के समय ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग किए जाने के शासनादेश का पालन नहीं किया गया और न ही इसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। बरामदगी मेमो पर किसी स्वतंत्र गवाह के हस्ताक्षर भी नहीं पाया गया।

## दो हत्यारोपियों को आजीवन कारावास

**सुल्तानपुर (वीओएल)।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी से बहुचर्चित हत्याकांड में दो आरोपियों को कड़ी सजा सुनाई गई है। जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बृजेश वर्मा निवासी बलिपुर मजरे सेवतरी थाना जयसिंहपुर तथा शैलेन्द्र कुमार उर्फ रिंकू गोस्वामी निवासी बरसोमा (नगईपुर) थाना जयसिंहपुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 85-85 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देशन एवं एएसपी के पर्यवेक्षण में की गई। मॉनिटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी के चलते यह सफलता हासिल हुई। मामला वर्ष 2010 का है, जब 3 मार्च की रात थाना जयसिंहपुर क्षेत्र में दर्ज मुकदमे के अनुसार आरोपियों ने हरि नारायण सिंह एवं संदीप सिंह पर आग्नेयास्त्र से फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी थी। घटना के संबंध में वादी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था, जिसमें चार आरोपियों को नामजद किया गया था। मामले की विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष हरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा की गई, जिसमें साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो चुकी है। लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोष सिद्ध पाते हुए दोनों आरोपियों को कठोर दंड से दंडित किया, जिससे पीड़ित पक्ष को न्याय मिला।

## डॉ.संजीव पुनः आईएमए अध्यक्ष, डॉ. धर्मेंद्र सचिव तो डॉ. सीबी बने कोषाध्यक्ष

**रायबरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), रायबरेली की नई कार्यकारिणी का चुनाव एक सौहार्दपूर्ण, गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में चुनाव अधिकारी डॉ अतुल अग्रवाल के सन्निकम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह



कार्यक्रम राना चैक आईएमए भवन में आयोजित किया गया, जहाँ सभी सदस्यों की एकजुटता और संगठन के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. संजीव जायसवाल को पुनः आईएमए रायबरेली का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र सिंह को सचिव तथा डॉ. सी.बी. सिंह को कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। यह चयन न केवल उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का सम्मान है, बल्कि आईएमए परिवार के विश्वास और एकता का प्रतीक भी है। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान सचिव डॉ. अनुपम दीक्षित ने पिछले वर्ष आईएमए द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उपलब्धियों का भावपूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने विशेष रूप से आम जनता की सेवा हेतु लगाए गए मेडिकल कैंपों, विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों तथा रीमा कॉन 2026 के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उनके शब्दों में संगठन के प्रति समर्पण और सेवा भावना की सच्ची झलक देखने को मिली। इस अवसर पर आईएमए के डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. एस.एम. सिंह, डॉ. के.एस. सिंह, डॉ. मनीष त्रिवेदी, डॉ बृजेश सिंह, डॉ. डी.आर. मौर्य, डॉ. स्वेता जायसवाल, डॉ गौरव मिश्रा, डॉ ओमिका, डॉ पूजा त्रिवेदी एवं डॉ. आशा शंकर वर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे। चुनाव प्रक्रिया का संचालन डॉ. एस.एम. सिंह द्वारा अत्यंत कुशलता एवं निष्पक्षता के साथ किया गया।

## महावीर जयंती पर एनएसजीआई ने दिया सत्य व अहिंसा का संदेश



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक गरिमा के प्रतीक महावीर जयंती के अवसर पर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्यों की उपस्थिति में भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। संस्थापक प्रबंधक डॉ. शर्मा ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं, उन्होंने कहा कि अहिंसा, सत्य और आत्मसंयम का मार्ग अपनाकर ही समाज में शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भजन, भाषण और विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, राजीव सिंह , तारकेश्वर सिंह, कामाक्षा सिंह, इंद्र विक्रम सिंह, शिवांग अवस्थी, प्रभारी प्रधानाचार्य रुचि मिश्रा, उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, अजय सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन में चढ़ते समय फिसलकर युवक की मौत

**अमेठी।** जनपद के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसे में 27 वर्षीय युवक की ट्रेन में चढ़ते समय गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के पिछूती कोट गांव निवासी शिवम सिंह के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, शिवम अपनी भाभी खुशबू और उनके चार वर्षीय जुड़वा बच्चों के साथ लखनऊ दवा लेने जा रहे थे। वह तड़के करीब 4 बजे अपनी मौसी शारदा सिंह के घर से इलाज के लिए पैसे लेकर निकले थे। सुबह लगभग 5 बजे सुल्तानपुर से मुंबई जाने वाली लोकमान्य तिलक ट्रेन में चढ़ते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वह प्लेटफॉर्म व ट्रेन के बीच गिर गए। बताया जा रहा है कि शिवम ने पहले दोनों बच्चों को सुरक्षित ट्रेन में चढ़ा दिया था और इसके बाद अपनी भाभी को चढ़ाने का प्रयास कर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना के तुरंत बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने उन्हें बाहर निकालकर जगदीशपुर स्थित ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## नये सत्र का प्रारंभ, सुंदरकांड के साथ



**तिलोई/अमेठी।** क्षेत्र के सेमरौता स्थित सूर्यपाल अग्निहोत्री इण्टर कालेज के नये शैक्षिक सत्र का प्रारंभ सुंदरकांड के साथ किया गया,विघालय के प्रबंधक कमलेश अग्निहोत्री ने पूजा अर्चना के साथ सुंदरकांड प्रारंभ किया गया,विघालय के प्रबंधक ने बताया की हमारे यहां अबकी बार विघालय के मैनेजमेंट द्वारा निर्णय लिया गया है कक्षा 6 से कक्षा 8 तक सभी विद्यार्थी को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी,इससे समाज के उस वर्ग को फायदा होगा जो आर्थिक समस्या से विघालय बच्चो को नहीं भेज पा रहे हैं,विघालय के व्यस्थापक अभिषेक अग्निहोत्री ने बताया अबकी नये सत्र का प्रारंभ नये तरीके किया जायेगा, क्षेत्र में अच्छी शिक्षा व्यवस्था प्रदान करना ही हमारी प्रथामिकता है,इस अवसर पर सूर्यपाल अग्निहोत्री इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य,सूर्यपाल अग्निहोत्री इण्टर कालेज जैतपुर के प्रधानाचार्य,जी विद्यालय के समस्त अध्यापक मौजूद रहे

## सामान्य ज्ञान परीक्षा का भव्य आयोजन

**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी योगेंद्र चैहान दुसौती द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए नकफुलहा, सतांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में सामान्य ज्ञान परीक्षा का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना, सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट वॉच तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बैग एवं लंच बॉक्स प्रदान किए गए। पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। इस अवसर पर श्री योगेंद्र चैहान दुसौती ने कहा कि ह्लशिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो समाज और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देता है। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा शिक्षित हो, जागरूक हो और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित हो।

## मिशन शक्ति के तहत लोगों को किया जागरूक

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत मंगलवार को धम्मौर पुलिस द्वारा भाईं के सराय गांव में में जागरूकता अभियान चलाया गया। पम्फलेट बाँट ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की भी अपील की गई। बताया गया की साइबर ठग खुद को पुलिस बताकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करते हैं। इसलिए जागरूक होना बेहद जरूरी है। फेसबुक पर अन्जान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें. साथ ही सोशल साइड अकाउंट को भी लॉक रखें। वूमेन हेल्पलाइन, सीएम हेल्पलाइन समेत अन्य टोल फ्री नंबर के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक राज कुमार सिंह, अनिल अवस्थी, आरक्षी अंकित गुप्ता, महिला आरक्षी साल्वी वर्मा मौजूद रही।

## निराला स्मृति सम्मान से पवन कुमार सम्मानित

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** रानेपुर निवासी चर्चित युवा साहित्यकार पवन कुमार सिंह को निराला स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया है। रायबरेली के निराला स्मृति संस्थान डलमऊ द्वारा निराला पार्क में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि स्वामी भास्कर स्वरूप महराज तथा आयोजकों ने अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ सम्मान पत्र व पुस्तकें भेंटकर पवन को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद गिरि ने कहा कि अवधी भाषा साहित्य व संस्कृति के संरक्षण संवर्धन व उन्नयन में पवन कुमार सिंह का योगदान स्तुत्य है। पवन को इससे पूर्व भी उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान व हिन्दुस्तानी एकेडमी सहित दर्जनों महत्वपूर्ण संस्थानों से सम्मानित किया जा चुका है। निराला स्मृति सम्मान से सम्मानित होने पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप, मथुरा प्रसाद सिंह जटायु, डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येन्दु, ब्रजेश कुमार पाण्डेय इन्दु, डॉ करुणेश भट्ट दिनेश प्रताप सिंह चित्रेश, डॉ राम प्यारे प्रजापति व ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि समेत स्थानीय साहित्यकारों ने प्रसन्नता जताते हुए इसे क्षेत्र का गौरव बताया है।

# सदर क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के लिए 9 करोड़ 65 लाख की पहली किस्त जारी



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह के निरंतर प्रयासों और जनसंपर्क कार्यक्रमों में की गई मांग के फलस्वरूप त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत एक बड़ी राशि की योजना को मंजूरी मिली है। कुल 19 करोड़ 23 लाख रुपये की इस योजना में सदर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में इंटरलॉकिंग सड़कों के निर्माण हेतु 9 करोड़ 65 लाख रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। विधायक अदिति सिंह ने नुक्कड़ सभाओं, क्षेत्रीय जनसंपर्क और स्थानीय निवासियों की मांगों को ध्यान में रखते हुए इस विकास कार्य को प्राथमिकता दी। उनके प्रयासों से सदर क्षेत्र में सड़क सुविधा बेहतर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है, जिससे स्थानीय लोगों के आवागमन में सुविधा बढ़ेगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा।इन मोहल्लों में होंगे इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं जिसमें राही के सनहीं गाँव पावर हाउस के पास कृष्णा नगर घसियारी मंडी सम्राट नगर बॉम्बे धर्म काटा के सामने बालापुर साकेत नगर मोहल्ला राम बिलास नगर तथा अन्य आसपास के विकास क्षेत्र इन क्षेत्रों में इंटरलॉकिंग सड़कों के निर्माण से गलियों और मुख्य मार्गों की स्थिति सुधरेगी, पानी की निकासी बेहतर होगी और रहन-सहन की गुणवत्ता में सुधार आएगा। नगर क्षेत्रवासियों में इस घोषणा को लेकर काफी प्रसन्नता और उत्साह देखा जा रहा है। लोग इसे सदर विधायक अदिति सिंह की जनहितैषी सोच और प्रभावी पहल का परिणाम बता रहे हैं।विधायक अदिति सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और भविष्य में भी ऐसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि रायबरेली सदर क्षेत्र आधुनिक और सुविधायुक्त बने। इस पहली किस्त के जारी होने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है।यह योजना त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत आने वाली अन्य विकास परियोजनाओं की कड़ी है, जिसमें सड़क निर्माण के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। क्षेत्रवासी अब बेहतर सड़कों पर आवागमन की राह देख रहे हैं।

## आरेडिका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**रायबरेली।** आरेडिका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक आरेडिका महाप्रबंधक विवेक खरे की अध्यक्षता एवं आरेडिका राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में गत तिमाही में सम्पन्न राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ, राजभाषा प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा एवं आगामी तिमाही के प्रस्तावित कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गयी। आरेडिका में राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं लेखन-कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रैमासिक प्रकाशित होने वाली गृह पत्रिका प्रगति के मार्च-2026 अंक का विमोचन माननीय महाप्रबंधक के कर कमलों द्वारा किया गया। इस पत्रिका में समस्त विभागों से प्राप्त लेखों यथा काव्य संग्रह, कहानियाँ, संस्मरण, रेखाचित्र आदि को शामिल किया गया।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने दो दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को दी लगभग एक करोड़ की सहायता



**रायबरेली।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम रायबरेली द्वारा मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए दो दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को लगभग 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। जिला संयोजक अनुराग मिश्रा ने बताया कि मार्च माह में हुए सहयोग के अंतर्गत बछरावां ब्लॉक की स्वर्गीय शिक्षिका कमरून निशा के नॉमिनी को लगभग 50 लाख रुपये तथा सरेनी ब्लॉक के स्वर्गीय शिक्षक बिंदेश्वर पांडे के नॉमिनी को भी लगभग 50 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई।

जिला संरक्षक अवध किशोर मिश्रा एवं जिला प्रवक्ता अखिलेश चैरसिया ने बताया कि बिंदेश्वर पांडे का निधन 10 मार्च 2025 को सड़क दुर्घटना में हुआ था, जबकि कमरून निशा का निधन 5 मार्च 2025 को मार्ग दुर्घटना में हुआ था। दोनों ही संस्था के वैधानिक सदस्य थे, अतः संस्था द्वारा नियमानुसार उनके परिवारों को यह सहायता प्रदान की गई। जिला मीडिया प्रभारी शशांक त्रिवेदी एवं जिला सलाहकार धीरज श्रीवास्तव ने बताया इस टीम की स्थापना जुलाई 2020 में प्रयागराज के तीन शिक्षकों विवेकानंद, सुधेश पांडे व संजीव रजक द्वारा की गई थी। स्थापना के बाद से अब तक टीम द्वारा 536 शिक्षकों को लगभग 238 करोड़ की सहायता प्रदान की जा चुकी है। जिला सह संयोजक हनी गुलाटी व संगीता ने बताया सीएसटीसी द्वारा कन्यादान योजना भी शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत मात्र एक रुपये के सहयोग से शिक्षकों की बेटियों के विवाह में 50 से 60 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है, जिसे बढ़ाकर 5 लाख तक करने का लक्ष्य है। जिला सह संयोजक अमित सिंह, मयंक शुक्ल एवं डॉ. बलवंत ने बताया कि सीएसटीसी की तर्ज पर समाज के सभी वर्गों के सहयोग हेतु जनकल्याणकारी योजना भी प्रारंभ की गई है।

## एनटीपीसी में कार्यरत आलोक शर्मा बने भारतीय पैरा क्रिकेट टीम का कप्तान



**रायबरेली।** एनटीपीसी में कार्यरत आलोक शर्मा को डीएएफसी इंडिया की चयन समिति ने भारतीय पैरा क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया है। श्रीलंका की शारीरिक क्रिकेट एसोसिएशन के निमंत्रण पर 3 से 5 अप्रैल तक कोलंबो के स्काई स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में भारत और श्रीलंका के बीच विशेष रूप से सक्षम (पैरा) खिलाड़ियों का टी-20 क्रिकेट मैच खेला जाएगा। इस मैच के लिए आलोक शर्मा को टीम का कप्तान बनाया गया है। आलोक शर्मा इससे पहले नवंबर 2025 में भी श्रीलंका में भारतीय पैरा क्रिकेट टीम की ओर से खेल चुके हैं। अब यह उनकी दूसरी अंतरराष्ट्रीय यात्रा होगी, जिसमें वे कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। डीएएफसी इंडिया के आयोजन सचिव महेंद्र सिंह द्वारा जारी चयन पत्र में आलोक शर्मा के समग्र प्रदर्शन के आधार पर उन्हें कप्तान चुने जाने की जानकारी दी गई है। चयन में सभी राज्यों के खिलाड़ियों और डीएएफसी अधिकारियों के प्रदर्शन को ध्यान में रखा गया। आलोक शर्मा रायबरेली के जवाहर विहार कॉलोनी में रहते हैं और एनटीपीसी में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। वे पहले भी विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## एसबीएस पब्लिक स्कूल, गंगागंज में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह आयोजित



**रायबरेली।** गंगागंज कस्बा स्थित एस बी एस पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम आज गरिमामय वातावरण में वितरित किए गए। कार्यक्रम पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपप्रबंधक अखिलेश चरण सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात अमरेश तिवारी ने विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक पूज्य बाबू जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। दीप प्रज्वलन विद्यालय के लेखा पर्यवेक्षक गुरू प्रसाद सोनकर ने किया। इस पवित्र अनुष्ठान से पूरे परिसर में सकारात्मक और प्रेरणादायक ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चैधरी ने की। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही, वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले हाउसों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य माता प्रसाद वर्मा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और बताया कि नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। उन्होंने छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया और मेहनत से सफलता हासिल करने का संदेश दिया। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम पूरे विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ के लिए यादगार रहा। एस बी एस पब्लिक स्कूल गंगागंज (नर्सरी से 8वीं तक, इंग्लिश मीडियम) शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाने और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय बनाने की मांग



**अमेठी।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उप्र राज्य शाखा की प्रबंध समिति की बैठक कैसरबाग, लखनऊ स्थित रेड क्रॉस भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की। बैठक में विभिन्न जिलों में संगठन को सशक्त बनाने और जनसेवा कार्यों के विस्तार पर चर्चा की गई। इस दौरान इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अमेठी के उपसभापति गौरव शिवराज सिंह ने जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी का स्थायी कार्यालय स्थापित किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि अमेठी जैसे बड़े जनपद में कार्यालय न होने से राहत एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में कठिनाई होती है, इसलिए शीघ्र ही कार्यालय स्थापित किया जाना आवश्यक है। गौरव शिवराज सिंह अमेठी ने जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किए जाने का भी अनुरोध किया, ताकि जिले के सभी मेडिकल स्टोर एवं नर्सिंग होम को रेड क्रॉस सोसाइटी का सदस्य बनाकर संस्था के कार्यों में सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे आपदा और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# छात्र-छात्राओं को तहसीलदार ने किया सम्मानित

- निरंतर मेहनत करें और उत्कृष्टता की ऊंचाइयों को छुये: तहसीलदार

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद तहसीलदार प्रांजल तिवारी ने छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ईमानदारी से परिश्रम करने के लिए अपील किया और कहा कि सही मार्गदर्शन में आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं।



लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के अटल नगर वार्ड में स्थित आरपीएम पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में परीक्षा फल वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। परीक्षा फल वितरण समारोह में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद तहसीलदार प्रांजल तिवारी ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इसके अलावा प्राथमिक एवं जूनियर वर्ग में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद तहसीलदार श्री तिवारी ने कहा कि सभी सफल मेधावी छात्रों को हार्दिक बधाई। शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार प्राप्त करना भी है। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हैं, निरंतर मेहनत करें और उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छुएं। विद्यालय प्रबंधक विकास कुमार श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वर्षा शर्मा, रोहित तिवारी, विवेक यादव, वैष्णो तिवारी, ममता श्रीवास्तव, संजू तिवारी, आस्था सिंह, शगुन गुप्ता, शिखा मिश्रा, हर्षित तिवारी, कोनिका, खुशबू, खुशी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## शिक्षा से बड़ा अनमोल धन कोई नहीं

**जायस/ अमेठी।** सोमवार को प्रा. विद्यालय नकदेईयापुर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों को परीक्षा फल भी वितरित किया गया। रिजल्ट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। वार्षिकोत्सव में प्रधानाध्यापक हरिकेश भारती ने विद्यालय की एक वर्ष की शैक्षिक प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों व अभिभावकों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रामनरेश त्रिपाठी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अब संसाधनों की कोई कमी नहीं, योग्य शिक्षक नौनिहालों का भविष्य संवारने में लगे हुए हैं, सभी अभिभावक अपने पाल्यों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में ही करायें।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुलतानपुर की मासिक बैठक संपन्न

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक मार्च 2026 में जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में कूरेभार में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत कूरेभार अध्यक्ष अन्नपूर्णा जी द्वारा प्रार्थना से हुई। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सतीश पांडेय ने किया, जिन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के विचार सुने। बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से लेखा अधिकारी कार्यालय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही नए शैक्षिक सत्र में छात्र-छात्राओं के प्रवेश, शैक्षिक गुणवत्ता एवं प्रदर्शन सुधार पर भी मंथन किया गया। शिक्षकों से जुड़े लंबित मामलों जैसे पेंशन भुगतान, अवशेष देयक, चयन वेतनमान, एफएलएन कार्यक्रम, सेवा सत्यापन तथा दंडात्मक कार्यवाहियों के निस्तारण पर गंभीर चर्चा हुई। सभी पदाधिकारियों ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु प्रयास तेज करने पर जोर दिया। बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने तथा सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि करने का संकल्प लिया गया। अंत में संगठन मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर जनपदीय संरक्षक इन्द्र प्रताप पाण्डेय सहित विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संक्षेप

## प्लॉट की पैमाइश कराने आये पिता-पुत्र को बेरहमी से पीटा

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र के गांव रपड़ी में अपने प्लॉट की पैमाइश कराने आए पिता पुत्र को गांव के तीन लोगों ने बेरहमी से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतीकुर्रहमान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी हाल संजय स्टूल रसूलपुर 26 मार्च को अपने पैतृक गांव रपड़ी थाना नसीरपुर में आया था। उसने अपने प्लॉट को बेचा था इसलिए वह प्लॉट की नापतोल कराने आया था। इसी दौरान गांव के मुहम्मदीन, वजरूद्दीन पुत्र बाबू कुरेशी, वाहिद पुत्र मुहम्मदीन आए और आते ही पीड़ित, उसके बेटे के साथ गाली गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने ईंट, सरियों, थप्पड़ों से मारपीट करने लगे। मारपीट से हड़कंप मच गया। चीख पुकार सुन भीड़ जमा हो गई। यह देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## नौकरी दिलाने के नाम ठगे 10 लाख, गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना नौहझील पुलिस ने गृह मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी करने वाले वांछित अभियुक्त को मंगलवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को यमुना एक्सप्रेसवे के पास मोरकी इंटर कॉलेज बाजना के सामने से पकड़ा। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त विनोद कुमार निवासी कुतुब विहार फेस-1, थाना छावला, दक्षिण पश्चिम दिल्ली है। आरोपी के खिलाफ थाना नौहझील विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने पीड़ित रमेश को गृह मंत्रालय में अपनी ऊंची पहुंच का झांसा देकर उसके पुत्र की सरकारी नौकरी लगवाने का विश्वास दिलाया। इसके एवज में उसने धोखाधड़ी करते हुए करीब 10 लाख रुपये वसूल लिए, जिसमें कुछ रकम नकद और शेष अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक रोहित सिंह व कांस्टेबल राधास्वामी शामिल रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**पिनाहट।** थाना क्षेत्र में गांव क्योरी की एक विवाहिता ने दहेज के लिए ससुरालवालों पर दौड़ा-दौड़ाकर लाठी-डंडे और बेल्ट से पीटने का आरोप लगाया है। वह मिन्नतें करती रही, लेकिन नहीं मानें। पीटने के बाद उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने थाने में शिकायत की। पर, थाने पर महिला कांस्टेबल न होने पर मेडिकल नहीं हो सका है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। गांव क्योरी निवासी काजल पत्नी सूरज ने पुलिस को बताया कि चार माह पूर्व उसकी शादी सूरज के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति और ससुरालवाले दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडे, बेल्ट से पिटाई की जाती। मायके में जानकारी दी तो सोमवार को भाई और चाचा ससुराल उसे लेने के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि तभी ससुरालजनों ने गाली गलौज करते हुए उनसे मारपीट की। उसने बीचबचाव की कोशिश की तो उसे भी दौड़ा-दौड़ाकर लाठी डंडों और बेल्ट से पीटा।

# स्पार्क हैक 2026 का हुआ भव्य शुभारंभ

## देशभर से 128 टीमों की रही भागीदारी




**मथुरा।** संस्कृति विवि के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में स्पार्क हैक 2026 का भव्य शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुरूप मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। 24 घंटे अनवरत चलने वाले इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देशभर से कुल 128 टीमों ने भाग लिया है। स्पार्क हैक में कई कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर इस आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में अपने स्वागत भाषण में संस्कृति विवि के प्रति कुलपति प्रो. रघुरामा भट्ट ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। उन्होंने अपने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला और 24 घंटे के इस हैकाथॉन में भाग लेने वाले सभी युवा प्रतिभागियों को बधाई दी। हैक ब्रिवेन कंपनी के सह संपादक अमित दुबे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए हैकाथॉन से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने ट्राई प्लेटफॉर्म की विशेषताओं, विशेषकर एआई आधारित कोडिंग के बारे में विस्तार से बताया और प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि यह आयोजन उनके सीखने और कार्यान्वयन क्षमता को मजबूत करेगा।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. एम.बी. चेट्टी ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने विचारों के विकास, प्रोटोटाइप निर्माण और उनके व्यावसायीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीम में रहकर और साथ मिलकर चर्चा करने से बेहतर विचार उत्पन्न होते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को टीमवर्क, निरंतर मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया और अंत में स्पार्क हैक 2026 के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की। उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. पंकज गोस्वामी, संयोजक, स्पार्क हैक 2026 द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता, सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा, कुलपति प्रो. एम.बी. चेत्ती, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. रघुरामा भट्टा, डीन अकादमिक प्रो. रैनू गुप्ता, सभी डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, प्रशासनिक स्टाफ, मीडिया प्रतिनिधियों, प्रतिभागियों एवं छात्र स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही, छात्र परिषद के अध्यक्ष श्री यश श्रीवास्तव को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। यह हैकाथॉन अगले 24 घंटों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिभागी अपने नवाचार और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

## बेमौसम बारिश से खेतों में सराबोर हुई कटी गेहूं की फसल

**मथुरा।** चौमुहाँ क्षेत्र में इन दिनों किसान गेहूं की कटाई और फसल समेटने में जुटे हुए हैं, लेकिन बेमौसम बारिश उनके लिए बड़ी परेशानी बन गई है। मंगलवार को हुई तेज बारिश ने खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल को पूरी तरह भिगो दिया, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है बारिश के कारण खेतों में पड़ी गेहूं की फसल सराबोर हो गई है, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों लाखन सिसोदिया ने कहा कि यदि फसल अधिक समय तक भीगी रही तो दाने काले पड़ सकते हैं और उत्पादन की गुणवत्ता गिर सकती है किसान कान्हा सिसोदिया ने बताया कि पिछले दिनों आई तेज हवाओं से पहले ही गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई थी, जिससे काफी नुकसान हुआ था। अब मंगलवार की बारिश ने बची-खुची फसल पर भी पानी फेर दिया है। उनका कहना है कि प्रकृति किसानों के साथ मजाक कर रही है।

क्षेत्र के कई खेतों में अभी गेहूं की फसल कटने के लिए खड़ी है, जिस पर भी बारिश का खतरा मंडरा रहा है। किसानों को आशंका है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो कटी और खड़ी दोनों तरह की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है, जिससे वे आर्थिक नुकसान को लेकर चिंतित हैं। किसान प्रशासन से सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।

## अनियंत्रित कार ट्रॉली में टकरायी, उड़े परखच्चे

**मथुरा।** छाता राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। आर्गेनिक कुंज के समीप दिल्ली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक होटल पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जा टकराई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर चीखपुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति काफी अधिक थी। होटल के सामने खड़े ट्रैक्टर ट्राली में टकराते ही कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त कार में चार लोग सवार थे। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े। कार की पिछली सीट पर बैठे दो व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक जाने के कारण चालक और एक महिला अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के प्रयास कर रहे है।

## मेला समाज को भाई चारे से जोड़ने का अदभुत माध्यम : पर्यटन मंत्री



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद महेश नगर स्थित संत जनु बाबा ग्रुप आफ एजूकेशनल के प्रांगण में एक मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन संस्कृत एवं पयर्टन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर सेंट जेबी ग्लोबल एकेडमी के प्रबंध निदेशक डॉ रामकैलाश यादव संत जनूबाबा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमर पाल सिंह ने मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा की मेला हमारी संस्कृति, सभ्यता और आपसी मेलजोल के प्रतीक हैं। मेलों में एक दूसरे गांव के लोग आपस में आकर मिलते हैं और आपसी संबंध प्रगाढ़ होते हैं। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मेला का आनंद लिया। मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए। बच्चों ने आसमानी, गोल चक्कर और नाव वाले झूले में जमकर मस्ती की। इसके बाद देर रात देवी जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। गायक सानू चौधरी और उनकी टीम ने मां के भजनों को सुना कर भक्तों को झूमने को मजबूर कर दिया। पूरी रात भक्त देवी की भैंटों पर झूमते रहे। इस अवसर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह के अलावा बड़ी संख्या में सेंट जेबी ग्लोबल एकेडमी और संत जनूबाबा ग्रुप आफ एजूकेशनल का स्टाफ उपस्थित रहा।

## नशीला पदार्थ खिलाकर युवती से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता रहा दरिंदा

**आगरा।** शहर के थाना न्यू आगरा क्षेत्र से एक बेहद शर्मनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां 18 वर्षीय युवती ने अपने ही परिचित युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग व जबरन वसूली की तहरीर पुलिस को दी है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पहले उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसकी अस्मत लूटी, फिर पूरी घटना का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करता रहा। इतना ही नहीं, आरोपी ने युवती से कई बार 10-10 हजार रुपये भी ऐंठे और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। पीड़िता द्वारा थाना न्यू आगरा में दी गई तहरीर के अनुसार, आरोपी लक्ष्मण उससे परिचित था और इसी परिचय का फायदा उठाकर उसने विश्वासघात की सारी हदें पार कर दीं। आरोप है कि आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से युवती को नशीला पदार्थ दिया, जिससे वह विरोध करने की स्थिति में नहीं रही। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और पूरी घटना का वीडियो भी बना लिया। तहरीर में युवती ने बताया कि घटना के बाद आरोपी ने वीडियो को हथियार बनाकर उसे लगातार ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वह बार-बार वीडियो वायरल करने, बदनाम करने और सोशल मीडिया पर भेजने की धमकी देता रहा। डर और सामाजिक बदनामी के भय से पीड़िता लंबे समय तक चुप रही। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने रुपये देने से मना किया या विरोध किया, तो आरोपी ने धमकी का दायरा और बढ़ा दिया। उसने कथित तौर पर कहा कि वह वीडियो को इंस्टाग्राम के जरिए उसके ससुराल पक्ष को भेज देगा, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक जीवन बर्बाद हो जाएगा। यह धमकी युवती के लिए बेहद भयावह साबित हुई और वह मानसिक तनाव में आ गई। लगातार ब्लैकमेल, आर्थिक शोषण और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर आखिरकार पीड़िता ने साहस जुटाया और थाना न्यू आगरा पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और तहरीर में लगाए गए आरोपों की हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

# धूमधाम से निकली भगवान महावीर की शोभायात्रा, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा



**फिरोजाबाद।** भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को शिकोहाबाद नगर में भगवान महावीर जी की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई। भगवान महावीर की जयंती के दौरान महिलाएं और बच्चे बैंड बाजा की धुन पर थिरकते हुए साथ चल रहे थे। शोभायात्रा का समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

रथ यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन रानी गुप्ता ने फीता काटकर किया। रथयात्रा में भगवान महावीर एवं श्रीनेमिनाथ भगवान की भव्य झांकी के आगे बैंड वाले मनमोहक धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे। प्रातः श्रीदिगम्बर जैन पा?र्श्वनाथ मंदिर जैन स्ट्रीट में अभिषेक पूजन के बाद सैकड़ों की संख्या में जैन समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। महिलाएं मंगलगीत गाती चल रही थी। शोभायात्रा के अंतिम छोर पर चल रहे रथ पर भगवान महावीर की स्वर्ण मूर्ति विराजमान थी। रथयात्रा बड़ा बाजार, रूकनपुर, कटरा बाजार, पक्का तालाब, तहसील तिराहा, पालीवाल चौराहा होती हुई भरतेशपुरम नसियाजी पर जाकर समाप्त हुई। जहां भगवान के जन्माभिषेक पर विद्वानों ने विचार व्यक्त किये। सायंकाल यह रथ यात्रा पटेल मार्ग स्टेट बैंक होती हुई जैन स्ट्रीट मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। जहां आरती के बाद भव्य पालना कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। रथ यात्रा में चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता शेखर अग्रवाल सुशील जैन सोनी गंभीर अशोक जैन ज्ञानेंद्र जैन प्रिंस जैन अनिल जैन सौरभ जैन पंकज जैन संजय जैन अमित जैन, संभव जैन गौरव जैन सर्वज्ञ जैन नीरज जैन इंद्रध्वज जैन रॉकी जैन राकेश जैन कैलाश जैन आलोक जैन रजनीकांत जैन, गौरव जैन राहुल जैन आलोक जैन संजय जैन श्रैयांश जैन आदि साथ-साथ चल रहे थे।

## जेवर एयरपोर्ट से फिरोजाबाद के कांच उत्पादक कार्गो सेवा से देशभर में भेज सकेंगे अपने उत्पाद

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के सदस्य तथा आगरा हवाई अड्डा सलाहकार समिति के सदस्य श्री श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) का कार्गो विलेज 87 एकड़ में विकसित किया जा रहा एक अत्याधुनिक मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब है। इसकी प्रारंभिक क्षमता लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन होगी, जिससे यह उत्तर भारत का एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स केंद्र बनेगा। यह एयरसाइड से सीधे जुड़ा होगा तथा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों से निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद जलेसर हाथरस सड़क मार्ग की वर्तमान चौड़ाई लगभग 7 मीटर है और इसके मई 2026 तक राज्य मार्ग घोषित होने की पूरी संभावना है। राज्य मार्ग घोषित होने के बाद इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 10 मीटर किए जाने की योजना है। इसके साथ ही हाथरस से यमुना एक्सप्रेसवे तक फोर लेन सड़क मार्ग उपलब्ध कराने के लिए तेज गति से निर्माण कार्य चल रहा है। इस मार्ग के विकसित होने से फिरोजाबाद जनपद के निवासियों को जेवर एयरपोर्ट से हवाई यात्रा करने में सुविधा मिलेगी, वहीं फिरोजाबाद के कांच उद्योग से जुड़े उद्यमी अपने उत्पाद सीधे जेवर एयरपोर्ट के कार्गो विलेज तक भेज सकेंगे, जिससे उनके उत्पादों की देशभर में तेज और सुगम आपूर्ति संभव होगी। श्री गौतम ने कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के उद्योग, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा फिरोजाबाद के कांच उद्योग को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान और बड़ा बाजार उपलब्ध कराएगी।



## किशोरी को बहला कर ले जाने वाले पर केस दर्ज

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने किशोरी को बरामद करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी को 28 मार्च की शाम अंकित पुत्र रामकिशन राठीर निवासी उजियाई थाना बकेवर जिला इटावा फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# चोटी वाला ढाबा में चल रहे देह व्यापार के रैकेट का भंडाफोड़, सरगना फरार



**मथुरा।** छाता पुलिस ने नेशनल हाईवे-19 स्थित चोटी वाला ढाबा पर चल रहे देह व्यापार के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। छाता दौताना स्थित ढाबे पर हुई छापेमारी में 5 युवतियों और 4 युवकों सहित कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सीओ भूषण वर्मा के नेतृत्व में की गई।

पुलिस को लंबे समय से मिल रही शिकायतों और गोपनीय सूचनाओं के आधार पर छाता क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा ने विशेष टीम गठित की। मंगलवार

को टीम ने योजनाबद्ध तरीके से नेशनल हाईवे-19 स्थित चोटी वाला ढाबा पर दबिश दी। पुलिस की अचानक कार्रवाई से परिसर में भगदड़ मच गई लेकिन घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ लिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक स्थिति में कुल 9 आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनमें 5 युवतियां और 4 युवक शामिल हैं। सभी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और संभावित सरगना की तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां केवल एक ढाबे तक सीमित नहीं हैं बल्कि नेशनल हाईवे. 19 पर कई ढाबों पर लंबे समय से यह धंधा चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने केवल एक स्थान पर कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी की है जबकि अन्य स्थानों पर भी सख्त कार्रवाई की जरूरत है। सीओ छाता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## दीवार निर्माण को लेकर खूनी संघर्ष जमकर चले लाठी-डंडे, 11 घायल

**आगरा।** दीवार निर्माण को लेकर एक ही परिवार दो पक्षों में टकराव हो गया। लाठी-डंडों से हमला करने के साथ पथराव हुआ। इससे अफरातफरी मच गई। 11 लोग घायल हो गए। थाना डौकी क्षेत्र के गांव नगला बेहड़ में सोमवार सुबह दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने के साथ पथराव हुआ। दोनों पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में 11 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी फतेहाबाद भेजा। नगला बेहड़ निवासी सरमन सिंह पुत्र डोंगर सिंह ने बताया कि वह सोमवार सुबह करीब 10 बजे अपनी जमीन पर दीवार का निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के सुरेश पुत्र झम्मन सिंह व उनके परिजन वहां पहुंच गए और निर्माण का विरोध करते हुए गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। इसके बाद जमकर मारपीट और पथराव हुआ, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में एक पक्ष से संतोष पुत्र ओमप्रकाश, पप्पू पुत्र रामजीलाल, अमरीश पुत्र राकेश, सरवन, कृष्णा पुत्र डोंगर सिंह, आशीष पुत्र पप्पू, ओमप्रकाश घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से सुरेश, राधाकिशन, कामता प्रसाद, हरी सिंह पुत्र झम्मन सिंह को गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष का आरोप है कि सरमन पक्ष दीवार लगाकर रास्ता बंद कर रहा था। जिसका विरोध करने पर विवाद हुआ। सूचना मिलते ही डौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष डौकी ने बताया कि दीवार निर्माण को लेकर परिवार के ही दो पक्षों में मारपीट हुई है। घायलों का मेडिकल कराया गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक





**टूंडला।** मिशन शक्ति फेस 5 द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं बालिकाओं को जागरूक करने को चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत थाना टूण्डला मिशन शक्ति टीम ने महिला सशक्तिकरण महिला सुरक्षा महिला स्वावलंबन को ग्राम सिरोलिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे समाज के लोगों को महिला अपराधों व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स जैसे 1930 साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 1090 महिला हेल्पलाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 108 112 आदि हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में जानकारी दी गई कार्यक्रम के क्रम में महिलाओं को अपने अधिकारों वी उनके साथ होने वाले किसी भी अपराध को ना सहने व उसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया युवाओं को आज के बढ़ते तकनीकी युग में लालच देकर या नौकरी लगने के नाम पर होने वाले फ्रॉड जैसे पैसे की डिमांड या बैंक खातों से पैसा उड़ा लेने के बारे में सावधानियां बरतनी को लेकर बताया गया मुख्य सावधानियां अपना ओटीपी नंबर किसी के साथ शेयर नहीं करना किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करना या किसी अनजान संदिग्ध फोन नंबर को ना उठाना इस सब के बारे में बताया गया साथ ही साथ 18 वर्ष से काम के युवक युक्तियां का प्रेम संबंधों में आकर घर से बिना बताए चले जाना उसकी रोकथाम वह दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिरोलिया के नौजवानों युवक युवतियो व अन्य लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया साथ ही अपनी समस्याओं को भी साझा किया, कार्यक्रम में पुलिस विभाग से म.उ.नि. दमयंती यादव महिला थाना, म.उ.नि. रुचिका सिंह महिला कांस्टेबल उषा, महिला हेड कंस्टेबल सुमन महिला हेड कांस्टेबल सोनी, महिला हेड कांस्टेबल जावित्री, महिला कांस्टेबल डोली आदि उपस्थित रहे।

## ट्रांसबिल 2026 के खिलाफ कलेक्ट्रेट में किन्नरों ने किया जमकर विरोध-प्रदर्शन

**आगरा।** केंद्र सरकार के प्रस्तावित ट्रांसबिल 2026 के खिलाफ सोमवार को कलक्ट्रेट में बड़ी संख्या में किन्नरों ने जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनके संवैधानिक अधिकारों से खिलवाड़ हुआ, तो देशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। किन्नर महापंचायत के बैनर तले राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला मुख्यालय पर दिया गया। जिलाधिकारी कार्यालय को दिए ज्ञापन में किन्नर महापंचायत ने कहा कि किन्नर समुदाय ऐसे किसी भी कानून को स्वीकार नहीं करेगा जो उन्हें समाज में पीछे धकेलता हो। महापंचायत ने मांग की कि सरकार केवल कानून न बनाए, बल्कि ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में संवेदनशील और ठोस नीतियां लागू करे। किन्नर समुदाय ने नालसा बनाम भारत संघ (2014) के ऐतिहासिक फैसले का हवाला दिया और कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता देते हुए आत्म-पहचान को मौलिक अधिकार माना है। यदि प्रस्तावित बिल में लैंगिक पहचान को किसी प्रशासनिक या चिकित्सीय प्रमाण से जोड़ा जाता है, तो यह सीधे तौर पर संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 19 और 21 का उल्लंघन होगा। हम भी इस देश के नागरिक हैं। नालसा जजमेंट ने हमें पहचान दी थी, लेकिन ट्रांसबिल 2026 उसे कमजोर करने की कोशिश है। अगर हमारी पहचान ही छीन ली गई, तो हम सम्मान से कैसे जिएंगे? किन्नर महापंचायत ने ज्ञापन में राष्ट्रपति से अपील की गई है कि वे इस विधेयक की गहन समीक्षा कर इसे निरस्त करने के लिए हस्तक्षेप करें। कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से किन्नर महापंचायत की अध्यक्ष गुरु रेखा मां, गुरु हरिया मां, गुरु मुकेशबाई मां, गुरु इंद्रा बाई मां, गुरु दिला मां, सचिव राधिका सोनी के अलावा उषा, सुनीता, लच्छो, माला, मुन्नी, काजल, बाबरा, सलमा, रानी, सोनिया, शब्बो, चांदनी, पूजा, सरोज आदि शामिल थीं।

# भाजपा मनायेगी हर विस क्षेत्र में स्थापना दिवस

- कार्य योजना की बैठक हुई संपन्न




**मथुरा।** मथुरा में भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस के लिए कार्य योजना की बैठक संपन्न हुई। इसमें 7 से 12 अप्रैल तक के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। 6 अप्रैल को ध्वजारोहण, मिष्ठान वितरण और विकास यात्रा का उद्बोधन होगा। कार्यकर्ता अपने घरों पर ध्वज फहराएंगे और ग्राम स्तर पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस को लेकर मंगलवार को पुष्पांजलि स्थित जिला कार्यालय पर आगामी कार्य योजना की बैठक आयोजित की गई। इसमें 7 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने बताया कि 5, 6 और 7 अप्रैल को जिला व मंडल कार्यालयों को फूल, रंगोली व लाइटिंग से सजाया जाएगा। 6 अप्रैल को जिला कार्यालय पर उद्बोधन होगा। कार्यकर्ता अपने घरों पर भी पार्टी का ध्वज फहराएंगे। उन्होंने बताया कि 6 व 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों तथा गणमान्य लोगों के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 8 या 9 अप्रैल को जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा। गोकुल विधायक पूरन प्रकाश ने बताया कि 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम बस्ती स्तर पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता कार्यक्रम, जनसंपर्क और समाज के विभिन्न वर्गों के 25 से 30 प्रमुख लोगों का सम्मान किया जाएगा। चलो गांव की ओर कार्यक्रम भी संपन्न होंगे प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 50 गांव में कार्यक्रम होंगे। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने स्वागत भाषण देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों के लिए विधानसभा वार संयोजक बनाए गए हैं। स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता बूथ स्तर तक भाजपा का ध्वज लगाकर सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। कार्यक्रम का कुशल संचालन संचालन महामंत्री अमन ठाकुर ने किया। कार्य योजना में जिला महामंत्री सत्यपाल चैधरी, आकाश चैधरी, जिला मंत्री ओम प्रकाश सैनी, सुरेश तरकर, स्थापना दिवस कार्यक्रम के संयोजक कमल किशोर वार्ष्णेय, जिला उपाध्यक्ष मनीषा पाराशर, मुदिता शर्मा श्याम चतुर्वेदी, भानु प्रताप सिंह, अनिल चैधरी, महावन मंडल अध्यक्ष भूरे सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मकान का निर्माण करा रहे परिवार पर दबंगों ने किया पथराव, घायल

**शिकोहाबाद।** नगला कोल्हू शोभनपुर में अपने मकान का निर्माण करा रही महिला, उसके परिजनों पर गांव के लोगों ने पथराव कर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हरिप्यारी देवी पुत्र सुरेन्द्र सिंह शोभनपुर नगला कोल्हू 30 मार्च की सांय अपने निमार्णाधीन मकान पर थी। तभी गांव के संजय कुमार उर्फ लालू पुत्र रंगलाल सिंह, रूबी पत्नी संजय कुमार, जयवन्ती देवी पत्नी रंगलाल सिंह ने आकर मकान बनाने से रोकने लगे। जब पीड़िता ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने पीड़िता के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने महिला पर ईंट से प्रहार कर दिया। पीड़िता ने बचने के लिए अपने परिजनों को बुलाया तो नाती ईशू, बेटा शैलेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र सिंह बचाने के लिए आए तो आरोपियों ने उन पर भी ईट उठाकर मारने लगे। पथराव में पीड़िता के बेटे, नाती घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युद्ध के एक माह

मध्यपूर्व संकट का कोई ओर-छोर फिलहाल नहीं दिख रहा है। ट्रंप के बदलते बयान, संकट को और बढ़ा रहे हैं। अमेरिका-इजरायल तथा ईरान के बीच युद्ध को एक महीना पूरा हो चुका है। अभी तक इसके समाप्त होने के आसार नहीं नजर आते। दोनों पक्षों ने ऐसी शर्तें रखी हैं जिन्हें पूरा करना उन दोनों के लिए लगभग नामुमकिन ही है। अमेरिका की 15 बिंदुओं वाली योजना में ईरान से ऐसी गारंटी मांगी गई है जो उसे शत्रुतापूर्ण क्षेत्र में भविष्य के हमलों से बचाव करने में असमर्थ बना देगी। इसके जवाब में ईरान ने भी शर्तें रखीं, जैसे प्रतिबंध हटाना, नेतृत्व करने वालों की हत्याओं को रोकना और भविष्य में अमेरिकी आक्रामकता के खिलाफ गारंटी देना। पाकिस्तान, मिस्र, तुर्किये और सऊदी अरब द्वारा समझौता कराने के प्रयासों के बावजूद दोनों पक्षों का अड़ियल रवैया वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी आर्थिक बोझ डालने वाला है। पहले से ही एशियाई देश, जो पश्चिम एशियाई जीवाश्म ईंधन पर अत्यधिक निर्भर हैं, मुद्रास्फीति के प्रभाव और ईंधन की कमी से उत्पन्न कठिनाइयों को नियंत्रित करने के लिए जूझ रहे हैं, जिसका उनकी अर्थव्यवस्था और सरकारी वित्त पर दीर्घकालिक प्रतिकूल असर पड़ेगा। उदाहरण के लिए, तेल विपणन कंपनियों को राहत देने के लिए पेट्रोल और डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को 10 रुपये प्रति लीटर कम करना, भारतीय सरकारी राजस्व को वार्षिक आधार पर 1.2 लाख करोड़ रुपये से 1.7 लाख करोड़ रुपये तक घटा सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए और अधिक कठिनाई सामने है, क्योंकि प्रतिशोधी हमलों की दोबारा शुरुआत और यमन के हूतियों द्वारा इजरायल के खिलाफ अप्रत्याशित आक्रामकता ने एक नया मोर्चा खोल दिया है। यह नया मोर्चा स्वेज नहर और लाल सागर होकर चलने वाले एक अन्य प्रमुख वैश्विक व्यापार मार्ग को खतरे में डाल सकता है। होर्मुज स्ट्रेट से समुद्री तेल और गैस व्यापार का एक चौथाई हिस्सा होता है और यह पश्चिम एशियाई जीवाश्म ईंधन उत्पादकों का मुख्य मार्ग है। अब तक ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट में खनन और नाकेबंदी ने तेल की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल (बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड) से बढ़ाकर 110-119 डॉलर तक पहुंचा दिया है, साथ ही इसकी भारी कमी भी पैदा की है। पूर्वी एशिया पर इसका विशेष रूप से गंभीर असर पड़ा है क्योंकि 80 से 90 फीसदी कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस इसी मार्ग से आते हैं। सऊदी अरब ने नाकेबंदी का सामना करने के लिए अपने पूर्व-पश्चिम स्थलीय पाइपलाइन से लाल सागर के यनबू बंदरगाह तक तेल प्रवाह बढ़ाने की कोशिश की, जिससे कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव कम हुआ। लेकिन अब वह मार्ग भी खतरे में है। स्वेज नहर/ लाल सागर दुनिया के कंटेनर यातायात का एक-तिहाई हिस्सा संभालता है, और दुनिया पहले ही 2023 और 2024 में हूती व्यवधानों का असर देख चुकी है। जहाजों को अफ्रीका के पश्चिमी तट से नीचे और केप ऑफ गुड होप के चारों ओर लंबा मार्ग लेना पड़ा, जिससे शिपिंग लागत, बीमा प्रीमियम सहित, तेजी से बढ़ गई और वैश्विक मुद्रास्फीति दबाव तथा आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और गहरा गया। यह लगातार स्पष्ट होता जा रहा है कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान की प्रतिक्रियाओं और क्षमताओं का गंभीर रूप से गलत आकलन किया है। ईरान के राजनीतिक और सुरक्षा नेतृत्व की हत्या ने भी उसे आत्मसमर्पण करने के लिए प्रेरित नहीं किया। इसके विपरीत, उसने बार-बार अपने विरोधियों को चकमा देने वाले विभिन्न हथियारों का इस्तेमाल किया है। दुनिया के सबसे उन्नत हथियारों से एक महीने तक ईरान पर हमले करने के बावजूद, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का अनुमान है कि उसके मिसाइल भंडार और ड्रोन क्षमता का केवल लगभग एक-तिहाई ही नष्ट हुआ है। बाकी की स्थिति को लेकर वे अनिश्चित हैं। एक ऐसा देश जिसने ठीक इसी परिस्थिति के लिए योजना बनाई है और जिसे लंबे युद्ध और कठिनाइयों का अनुभव है, उसके लिए लंबा, असमान और थकाऊ युद्ध कोई नुकसान नहीं माना जाता। लेकिन अमेरिका और इजरायल के लिए सम्मानजनक निकास का रास्ता न मिलने से पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की संभावना लगातार दूर होती जा रही है।



**भयानक होते युद्ध के बीच ट्रंप के बदलते बयान और व्यापारिक मार्गों को अवरुद्ध करने की कोशिश से स्पष्ट है कि संकट और बढ़ सकता है।**

# ध्वस्त हो रही नियम आधारित विश्व व्यवस्था

**डॉ. अनिता राठौर**

यह संभवतः बहुत बड़ी राहत है कि ईरान ने भारत को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को इस्तेमाल करने की अनुमति दी है, जिससे न सिर्फ रुके हुए भारतीय झंडे वाले 20 कार्गो जहाज उसे पार कर लेंगे बल्कि यह उम्मीद भी बंधी है कि अन्य 18 एलपीजी टैंकर जंग-प्रभावित 52-किमी स्ट्रेट से कार्गो लोड करने के लिए जा सकेंगे। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागाची ने भारत को 'दोस्त राष्ट्रों' की सूची में शामिल करते हुए, दोस्तों को स्ट्रेट का प्रयोग करने की इजाजत दी है। हालांकि यह सभी 20 कार्गो जहाज भारत नहीं आयेंगे, क्योंकि कुछ को अन्य बंदरगाहों पर जाना है, लेकिन जितने भी आयेंगे, उनसे भारत में एलपीजी, एलएनजी व क्रूड की उपलब्धता में सुधार आयेगा। अगर 18 एलपीजी टैंकर भी भरकर आ जाते हैं, जिसकी संभावना प्रबल है, तो कुकिंग गैस की एक सप्ताह की पूर्ति हो जायेगी, क्योंकि उनमें लगभग 8 लाख टन गैस आती है। यह सही है कि तनाव के दौरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों को निकालना असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है, लेकिन इससे भी अधिक चिंताजनक यह ट्रेंड है कि अमेरिका, यूक्रेन, ईरान आदि मर्चेंट जहाजों को निशाना बना रहे हैं, जोकि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक है। अमेरिका व अन्य सुपर पॉवर्स की गुंडागर्दी की वजह से नियम-आधारित विश्व व्यवस्था का तो कोई अर्थ रह नहीं गया है।

जिसकी लाठी उसकी भैंस का असभ्य दौर लौट आया है। जैसा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करना, क्यूबा की घेराबंदी करना, ईरान पर बेमतलब युद्ध थोपना (इजरायल के अवैध परमाणु हथियारों को अनदेखा करते हुए), यूक्रेन पर युद्ध लादना, ताइवान पर कब्जा करने की धमकी, आदि से स्पष्ट है। साथ ही वीटो के अधिकार ने संयुक्त राष्ट्र को ऐसा बूढ़ा शेर बनाकर रख दिया है, जिसके पास दांत न खाने के लिए हैं और न दिखाने के लिए। आज संयुक्त राष्ट्र में ऐसे लोगों का जमावड़ा होता है, जो अकेले कुछ नहीं कर सकते और मिलकर तय करते हैं कि कुछ नहीं किया जा सकता। गजा का नरसंहार सबके सामने है; संयुक्त राष्ट्र तो पीड़ितों को खाने-पीने की रसद भी न पहुंचा सका। इसके बावजूद मानवीय

**समुद्री व्यापार की सुरक्षा के लिए नई वैश्विक सहमति का गठन करना आवश्यक है। लेकिन यह तभी मुमकिन हो सकेगा जब सुपरपॉवर्स की गुंडागर्दी व वीटो पॉवर पर विराम लगे और किसी को भी नियमों के विरुद्ध मन-मर्जी न करने दी जाये।**



**मध्य पूर्व युद्ध**

दृष्टि से ऐसी विश्व व्यवस्था की उम्मीद तो की ही जा सकती है, जिसमें युद्ध के पागलपन के दौरान भी मर्चेंट जहाजों को बख्श दिया जाये ताकि जिनका जंग से कुछ लेना देना नहीं, उनकी अर्थव्यवस्था सुरक्षित रहे और उनके लोग चैन की सांस ले सकें। ईरान पर अमेरिका व इजरायल द्वारा थोपी गई अवैध जंग के पहले दो सप्ताह के दौरान 16 कार्गो जहाजों को निशाना बनाया गया, जिनमें तेल टैंकर भी शामिल थे। इससे डरकर सैंकड़ों जहाजों ने खाड़ी में लंगर डाल दिये क्योंकि वह वेसल्स, कार्गो व जीवन को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। वह जहाज वहीं अटके हुए हैं। इस बीच तेल, गैस, खाद, एलुमिनियम, सल्फर, हीलियम और ऐसी ही अन्य चीजों की दुनियाभर में कमी पड़ गई है। समुद्री व्यापार को रेहन पर रख दिया गया है। रायटर्स के अनुमान के अनुसार उत्तर में यूक्रेन ने रूस के 40 प्रतिशत तेल निर्यात उपकरण को निष्क्रिय कर दिया है। बंदरगाहों व पाइपलाइनों पर यूक्रेन ने जो हमले किये हैं उससे रूस के तेल फ्लो में 2 मिलियन बैरल प्रति दिन की कमी आयी है- भारत के दैनिक उपभोग के एक-तिहाई से अधिक।

यूरोप ने जो रूस के 'शैडो फ्लीट' टैंकरों को जब्त किया है, उससे भी फ्लो में कमी आयी है। उधर अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करने से पहले जो भी तेल टैंकर कराकास से निकलता था, उसे अपनी मिसाइलों का निशाना बनाया। अब अमेरिका क्यूबा की घेरेबंदी किये हुए है और किसी भी कार्गो जहाज को आने जाने नहीं दे रहा है, जिससे क्यूबा में अंधेरा है और आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी हो रही है। इन सभी हरकतों को बहस की क्षमता से तार्किक ठहराया जा सकता है, लेकिन दुनिया पर जो इनका प्रभाव पड़ रहा है, उसे उचित ठहराना कठिन है, बल्कि वह उचित है ही नहीं। यह बात तो सबकी समझ में आनी ही चाहिए कि अगर मर्चेंट जहाज सैन्य ऑपरेशन में शामिल नहीं हैं तो उन पर हमला नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि पानी के जहाज ही तो आधुनिक संसार को जीवित रखे हुए हैं। वैश्विक जीडीपी का लगभग 60 प्रतिशत व्यापार से बनता है; जहाज गुड्स व्यापार का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा संभालते हैं। कुछ ही जहाजों पर हमला करने का अर्थ होता है कि जल के सारे मार्गों पर ताले पड़ जाते हैं। इस समय हम यह स्ट्रेट ऑफ होर्मोज में देख रहे हैं, लेकिन ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब हमने यह लाल सागर में देखा था। हूती ने टैंकर मरलिन लुआंडा पर हमला किया था और कार कैरियर गैलेक्सी लीजेंड पर कब्जा कर लिया था, जिसकी वजह से शिपिंग कम्पनियों को अपने मार्ग बदलने पड़े। दो साल गुजर गये हैं, लेकिन लाल सागर का ट्रैफिक सामान्य नहीं हुआ है। इस बीच लम्बे मार्ग के कारण भाड़ा खर्च बहुत बढ़ गया है, फलस्वरूप महंगाई। अमेरिका व इजरायल ने सोचा था कि वह बम बरसाकर हूती के जल मार्ग को नियंत्रित करने की क्षमता पर विराम लगा देंगे। लेकिन हुआ कुछ नहीं और अमेरिका को हूती से समझौता करना पड़ा। यही गलती अमेरिका व इजरायल खाड़ी में दोहरा रहे हैं और नतीजा यह निकल रहा है कि ईरान स्ट्रेट ऑफ हौर्मोज से जहाजों को सुरक्षित निकलने देने के लिए फीस लेने लगा है, जबकि उस पर युद्ध थोपे जाने से पहले वह ऐसा नहीं करता था। दरअसल, युद्ध के दौरान मर्चेंट जहाजों को निशाना बनाने के जो खराब परिणाम निकलते हैं वह दुनिया भूल गई है, कम से कम प्रतीत तो ऐसा ही होता है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन ने 2,426 मर्चेंट जहाज गंवाये थे, अमेरिका ने 1,768। जापान, जिसने युद्ध से पहले यात्री व कार्गो शिप्स की तीसरी सबसे बड़ी फ्लीट निर्मित की थी, ने 2,346 मर्चेंट जहाज खोये। युद्ध के अंत होने पर उसके पास एक भी जहाज ऐसा नहीं बचा था, जिसकी क्षमता 1,000 टन से अधिक की हो। उस समय सिर्फ सेना के पास ही बड़े जहाजों को डूबोने की ताकत थी। आज तो यह काम बहुत आसान हो गया है। ईरान, यूक्रेन व हूती ने दिखाया है कि चंद हजार डॉलर के सस्ते ड्रोन से भी घातक वार करके विशाल जहाज को समुंद्र में दफन किया जा सकता है।

राज्य और उनके प्रायोजित पिट्ठू क्या तबाही मचा सकते हैं, वह जग जाहिर है। इसलिए समुद्री व्यापार की सुरक्षा के लिए नई वैश्विक सहमति का गठन करना आवश्यक है। लेकिन यह तभी मुमकिन हो सकेगा जब सुपरपॉवरों की गुंडागर्दी व वीटो पॉवर पर विराम लगे और किसी को भी नियमों के विरुद्ध मनमर्जी न करने दी जाये। अमेरिका से इस संदर्भ में पहल करने की उम्मीद की जा सकती थी, लेकिन उसने जनवरी 2026 में वेनेजुएला के टैंकरों पर गोलाबारी की और वार्ता के बीच में दो बार ईरान पर हमला किया, उसकी वजह से उस पर कोई विश्वास करने के लिए तैयार नहीं है, कम से कम उस समय तक जब तक डोनाल्ड ट्रम्प वाइट हाउस में हैं, जिनकी बेवकूफियों के कारण ईरान ने फिलहाल के लिए तो अमेरिका के नायकत्व पर विराम लगा दिया है। जब आवश्यक चीजों की कमी पड़ जाती है, तो विकासशील देशों को उसका व महंगाई का सबसे अधिक खमियाजा भुगतना पड़ता है, इसलिए उन्हें ही मर्चेंट व कमर्शियल जहाजों की आजादी के संदर्भ में पहल करनी चाहिए। जरूरत गुटनिरपेक्ष आंदोलन को बहाल करने की है।

## सोशल मीडिया



आदिवासियों को सिर्फ एक पद देना ही काफी नहीं है बल्कि जरूरत इस बात की है कि हर स्तर पर उनकी भागीदारी हो, जमीनी स्तर पर उनकी आवाज क्यों नहीं है? असदुद्दीन ओवैसी.



सोनिया की अध्यक्षता में बनी एनएसी में नक्सल समर्थक भरे पड़े थे। अब चाहे नक्सलियों से मिलना हो या समर्थन करना हो, राहुल गांधी हमेशा उनके साथ खड़े होते हैं। अमित शाह.



यूपी, देश का राजनीतिक इतिहास इस बात का गवाह है कि जब-जब और जहां-जहां बी एस पी मजबूत हुई तब-तब सर्वसमाज, दलितों, ओ बी सी, अल्पसंख्यकों का भला हुआ। मायावती.

# जीवन से प्रेम करो

**अंतर्दृष्टि**

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

**- वीओएल.**

# कमेटी मेंबर बनने की खुशी

**व्यंग्यलोक**

आपको खुशी होगी या नहीं, यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन मुझे इस बात की अपार खुशी है कि मुझे एक समिति का सदस्य बनाया गया है। लोग अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए समिति का सदस्य बनने के लिए बड़ी बड़ी तिकड़में लगाते हैं, मैं बिना तिकड़म के ही कमेटी में आ गया हूँ। हमारे यहाँ कमेटी निर्माण की परम्परा वैसे तो प्राचीनकाल से है, लेकिन वर्तमान काल में कमेटी बनाना, आयोग गठित करना आम घटनायें हैं। वर्तमान में कमेटियाँ मामले को टालने अथवा जिम्मेदारियों से बचने का माध्यम बन गयी हैं। लोकतन्त्र में इससे बढ़िया अपने को बचाने का लोकतान्त्रिक ढंग दूसरा नहीं है। इस दृष्टि से जिस कमेटी का मै सदस्य बना हूं। वह भी गालियाँ सुनाने के अलावा अन्य कुछ नहीं दे पायेगी। पर भाई कुछ भी हो आखिर कमेटी में लिया तो गया। हर ऐसे गैरे, नत्थू खैरे को तो नहीं लिया जाता या आपको तो नहीं लिया गया। मुझे लिया गया इसलिए मैं महत्वपूर्ण व्यक्ति तो हूं ही। कमेटियों की कार्य शैली पर प्रकाश डालना भी समीचीन होगा। पहली बात तो कमेटी की बैठक नहीं होती और हो जाती है तो निर्णय नहीं होता। इस प्रकार एक अनन्त सिलसिला निष्क्रियता का जारी रहता है तथा सदस्य जलपान तथा आवागमन भत्ता लेने के कुछ भी नहीं कर पाते। कई बार तो कमेटी पर कमेटी और कमेटी, बस कमेटी ही कमेटी, इतनी कमेटी कि पता ही नहीं चलता कि किस कमेटी को किस बात पर निर्णय करना है? पहली मूल कमेटी को खोजना मुश्किल हो जाता है। कमेटियों की कार्य-सूची और विवरण नहीं मिलते तथा इस प्रकार एक अनावश्यक अराजकता का माहौल रहता है। भारत में यह परम्परा निरन्तर फल-फूल रही है तथा लोगों का कमेटियों में प्रवेश का क्रेज बना हुआ है। आदमी जितनी कमेटियों का सदस्य होता है उतना ही बड़ा और महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह नहीं देखा जाता कि उसने निर्णय क्या किये हैं, किये भी हैं या नहीं अथवा टालू मिक्चर मिलाता रहा है। लेकिन कौन ध्यान देता है, चलता रहता है। मुझे जिस कमेटी में लिया गया है, वह कमेटी उल्लेखनीय तो नहीं है लेकिन भाई है तो कमेटी? क्या बड़ी और क्या छोटी। हमें भी एक अदद कमेटी चाहिए थी सो मिल गयी है। वैसे आपसे क्या छिपाना, हमें मोहल्ले की विकास समिति ने सफाई समिति में शामिल किया है। मोहल्ले की सफाई की चुनौती को स्वीकारने का मतलब अपना पारिवारिक जीवन विषाक्त बनाना। इधर आपने सफाई कराई कि मिसेज धारकर आयेंगी और फलों के छिलके गलियारे में फैला जायेंगी। फिर खाने के लिए महाभोज होगा- कुत्ता, सुअर, गाय और साँडों का। आपसी खींचतान, लड़ाई-झगड़ा समाप्त होने से पहले ही माथुर साहब अपना एंटिक काठ-कबाड़ डाल जायेंगे।



**पूरन सरमा**

# जापानियों की सांस्कृतिक पहचान बन गयी स्वच्छता



**पर्यटन**

**समीर चौधरी**

छुट्टियां मनाने के लिए मैं अपने परिवार के साथ जापान में था। मुझे दो चीजों ने विशेषरूप से प्रभावित किया। पहली यह कि पूरे देश आईने की तरह साफ-सुथरा है। बड़े शहरों से ग्रामीण क्षेत्रों तक यात्रा करते हुए हमने देखा कि सार्वजनिक स्थल जैसे पार्क, बाजार व रेलवे स्टेशन और समुद्र तट, रिवर फ्रंटस, तालाब व सड़क किनारों के नाले सभी एकदम साफ-सुथरे थे, कहीं न कूड़ा था और हद तो यह थी कि बोतल, कैन या कागज का टुकड़ा कहीं पड़ा हुआ नहीं मिला। आश्चर्यजनक तो यह था कि हमें कुछ कॉफी कप्स फेंकने थे, लेकिन कहीं भी हमें कूड़ेदान दिखायी नहीं दिया। हमारे पास कोई विकल्प नहीं था सिवाये इसके कि पेपर कप्स को अपने बैकपैक्स में डाल दें।

पूरा जापान इतना साफ-सुथरा कैसे रह पाता है? आगे यात्रा करते हुए हमें एहसास हुआ कि स्वच्छता गहरे नागरिक बोध से हासिल की गई है जोकि प्रत्येक व्यक्ति ने इस तरह से अपनायी हुई है जैसे वह उनकी सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हो। कोई भी व्यक्ति सड़क पर पैदल चलते हुए या सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करते हुए खा या पी नहीं सकता है। जो दुकानें स्नैक्स बेचती हैं वह अपने ग्राहकों से आग्रह करती हैं कि फूड को अपने साथ ले जायें और उनके परिसर में न खाएं। हमें कुछ ही जगहों पर कूड़ेदान दिखायी दिए जो प्लास्टिक्स, पेट् बोतल, बोतल व कैन और दहनशील कूड़ा लेबल किये हुए थे। इस प्रकार के विभाजन का पालन घरों, दुकानों के साथ हर जगह किया जाता है। कूड़ा व्यवस्थित अंदाज में सफेद पारदर्शी प्लास्टिक बैग में एकत्र किया जाता है व सड़क के किनारे रख दिया जाता है, जिसे नगर पालिका का स्टाफ उठा कर ले जाता है। अधिकतर देशों में कूड़े को लैंड फिलिंग के जरिये ठिकाने लगाया जाता है, लेकिन जापान में भूमि की कमी है, इसलिए दहनशील कूड़े को इंसीनेटर (कचरा जलाने वाला उपकरण) में डाला जाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हवा में कम से कम टोक्सिन ही पहुंच पाएं। कम करो, पुनः प्रयोग करो व री-साइकिल करो, आम नारा है प्लास्टिक वेस्ट को कम करने के लिए। इसे हर कोई जानता है, लेकिन इसका पालन बहुत कमी से ही किया जाता है। मुझे फरोशीकी के बारे में जानकर बहुत खुशी हुई। यह कपड़े में उपहारों को लपेटने व बैग बनाने का परम्परागत जापानी तरीका है। इससे कागज, प्लास्टिक, टेप व रिबन की जरुरत समाप्त हो जाती है। जापान के जिस दूसरे पहलू ने मुझे प्रभावित किया वह टॉयलेट्स थे। इस संदर्भ में जापानियों ने पूरब व पश्चिम की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का संगम करा दिया है। यह जानना निश्चितरूप से प्रेरणादायक पल था। स्वच्छ व सूखे फ्लोर के टॉयलेट में प्रवेश करते ही लाइट्स अपने आप जल उठती हैं और सीट की लिड भी अपने आप ही ऊपर उठ जाती है। आरामदायक सीट और पानी की कल कल ध्वनि जैसा कि तालाब से आ रही हो, सुकून का एहसास कराती है। जापान में टॉयलेट्स हर जगह स्वच्छ, काम करते हुए और पर्याप्त स्टॉक के साथ थे। ओलंपिक 2020 से पहले विख्यात आर्किटेक्टस से संपर्क किया गया था टोक्यो में विशिष्ट पब्लिक टॉयलेट्स बनाने के लिए। इनमें से एक था योयोगी पार्क के निकट पारदर्शी ग्लास टॉयलेट। उसका दरवाजा अंदर से बंद करने के बाद ग्लास अपारदर्शी हो जाता है यानी बाहर से कुछ दिखायी नहीं देता है। कोविड महामारी के कारण ओलंपिक को स्थगित कर दिया गया था और बाद में उनका आयोजन बिना दर्शकों के किया गया। लेकिन टोक्यो के टॉयलेट प्रोजेक्ट को परफेक्ट डेज फिल्म के जरिये दुनिया को दिखाया गया। इसमें जिस एक्टर ने टॉयलेट क्लीनर की भूमिका अदा की थी, उसे कांस में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

जापानी हर चीज में परफेक्शन लाने का प्रयास करते हैं। उनके व्यवहार में शालीनता होती है और वह सार्वजनिक दिखावे में विश्वास नहीं करते हैं। उनके यह गुण गजब के हैं। टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट की मदद से जापानियों ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपने उत्पादन को बेहतर किया। इस प्रबंधन तकनीक का जमशेदपुर, भारत में 1990 पालन करना शुरू किया गया। तब जाकर हम पांच एस- सिरी (छांटो), सीटन (क्रम से लगाओ), सिसो (चमकाओ), सिकेत्सू (मानक बनाओ) और शित्सुके (बरकार रखो) के महत्व को समझ पाये। लेकिन सामाजिक नियमों व अनुशासन के जरिये पूरे देश को स्वच्छ रखना कमाल की बात है।

## विचार

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

-गुरुनानक.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

अस्पृश्यता का कोई शास्त्रीय आधार नहीं। परमेश्वर का दरवाजा किसी के लिए बंद नहीं और यदि वह बंद हो जाये तो परमेश्वर, परमेश्वर नहीं।

-तिलक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड.

## आप की बात

### भारत की नीति स्पष्ट

आतंकवाद को लेकर भारत की नीति अब पूरी तरह से स्पष्ट है। नया भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दास्त नहीं करता है। आतंकवाद के मुद्दे पर न तो घरेलू राजनीति की परवाह करता है और न ही अंतर्राष्ट्रीय दबाव का। अपनी बात साफ-साफ और दो-टूक दुनिया के सामने रखता है। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात किया और उनको हर तरह से मानवीय सहायता का वायदा किया। इजराइल भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र है, इसके बावजूद फिलिस्तीनियों के अधिकारों को लेकर भारत की स्पष्ट नीति है और भारत स्वतंत्र फिलिस्तीन का समर्थन करता है। लेकिन जब बात आतंकवाद की आती है, तो इजराइल पर हमास के हमले की निंदा करता है और हमास व हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के अभियान का भी समर्थन करता है। ईरान के साथ भी भारत के मधुर रिश्ते हैं। ईरान के साथ भारत का व्यापार करता है और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ईरान महत्वपूर्ण है।

**अशोक कुमार चौधरी, लखनऊ.**

### कृषि क्षेत्र में निवेश

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे?

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

# खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरायी बोलेरो

## कैंसर पीड़ित की मौत, पांच घायल



गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के अयोध्या वाराणसी राजमार्ग पर स्थित पकरेला गांव के पास बीएचयू वाराणसी से कैंसर का इलाज कराकर वापस लौट रहे मरीज व परिजनों से भरी बोलेरो गाड़ी सड़क के किनारे खड़ी ट्राली से टकरा गई।जिसमें कैंसर पीडित मरीज की मौत हो गयी और पांच लोग बुरी तरह से घायल हो गए।घायलों का इलाज मंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है।एसओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक थाना महराजगंज इलाके के सुतकहा( रसूलाबाद ) गांव निवासी शिवलाल गौड़65पुत्र स्व0रामअचल गौड़ कैंसर से पीड़ित था। जिसके इलाज के लिए पुत्र अंजीत गौड़,मंजीत गौड व रिश्तेदार राघवराम गौड़ पुत्र स्व0राजाराम गौड़ निवासी राजेपुर व रामप्रसाद पुत्र रामफल निवासी अचकही थाना महराजगंज एक बोलेरो से बीएचयू वाराणसी गए हुए थे।बोलेरो को गोसाईंगंज कोतवाली के समदा गांव निवासी जावेद पुत्र नौशाद अली चला रहा था।इलाज कराने के बाद सोमवार को रात्रि में वापस घर की तरफ लौट रहे थे।वह जैसे ही गोसाईंगंज कस्बे को पार कर पकरेला गांव के पास पहुंचे तभी बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पंचर होकर खड़ी गिट्टी लदी ट्राली से जा टकराई।बोलेरो के टकराने के बाद पीछे से आ रही एक अन्य एसयूबी गाड़ी भी बोलेरो से टकरा गई।चीख पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया और बचाव कार्य मे जुट गए।मौके पर शिवलाल की मौत हो गयी और बोलेरो गाड़ी में सवार चालक सहित पांचों लोग बुरी तरह से घायल हो गए।वंही एसयूवी सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को एम्बुलेंस से मंडलीय चिकित्सालय भिजवाया जंहा उनका इलाज चल रहा है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# आग से 35 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख



अमानीगंज-अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के घटौली पूरे लुटई शुक्ल गांव में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग की चपेट में आने से 35 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड घंटों देरी से पहुंची।

ग्रामीणों और पुलिस के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। दोपहर एक बजे अचानक रमाशंकर मिश्रा के बाग में आग लग गई और अशोक के गेहूं के खेत को भी अपने आगोश में ले लिया। देखते ही देखते आग तेज हवा के बीच पूरे सिवान में फैल गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड घंटों देरी से पहुंची। खंडासा पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाई। आग की चपेट में आने से दर्जनों किसानों की पैंतीस बीघा से अधिक गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग की चपेट में आने से दुखीराम, उर्मिला देवी, श्रीनिवास, रमानिवास, कुलदीप शुक्ला, संदीप शुक्ला, मालती, रमेश कुमार, महेश कुमार, उमानाथ पांडेय, प्रमोद कुमार, ज्ञानमती, नीलम, दिनेश, मुरलीधर, कपिल देव, शिवलाल, लक्ष्मीकांत, विनय कुमार, आनन्द कुमार, आशीष कुमार, अभिषेक कुमार, सूर्य लाल, राममिलन, सुंदरलाल, मिथिलेश, संदीप आदि किसानों की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। क्षेत्रीय लेखपाल संजय कुमार पाठक ने क्षति का आकलन कर तहसील प्रशासन को अपनी रिपोर्ट प्रेषित की।

## गायब युवक का नहीं लगा सुराग, पुलिस कर रही तलाश

सोहावल-अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के गांव अघियारी से तीन दोस्तों के बुलावे पर घर से निकले गुमशुदा युवक मन्ना 30वर्ष की तलाश में पुलिस के हाथ अब तक खाली है।पिता और पत्नी की ओर से हत्या कर फेके जाने की शिकायत पर पुलिस शव तलाशने में जुटी है। लगातार एसडीआरएफ और गोताखोरों के सहारे सरयू नदी में रौनाही,ढेमवा, मंगलसी के आसपास तीन दिनों तक तलाशने के बाद पुलिस ने हाथ खड़ा कर लिया और दूसरे विकल्पों पर सोचना शुरू किया है। मामले में नामजद किए गए तीन में से एक आरोपी नाटे निवासी मंगलसी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ में लगी लेकिन वह हर दूसरे दिन अपना बयान बदल रहा है। पुलिस को चकमा देकर अपने को बचाने में अब तक सफल रहा। नदी से शव न मिलने के बाद आरोपी ने उसे गड्ढा खोदकर मंगलसी के पास दफन करने की बात कही। पुलिस ने चिन्हित स्थान को खुदवा डाला लेकिन शव नहीं मिला।

# भाजपा के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर जिला प्रभारी ने की बैठक



बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस की तैयारियो को लेकर भाजपा कार्यालय मे एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने बैठक की। बैठक मे एमएलसी श्री पटेल ने कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये कहा कि अभियान 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलेगा। इस दिन पार्टी के करोड़ो समर्पित कार्यकर्ता सेवा भाव के साथ राष्ट्र प्रथम के मूलमंत्र को शिरोधार्य करके भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि 5, 6 और 7 अप्रैल को जिला एवं मंडल कार्यालयों को रंगोली, फूलों और इलेक्ट्रॉनिक झालरों से सजाया जाएगा। 6 अप्रैल को पार्टी कार्यालय पर ध्वजारोहण होगा। 6 और 7 अप्रैल को सभी बूथों पर महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित करके भाजपा की विचारधारा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित होंगे। तथा कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर सेल्फी अभियान चलाएंगे और इसे सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। 8 अप्रैल को जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन, 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम व बस्ती संपर्क अभियान के तहत स्वच्छता अभियान, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क, सम्मान कार्यक्रम तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। बैठक मे जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, जिला महामंत्री विजय आनंद बाजपेयी, एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, अजीत प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, रोहित सिंह, रामेश्वरी त्रिवेदी मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा के निधन पर शोक सभा



बाराबंकी। मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एंव पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा के निधन पर महाविद्यालय परिसर मे शोक सभा का आयोजन किया गया। तथा मृत आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को यह असहनीय दुःख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधसमिति के सचिव उमाशंकर वर्मा मुन्नू भैया ने कहा कि राजनीति की बिसात पर कुछ किरदार ऐसे होते हैं। जिनके जाने से पूरी बिसात वीरान सी लगने लगती है। बाराबंकी की मिट्टी ने आज ऐसे ही एक धुरंधर को खोया है। जिनकी पहचान पद से नहीं, बल्कि जन-जन से उनके अटूट रिश्ते से थी। उ0प्र0 सरकार में 2 बार राज्यमंत्री और कई अन्य संस्थाओं से भी जुड़े रहे। पटेल महिला महाविद्यालय में उनके अप्रतिम योगदान महाविद्यालय के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधसमिति के उपाध्यक्ष डॉ0 एस0 के0 वर्मा, सरदार पटेल संस्थान अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष अमर सिंह वर्मा, प्राचार्या डॉ0 ऊषा चैधरी सहित शिक्षक, कर्मचारी व छात्राओं मौजूद रही।

# प्राथमिक विद्यालय तकपुरा में वार्षिकोत्सव का आयोजन

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित, नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत



अयोध्या। प्राथमिक विद्यालय तकपुरा में वार्षिकोत्सव एवं प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करना था, बल्कि मेधावी छात्रों की उपलब्धियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना भी रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसआरपी अंबिकेश त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एआरपी राहुल रिचा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। प्रधानाध्यापक हेमंत कुमार शुक्ला ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों को विद्यालय की शैक्षिक प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय के कक्षा 5 उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जवाहर नवोदय विद्यालय, विद्या ज्ञान, अटल आवासीय विद्यालय एवं आश्रम पद्धति विद्यालय में चयन प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन एवं परिश्रम के फलस्वरूप इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में बच्चों का चयन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुआ है, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि पर उपस्थित ग्रामवासियों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। चयनित विद्यार्थियों में अहेम एवं माही का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। खुशी वर्मा ने विद्या ज्ञान सीतापुर एवं अटल आवासीय विद्यालय में सफलता प्राप्त की है। आयुष विश्वकर्मा का चयन अटल आवासीय विद्यालय में हुआ है। नितीश विश्वकर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय में स्थान बनाया है, जबकि ऋषि विश्वकर्मा का चयन आश्रम पद्धति विद्यालय में हुआ है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों शशि वांडेय, अनामिका तिवारी, नीलम सिंह, शालू सिंह एवं ममता वर्मा तथा प्रधानाध्यापक श्री हेमंत कुमार शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनके अथक प्रयासों से यह उल्लेखनीय उपलब्धि संभव हो सकी। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ के तरुण ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, राम सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह, अंकुर सिंह सहित समस्त अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन उत्साह और प्रेरणा के साथ हुआ।

# डिप्टी जेलर बनी स्नेहा चौरसिया को किया गया सम्मानित



अयोध्या।जिले की कौशलपुरी कॉलोनी निवासी स्नेहा चैरसिया ने यूपीपीसीएस 2024 की परीक्षा में डिप्टी जेलर के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बैंक ऑफ इंडिया में ऑडिटर के पद पर कार्यरत सूर्यकांत चैरसिया की सुपुत्री स्नेहा को चयन परीक्षा में डिप्टी जेलर के पद पर पहली रैंक प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर चैरसिया कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने उनके कौशलपुरी स्थित निवास पर जाकर स्नेहा का सम्मान किया। उन्हें अंग वस्त्र और फूल मालाएं भेंट कर मिठाई खिलाई गई। अपनी सफलता का श्रेय स्नेहा ने अपने पिता सूर्यकांत चैरसिया, माता कुमुद चैरसिया, भाई अनुपम, चाचा कृष्णकांत चैरसिया, चाची रीता चैरसिया की प्रेरणा को दिया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के, केवल स्वाध्याय के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। स्नेहा ने अन्य छात्रों को सलाह दी कि उन्हें अपने ऊपर और अपनी मेहनत पर विश्वास रखना चाहिए। सम्मान समारोह में चैरसिया कल्याण समिति के अध्यक्ष रामसूरत चैरसिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लाल चंद्र चैरसिया, रितेश चैरसिया अंगद, राजेश वर्मा, डॉ. वेद प्रकाश चैरसिया, डॉ. एसपी चैरसिया, डॉ. अनिल चैरसिया, सीताराम चैरसिया, सतीश चैरसिया, जगदेव चैरसिया, मनोज चैरसिया, गोपाल जी चैरसिया, अनिल चैरसिया, श्याम कुमार नाग और शिक्षक सतीश चैरसिया सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर निकली शोभायात्रा



बाराबंकी। अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के पंच महाव्रतों का उपदेश देकर मानवता को सही राह दिखाने वाले भगवान महावीर स्वामी जी के जीवन से सत्य अहिंसा करुणा और त्याग की शिक्षा मिलती है। जियो और जीने दो भगवान महावीर स्वामी का यह संदेश सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है इनके श्री चरणों की सेवा से मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। उक्त बात समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आज जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी जी की पूजा अर्चना करने के पश्चात व्यक्त किये। इस मौके पर पवन जैन, तुषार जैन, दीपक जैन, कृष्णा अवतार सिंह, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, हिमांशु पाठक मौजूद रहे।

# क्राइम कंट्रोल करना पहली प्राथमिकता : एसपी

## पुलिस अधीक्षक विश्वजीत ने संभाला कार्यभार



बहराइच । जनपद के नए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने देर रात जिला मुख्यालय पहुंच कार्यभार गृहण किया । जिसके बाद उन्होंने मंगलवार को पुलिस लाइन में स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपनी प्राथमिकता बताई ।

उन्होंने बताया कि वो पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात थे । उसके पहले बिजनौर , रायबरेली समेत अन्य जिलों में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं । वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चोरी नकबजनी के साथ ही हर प्रकार के अपराध की रोकथाम करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है । महिला संबंधी अपराधों पर लगाम लगाने के साथ जीरो टोलरेंस के तहत कार्य किया जायेगा । बतौर पुलिस अधीक्षक उन्हें पहली बार जनपद में तैनाती मिली है । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी मौजूद रहे ।

## घरेलू गैस सिलेंडरों की होम डिलेवरी कराये जाने की मांग

अयोध्या। अयोध्या नगरी में गैस उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर मिलने में काफीदिक्कतें हो रही हैं।जिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी तथा सत्ता में समर्थित नेतागण फेसबुक और व्हाट्सएप पर जोर-जोर से प्रचार कर रहे हैं कि गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है लेकिन वास्तविकता यह है कि घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग ही नहीं हो पा रही है, और यदि किसी तरह बुकिंग ऑनलाइन हो भी गई तो गैस सिलेंडर की आपूर्ति घरों पर नहीं हो रही है। सबसे ज्यादा समस्याएं उन लोगों के सामने है जो उम्र दराज लोग हैं, बीमार रहते हैं जिनके घर पर कोई सिलेंडर लेकर गोदाम पर जाने वाला और वहां से सिलेंडर लादकर घर लाने वाला नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी से हुई वार्ता के अनुसार होम डिलीवरी कराई जा रही है, लोगों को गोदाम पर नहीं आना चाहिए गैस सिलेंडर लेने के लिए लेकिन लोग मान नहीं रहे हैं।

# जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह संपन्न



गोसाईंगंज-अयोध्या। रंगों का पर्व होली आपसी भेद भाव मिटाने के साथ ही सभी के दिलों को जोड़ता है, जिस दिन समाज अपनी ताकत पहचान लेगा उस दिन एक जुटता अपने आप में लोगो को स्वयं दिखाई पड़ने लगेगी। उक्त बातें सोमवार को गोसाईगंज कस्बे से सटे मडहा पुल समीप लक्ष्मी मैरेज लॉन में गोसाईगंज जायसवाल समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज से पधारे कुंवर नरेंद्र बहादुर सिंह ने कही।श्री प्रकाश जायसवाल की अध्यक्षता एवं रूबी जायसवाल व मृत्युंजय जायसवाल के संयुक्त संचालन मे आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा प्रवक्ता राधेश शास्त्री के बैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप मे अयोध्या धाम से पधारे महेश जायसवाल,मुन्ना जायसवाल,रत्नेश जायसवाल, नीरज जायसवाल,अयोध्या नगर निगम के पार्षद अन्नू जायसवाल,बृजेन्द्र जायसवाल, जगदीश जायसवाल, गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद श्रीमती आरती जयसवाल, मीनाक्षी,नीलम,डॉ रत्ना जायसवाल,निक्की,सीमा,मोनी ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर माल्यार्पण एवं धूप दीप प्रज्वलित कर किया।समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक एवं म्यूजिकल कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम मे पधारे नीरज जायसवाल ने ऐसे कार्यक्रमों को हर साल आयोजित किए जाने पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जायसवाल ने नगर अध्यक्ष राम प्रकाश जायसवाल सोनू,उपाध्यक्ष रवि जायसवाल गुड्डू एवं उनकी टीम को साधुवाद देते हुए मोमेंटो भेट कर उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में अनूप जायसवाल, दिनेश जायसवाल (कटरा),अबिनाश,डॉ मधुर जायसवाल,अजय,रमेश जायसवाल,नवनीत जायसवाल, सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल ,अशोक जायसवाल ,बबलू जायसवाल, विनोद जायसवाल,शिव नारायण जायसवाल सहित अगल-बगल गांवो से आये जायसवाल समाज के सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# मौलाना अब्दुल सलीम को भेजा गया जेल मुख्यमंत्री की मां पर की थी अभद्र टिप्पणी



बहराइच .. प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाले बिहार के मौलाना को स्पेशल टास्क फोर्स ने बिहार में गिरफ्तार किया था । जिसके बाद आज उन्हें टीम बहराइच लेकर आई इस दौरान नगर कोतवाली में पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है । बिहार के रहने वाले मौलाना अब्दुल सलीम ने कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी । इसको लेकर प्रदेश के बहराइच समेत कई जिलों में उन पर मुकदमे दर्ज किए गए थे । जिसके बाद प्रदेश की एस टी एफ उन्हें बिहार से गिरफ्तार कर आज जनपद लेकर पहुंची यहां पर नगर कोतवाली में अधिकारियों की ओर से करीब 30 मिनट तक पूछताछ के बाद उन्हें जिला कारगार भेज दिया गया है । आपको बता दे अभद्र टिप्पणी को लेकर विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बीते आठ मार्च को नगर कोतवाली में मौलाना के खिलाफ तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था ।

# 6 शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

## साइबर ठगी में प्रयुक्त वाहन 7 मोबाइल व 15.40 लाख रूपये नगद बरामद

जिला संवाददाता



**बहराइच** । जनपद में संचालित साइबर अपराध सम्बन्धित हॉटस्पॉट पर कार्यवाही करते हुये करोड़ो की ठगी करने वाले सक्रिय गैंग का भंडाफोड करते हुये एक बड़े साइबर अपराध के संगठित गिरोह के 06 शातिर साइबर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार व उनके कब्जे से घटना में प्रयोग की जाने वाली एक महिन्द्रा कम्पनी की सफेद रवश 700, 07 अदद मोबाइल फोन, 01 पूर्व हस्ताक्षरित चेकबुक, 01 नोट गिनने वाली मशीन व रुपये 15,40,000 नगद धनराशि । पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा जनपद बहराइच में साइबर अपराध से सम्बन्धित हॉटस्पॉट के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक / नोडल अधिकारी साइबर क्राइम श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नगर/ अपराध श्री नारायण दत्त मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना निरीक्षक श्री रणजीत यादव व साइबर/सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक श्री अभिनव सिंह के नेतृत्व में मु0अ0सं0 02/2026 धारा 318(4), 308(5), 351(3), 352, 317(2), 61(2) बीएनएस व धारा 66 डी आईटी एक्ट के बावत अभियुक्तगण द्वारा संगठित तरीके से साइबर ठगी का नेटवर्क संचालित करके, लोगों को लालच देकर उनके बैंक खातों में साइबर फ्रॉड का पैसा मंगाकर चेक के माध्यम से निकाल लेते थे । अभियोग से सम्बन्धित 06 अभियुक्त 1. मो0 कैफ खान 2. नूर अहमद 3. अर्शियान उर्फ सुहेल 4. मो0 आमिर 5.सत्येन्द्र चौहान 6. रामजी यादव को राजापुर माफी से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है । गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों का विवरणः मो0 कैफ पुत्र स्व0 सनाउल्ला उम्र 23 वर्ष निवासी बौकहा थाना रामगांव जनपद बहराइच

नूर अहमद पुत्र मकसूद अहमद उम्र 27 वर्ष निवासी ढपालीपुरवा निकटमोहम्मदी मस्जिद थाना को0 देहात बहराइच

अर्शियान उर्फ सुहेल पुत्र मो0 जाहिद उम्र 26 वर्ष निवासी सखैय्यापुरा निकट छोटी बाजार चौराहा थाना को0 नगर जनपद बहराइच

मो0 आमिर पुत्र महफूज खां उम्र 31 वर्ष निवासी चांदपुरा निकट जकरिया मस्जिद थाना को0 नगर जनपद बहराइच

सत्येन्द्र कुमार चौहान पुत्र हरीश चन्द्र चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी मलुहा भकुरहा थाना मटेरा जनपद बहराइच

रामजी यादव पुत्र राम मूरत यादव उम्र 38 वर्ष निवासी मोहल्ला वशीरगंज उत्तरी मौर्या भवन के पीछे थाना को0 नगर जनपद बहराइच

# सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई उज्जवल भविष्य की कामना



बहराइच। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण को उपहार भेंट कर दी गई विद पुलिसकर्मी पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। बहराइच पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप उ0नि0 श्री सुरेन्द्र कुमार दूबे, उ0नि0 श्री राजेश शाही व मुख्य आरक्षी चालक श्री सुदेश कुमार को श्रीरामचरितमानस, ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया गया तथा उनके द्वारा किये गये योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# मिशन शक्ति अभियान, महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



बहराइच। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया।

संक्षेप

### गैलेक्सी ए57 5जी एआई फीचर्स के साथ लॉन्च

नयी दिल्ली। सैमसंग ने अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी को भारत में लॉन्च कर दिया है। ये डिवाइस यूजर्स को बेहतरीन एआई अनुभव, वॉइस और ट्रांसलेशन क्षमताएं और एडवांस फोटोग्राफी फीचर्स प्रदान करते हैं। ये फोन 'ऑन-डिवाइस प्रोसेसिंग' (फोन के भीतर ही प्रोसेसिंग) को प्राथमिकता देते हैं, जिससे स्पीड, सुरक्षा और एफिशिएंसी में सुधार होता है। गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी में एआई का सबसे नया और खास फीचर डायरेक्ट वॉइसमेल है। अगर आप कॉल नहीं उठा पाते, तो यह सुविधा कॉलर को मैसेज छोड़ने का विकल्प देती है, और खास बात यह है कि वह मैसेज आपको बिल्कुल कॉलर की असली आवाज में सुनाई देता है। एआई इसे तुरंत टेक्स्ट में बदल देता है और फोन में सुरक्षित सेव कर लेता है, यानी इसके लिए आपको नेटवर्क ऑपरेटर पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

### फिलिप मॉरिस इंडिया को लगातार पाँचवें साल ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया गया

नयी दिल्ली। फिलिप मॉरिस इंडिया ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड को ग्रेट प्लेसेज टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा लगातार पाँचवें साल ग्रेट प्लेस टू वर्क 2026-27 चुना गया गया है। इस सर्टिफिकेशन से प्रदर्शित होता है कि पीएम इंडिया कार्यस्थल पर लगातार एक प्रगतिशील संस्कृति का निर्माण करने पर केंद्रित है, ताकि कर्मचारियों को सबसे बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। अपनी पीपल-फर्स्ट स्ट्रेटेजी के तहत पीएम इंडिया अपने कर्मचारियों को काम करने का सही वातावरण, बेहतर संसाधन और करियर एवं प्रोफेशनल विकास के अवसर प्रदान करके उन्हें लगातार आगे बढ़ने में सहयोग देने तथा एक बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम इंडिया की संस्कृति पीएमआई डीएनए - वी केयर, वी आर बैटर टुगैदर, वी आर गेम चेंजर्स पर आधारित है, जो हमारी टीमों द्वारा सहयोग करने, इनोवेट करने और नेतृत्व करने की बुनियाद बनाती है।

### शिक्षानेक्स्ट: 170 करोड़ की मल्टी पार्टनर पहल का हुआ लॉन्च

नई दिल्ली। एक बोल्ड, मल्टी-डोनर एवं बहु वर्षीय पहल शिक्षानेक्स्ट, जिसका उद्देश्य ऐडटेक एवं एआई का सदुपयोग कर वंचित समुदायों के बच्चों के लर्निंग के परिणामों में सुधार लाना है। शिक्षानेक्स्ट 170 करोड़ रुपये की तीन वर्षीय पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में 13 मिलियन से अधिक बच्चों को 2029 तक टेक्नोलॉजी एवं एआई-इनेबल्ड लर्निंग के अवसरों के साथ सशक्त बनाना है। इस पहल को कई परोपकारी संगठनों एवं साझेदारों का समर्थन प्रापत है, जो टेक्नोलॉजी के जरिए लर्निंग के परिणामों को बेहतर बनाना चाहते हैं। इस गठबंधन में माइकल एंड सुसन डेल फाउंडेशन, रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन - फाउंडिंग स्ट्रैटेजिक पार्टनर हैं, जबकि सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन मैनेजिंग पार्टनर की भूमिका में हैं।


### एजईजी ने भारत का पहला एडल्ट डायपर पैंट पेश किया

नई दिल्ली। एजईजी ने हाल ही में स्मार्ट लिक्विड डिस्ट्रीब्यूशन तकनीक से युक्त देश का पहला एडल्ट डायपर पैंट पेश किया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए पुनः डिजाइन किए गए इन डायपरों में एक अनूठा तीन-स्तरीय डिजाइन है, जो अवशोषण को मापनीय रूप से बेहतर बनाता है, झुकाव को कम करता है और रोजमर्रा के उपयोग के लिए अधिक विश्वसनीय सुरक्षा प्रदान करता है। एजईजी ने हर लेयर और उनके आपसी तालमेल को नए सिरे से डिजाइन किया है, जिससे एक ऐसी तकनीक तैयार हुई है जो अब तक किसी और में नहीं देखी गई।

### नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने की सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की कीमतों में कमी की घोषणा

नयी दिल्ली। नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने आज टाइप 2 मधुमेह और मोटापे या अधिक वजन से जूझ रहे लोगों के लिए अपनी भरोसेमंद सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की कीमतों में कमी की घोषणा की। 1 अप्रैल 2026 से, भारत में ओजेम्पिक की शुरूआती खुराक की कीमत में 36प्रतिशत और वेगोवी की शुरूआती खुराक की कीमत में 48प्रतिशत की कमी की जाएगी। ओजेम्पिक (0.25 एमजी) और वेगोवी (0.25 एमजी) अब 202 रुपये प्रतिदिन या 1,415 रुपये प्रति सप्ताह (टैक्स सहित) की कीमत पर उपलब्ध होंगे। इसका उद्देश्य इन आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाओं को भारत में मधुमेह और मोटापे से जूझ रहे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है।

# युद्ध तय करेगा बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजारों ने वित्त वर्ष 2025-26 का समापन भले ही सात प्रतिशत की गिरावट के साथ किया है, लेकिन विश्लेषकों की नजर में अगले वित्त वर्ष में बाजारों के लिए परिदृश्य संरचनात्मक रूप से सकारात्मक बना हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में बीएसई सेंसेक्स 5,467.37 अंक यानी करीब सात प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में I,187.95 अंक यानी पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

समाप्त वित्त वर्ष के दौरान घरेलू शेयर बाजार पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, कच्चे तेल के बढ़े हुए दाम, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और भू-राजनीतिक तनाव का दबाव रहा। इस दौरान पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद बाजारों में तेज गिरावट देखी गई। 28 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत तक लुढ़क चुका है। इस दौरान ब्रेंट कच्चा तेल 115 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया जिससे मुद्रास्फीति और ब्याज दरों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। मौजूदा गिरावट घरेलू अर्थव्यवस्था की कमजोरी के बजाय बाहरी कारकों से प्रेरित है। कच्चे तेल के दाम, पश्चिम एशिया में तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली ने जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है। मार्च में ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की, जो अब तक का सबसे बड़ा मासिक बहिर्वाह है। निकट अवधि में बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन मजबूत घरेलू निवेश प्रवाह और कंपनियों की आय वृद्धि से आगे चलकर गिरावट को सीमित रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की वापसी के लिए कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, रुपये की स्थिरता और पश्चिम एशिया तनाव में कमी जरूरी होगी। विश्लेषकों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बाजार दो चरणों में बंटा रहा। पहले हिस्से में बाजारों ने मजबूत प्रदर्शन किया और दिसंबर, 2025 में सेंसेक्स 86,159 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। लेकिन वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में वैश्विक झटकों के कारण इसमें तेज गिरावट आई। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारतीय बाजार के परिदृश्य को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक परिस्थितियों में सुधार होने पर बाजारों में धीरे-धीरे स्थिरता लौटेगी और आय आधारित वृद्धि के दम पर दूसरी छमाही में सुधार देखने को मिल सकता है। हालांकि, निकट अवधि में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

# अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार डॉलर प्रति गैलन के पार, 2022 के बाद सबसे अधिक




न्यूयॉर्क। ईरान युद्ध के बीच वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत 2022 के बाद पहली बार औसतन चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई है।

वाहन कंपनियों के संघ एएए के अनुसार, नियमित पेट्रोल की राष्ट्रीय औसत कीमत अब 4.02 डॉलर प्रति गैलन हो गई है जो युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है। इससे पहले रूस के यूक्रेन पर हमला करने के दौरान करीब चार वर्ष पहले अमेरिका में पेट्रोल इतना महंगा हुआ था। यह कीमत राष्ट्रीय औसत है जिसका अर्थ है कि कुछ राज्यों में लोग काफी समय से चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक का भुगतान कर रहे हैं। राज्यों के बीच कीमतें कर दरों में अंतर के कारण अलग-अलग होती है। अमेरिका और इजराइन के 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य कार्वाई शुरू होने के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव और बढ़ोतरी हुई है। इस संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हुए हैं और पश्चिम एशिया के प्रमुख तेल उत्पादकों ने उत्पादन में कटौती भी की है जिससे कीमतों पर दबाव बढ़ा है। एएए के अनुसार, डीजल अब औसतन 5.45 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन पर बिक रहा है, जो युद्ध शुरू होने से पहले लगभग 3.76 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन था। डीजल का इस्तेमाल कई मालढुलाई और डिलिवरी ट्रक में ईंधन के रूप में किया जाता है।

## कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड ने नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की

मुंबई। कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड ने अपने निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की है। कंपनी के बोर्ड ने सूरज राजप्पन को तीन वर्षों के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 1 जून 2026 से प्रभावी होगी (जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है)। सूरज राजप्पन ने अपने करियर की शुरुआत कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड से ही की थी और उनके पास इस संस्थान में अलग-अलग विभागों में काम करने का 24 वर्षों का लंबा अनुभव है। वर्तमान एमडी और सीईओ शाहरुख टोडीवाला 31 मई 2026 को रिटायर होंगे। उन्होंने कोटक समूह के साथ तीन दशकों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दी हैं।

## आज 500 मिलियन से उपयोग करते हैं ट्रूकॉलर

नई दिल्ली। दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की संख्या लगातार काफी तेजी से बढ़ रही है, और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज्यादा नए यूजर्स इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रूकॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूजर्स की संख्या 150 मिलियन से ज्यादा है।

# कर प्रावधानों में बदलाव का रास्ता साफ

नयी दिल्ली। सरकार ने वित्त अधिनियम 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ कर प्रावधानों में बदलाव का रास्ता साफ हो गया है।

विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा 30 मार्च को राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, यह अधिनियम 2026-27 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाता है। इसमें कहा गया, संसद के इस अधिनियम को 30 मार्च, 2026 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली और इसे आम सूचना के लिए प्रकाशित किया जाता है। संसद ने पिछले सप्ताह वित्त विधेयक 2026 को मंजूरी दे दी और राज्यसभा ने ध्वनि मत से इसे लोकसभा को वापस भेज दिया। इसके साथ एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष के लिए बजट प्रक्रिया पूरी हो गई। लोकसभा ने 25 मार्च को 32 संशोधनों के साथ विधेयक पारित किया था। राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद विधेयक को वापस भेज दिया। केंद्रीय बजट 2026-27 में कुल व्यय 53.47 लाख करोड़ रुपये रखा गया है जो 31 मार्च को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है। अगले वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित कुल पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपये है। इसमें 44.04 लाख करोड़ रुपये के सकल कर राजस्व संग्रह और 17.2 लाख करोड़ रुपये की सकल उधारी का प्रस्ताव है।

## पूरे भारत में मासिक 5जी ट्रैफिक 12.9 ईबी पर पहुंचा

नई दिल्ली। नोकिया ने अपने वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स के 13वें संस्करण से आज निष्कर्ष जारी किए जिसमें भारत के 5जी अंगीकार और डेटा उपभोग एवं रुख में सतत मजबूत गति रेखांकित की गई है। यह रिपोर्ट इस बात का खुलासा करती है कि पूरे भारत में मासिक 5जी डेटा ट्रैफिक साल दर साल 70 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2025 में 12.2 एक्साबाइट पहुंच गया और इस प्रकार से कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में करीब 47 प्रतिशत योगदान यह कर रहा है। प्रति यूजर औसत मासिक मोबाइल डेटा उपभोग 2025 में बढ़कर 31जीबी से अधिक पहुंच गया जो पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा।

## यूरोपीय देशों में मुद्रास्फीति बढ़ी

फ्रैंकफर्ट। ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि होने से यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में मुद्रास्फीति दर मार्च में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 1.9 प्रतिशत थी। यूरोपीय संघ की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, ईरान युद्ध के बीच फारस की खाड़ी क्षेत्र से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने के बाद मुद्रास्फीति दर में यह उछाल आया है। यूरोपीय सांख्यिकी एजेंसी यूरोस्टैट के मुताबिक, मार्च में ऊर्जा संसाधनों की कीमतें 4.9 प्रतिशत बढ़ गईं जबकि फरवरी में इनमें 3.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। मार्च में खाद्य वस्तुओं की महंगाई अपेक्षाकृत कम 2.4 प्रतिशत रही।

## न्युबर्ग डायग्नोस्टिक्स को मिली एनएबीएल की मान्यता

नईदिल्ली। न्युबर्ग डायग्नोस्टिक्स वाराणसी लैब को मेडिकल परीक्षण हेतु नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। लैब को यह मान्यता आईएसओ 15189:2022 मेडिकल लेबोरेटरी मानक के अंतर्गत मिली है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, लंका की बिल्डिंग की दूसरी मंज़िल पर स्थित उच्चीकृत न्युबर्ग डायग्नोस्टिक्स लैब को यह मान्यता डायग्नोस्टिक परीक्षणों में गुणवत्ता, सटीकता और विश्वसनीयता के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत मानकों का पालन करने के लिए दी गई है। वाराणसी और आस-पास के इलाकों में मरीजों और उनके परिवारों के लिए, इस मान्यता का मतलब, डायग्नोस्टिक रिपोर्ट पर पहले से अधिक विश्वास है।

# नया आयकर कानून आज से होगा लागू

नयी दिल्ली। नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे।

इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं। इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए सेफ हार्बर प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी। आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी। आकलन वर्ष 2026-27 के लिए जुलाई 2026 में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे।

## ईसीएमएस विजन को आगे बढ़ाने के लिए अहम है डिजाइन सामर्थ्य और गुणवत्ता

बंगलुरु। अशोक चांडक, प्रेसिडेंट, आईईएसए ने बताया है कि ईसीएमएस स्कीम की सफलता दशार्ती है कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में इरादे से अमल की ओर एक निर्णायक परिवर्तन आया है। लिथियम-आयन सैल और फ्लेक्सिबल पीसीबी से लेकर कनेक्टर और डिस्प्ले मॉड्यूल तक मंजूरियां 16 प्रोडक्ट सैगमेंटों में हैं, और ये 8 राज्यों में फैले हुए हैं, जिसमें कर्नाटक और महाराष्ट्र प्रोजेक्ट की तदाद में सबसे आगे हैं। इन निवेशों से 14,000 से ज्यादा नौकरियां पैदा होने और 84,515 करोड़ रुपये का उत्पादन होने की उम्मीद है, जो इस स्कीम के तहत बन रहे मजबूत मोमेंटम को दिखाता है। मोटे तौर पर, ईसीएमएस प्रोग्राम में 12 राज्यों से 23 उत्पाद श्रेणियों में 75 आवेदन आए हैं।

# नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार गौरव पुनर्स्थापित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक:मुर्मू



राजगीर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं और कहा कि इस संस्थान से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को मानवता की साझा विरासत प्राप्त होती है।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, यहां से स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों को दो चीजें मिलती हैंडिग्री और विरासत। डिग्री जहां उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, वहीं उन्हें मानवता की साझा विरासत भी मिलती है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों में आधे से अधिक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी हैं, जो 30 से अधिक देशों से आए हैं। राष्ट्रपति ने समारोह से पहले पौधारोपण अभियान में भी हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय की नेट-जीरो लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। नेट जीरो उत्सर्जन का मतलब है कि जो जितना कार्बन उत्सर्जन करता है, उतना ही कार्बन खत्म करने की व्यवस्था भी करे। नेट जीरो का मतलब यह नहीं है कि कार्बन का उत्सर्जन शून्य हो जाएगा। यह परिसर नेट-जीरो कैंपस बनने की दिशा में स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उच्च शिक्षण संस्थानों को उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने दौरे की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में बने विश्व मित्रालय भवन के उद्घाटन से की। यह अत्याधुनिक भवन लगभग दो हजार लोगों की क्षमता वाला है और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रपति नालंदा विश्वविद्यालय की विजिटर भी हैं। नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके गौरवशाली विरासत को आधुनिक स्वरूप में पुनर्स्थापित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## कमजोर वर्गों के छात्रों को 1500 शैक्षणिक छात्रवृत्तियां प्रदान की गयी

लखनऊ। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज लखनऊ में अपना सीएसआर कार्यक्रम आयोजित किया, जो वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कंपनी की 200 करोड़ की राष्ट्रीय सीएसआर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश में यह पहल समूह के व्यापक राष्ट्रीय सीएसआर ढांचे के तहत राज्य-स्तरीय क्रियान्वयन को दर्शाती है, जिसका फोकस शिक्षा, स्वास्थ्य, भूख उन्मूलन, आवास और पर्यावरणीय स्थिरता पर है। यह कार्यक्रम लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य भर के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को 1,500 शैक्षणिक छात्रवृत्तियां प्रदान की जा रही हैं। मलाबार समूह के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा कि हमारी सीएसआर पहलें समुदायों में दीर्घकालिक और संरचित प्रभाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से डिजाइन की गई हैं।

पेज एक का शेष

### निवेश, नवाचार

स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का पूरा ढांचा तीन प्रमुख स्तंभों 'अर्थशक्ति, जनशक्ति और जीवनशक्ति' पर आधारित है, जिन्हें मजबूत करने के लिए कृषि, उद्योग, सेवाएं, बुनियादी ढांचा, सामाजिक क्षेत्र और सुशासन को एकीकृत रूप से आगे बढ़ाना होगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि विजन डॉक्यूमेंट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रीयल-टाइम डैशबोर्ड के माध्यम से नियमित समीक्षा व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि प्रगति की सतत निगरानी हो और आवश्यक सुधार समय पर सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दस्तावेज स्थिर नहीं, बल्कि एक डायनामिक और एक्शन-ओरिएंटेड मार्गदर्शिका होनी चाहिए।

### हर जनपद

विकास की प्रवृत्तियों को नियमित रूप से बैठकों में प्रस्तुत किया जाए। ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो के चयन मानदंडों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पदों के लिए उच्च शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी दक्षता सुनिश्चित की जाए। नियोजन विभाग की ओर से बताया गया कि आर्थिक विकास विशेषज्ञ के लिए अर्थशास्त्र, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, इकोनोमेट्रिक्स या फाइनेंस/डेटा साइंस में परास्नातक अथवा एमबीए तथा डेटा विश्लेषक के लिए सांख्यिकी, एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स, इकोनोमेट्रिक्स या बिजनेस एनालिटिक्स/डेटा साइंस में परास्नातक अथवा एमबीए की योग्यता निर्धारित की जा सकती है।

### कानपुर में

अस्पताल में भर्ती था, जबकि गुर्दा लेने वाली मरीज़ को किसी दूसरे अस्पताल में रखा गया था। उन्होंने बताया कि छह आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं-- 143 (तस्करी) और 3(5) (किसी एक ही मकसद को पूरा करने के लिए सामूहिक रूप से कोई आपराधिक काम करना) तथा मानव अंग और ऊत्तक प्रतिरोपण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सेमीकंडक्टर

श्रृंखलाओं को बाधित किया तो भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण का केंद्र बनने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र बना रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी इसी प्रयास का एक प्रमाण है। अपने वैश्विक भागीदारों के साथ मिलकर काम करते हुए हमारा लक्ष्य एक सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करना है।

भारत हाल ही में पैक्स सिलिका में शामिल हुआ है। यह अमेरिका के नेतृत्व वाला एक रणनीतिक गठबंधन है जिसे दिसंबर 2025 में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था जिसमें सेमीकंडक्टर, एआई और दुर्लभ मृदा तत्वों पर विशेष ध्यान दिया गया है। मोदी ने कहा, इसके अलावा, महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मिशन महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और उत्पादन पर ज़ोर देता है।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि खनिजों के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने के लिए I,500 करोड़ रुपये की एक योजना शुरू की गई है। मोदी ने इस साल के बजट में रेयर अर्थ कॉरिडोर की घोषणा का ज़िक्र किया, जिसमें ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे तटीय राज्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, यह कॉरिडोर एक एकीकृत नेटवर्क के रूप में कार्य करेगा, जो खनन, शोधन और विनिर्माण तक फैली एक सुदृढ़ मूल्य श्रृंखला का निर्माण करेगा। हमारा उद्देश्य देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिजों का एक राष्ट्रीय भंडार स्थापित करना है।

### बिहार के

सहायक पुलिस अधीक्षक नूरुल हक ने कहा मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ के दौरान कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गयी, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। इस घटना में कई श्रद्धालु घायल भी हुए हैं। पुलिस बल और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है। नालंदा के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शुभम कुमार ने पत्रकारों से कहा कि मंदिर में अत्यधिक भीड़ के कारण यह हादसा हुआ होगा। उन्होंने कहा इस घटना में आठ श्रद्धालुओं की मौत हुई है और पांच से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंदिर में हुई भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया, "मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ स्थित शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। वह श्रद्धालुओं की मौत से बेहद दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के निकटतम परिजनों को छह-छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### पेट्रोल-डीजल

पूरी तरह सामान्य है। राज्य में 12,888 पेट्रोल पंप संचालित हैं। 27 से 29 मार्च के बीच हजारों किलोलीटर ईंधन की बिक्री हुई है वहीं वर्तमान में प्रदेश में करीब 91 हजार किलोलीटर पेट्रोल और 1.15 लाख किलोलीटर डीजल का स्टॉक उपलब्ध है।

### ईरान के

के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। इस बीच, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में हमले तेज करते हुए दुबई के जलक्षेत्र में एक कुवैती तेल टैंकर को ड्रोन से निशाना बनाया, जिससे उसमें आग लग गई। हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में दुबई में चार लोग घायल भी हुए। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि ईरान केवल अमेरिकी बलों को निशाना बना रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अमेरिकी बलों को क्षेत्र से बाहर किया जाना चाहिए।

### विविध सांस्कृतिक

प्रदान और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपने प्रश्न रखे, जिन पर मुख्यमंत्री ने विस्तार से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने उत्तर-पूर्वी राज्यों को अष्टलक्ष्मी बताते हुए कहा कि वहां की समृद्ध परंपराएं और सांस्कृतिक धरोहर देश की पहचान को और अधिक सशक्त बनाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संवाद कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों के बीच आपसी समझ और एकता को बढ़ावा देते हैं। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान यह दल देहरादून से उत्तरकाशी तक विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर राज्य की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य से रूबरू हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों के बीच भौगोलिक परिस्थितियों के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों में भी काफी समानता है, जो राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करती है। छात्रों की ओर से उठाए गए सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य में अध्ययनरत सभी बाहरी छात्रों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और हेल्पलाइन सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं के समग्र विकास के लिए 19 हजार करोड़ रुपये का जेंडर बजट निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तर-पूर्व के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता की सराहना करते हुए कहा कि वहां की पर्वतमालाएं, चाय बागान, झीलें और परंपराएं देश की सांस्कृतिक समृद्धि को नई ऊंचाई देती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहे हैं। नीति के माध्यम से कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन और डिजिटल क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है।

### सेवा, संकल्प

विराज सागर दास द्वारा लोगों के लिए तमाम निःशुल्क सेवाएं आज संजीवनी बन चुकी हैं। धार्मिक विरासत की पहचान ऐतिहासिक गणेश महोत्सव बन चुका है। बीबीडी ग्रुप समाज सेवा के अपने संकल्प के तहत सर्दियों में शहर के प्रत्येक चौराहों पर अलाव जलवाने, गरीबों को कम्बल वितरण करने, तपती गर्मियों में प्याऊ लगवाकर ठंडे पानी से लोगों की प्यास बुझाने और समय- समय पर भण्डारे का आयोजन कर भोजन वितरण के कार्यक्रमों के जरिए समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कहना अतिशयोक्ति न होगा कि समाजसेवा ही बीबीडी ग्रुप का एकमात्र ध्येय है।

उन्होंने कहा कि डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का योगदान केवल राजनीति और सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी स्थायी और प्रभावशाली विरासत स्थापित की। उनके मार्गदर्शन में वर्ष 2003 में बाबू बनारसी दास एजुकेशनल सोसाइटी लखनऊ द्वारा नई दिल्ली में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (पूर्व में एडीजीआईटीएम) की स्थापना की गई, जो आज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में स्थापित है। खेल प्रशासन के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा, जिसने युवाओं को नई दिशा और अवसर प्रदान किए। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने विशेष रूप से बैडमिंटन के क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में उनके नेतृत्व में भारत ने न केवल अपना पहला ओलंपिक पदक जीता, बल्कि 2013 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक सहित कई अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल कीं। एक पूर्व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी होने के नाते उन्होंने खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर नीतियां बनाईं। इसके साथ ही सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखते हुए ऑल इंडिया वाल्मीकि महासभा द्वारा दोपहर अच्छे लाल वाल्मीकि सामाजिक चेतना वाटिका, परिवर्तन चौक, हजरतगंज में कोऑपरेटिव सोसाइटी, नगर निगम लखनऊ के पूर्व चेयरमैन कमल वाल्मीकि और पूर्व पार्षद प्रत्याशी आयुष वाल्मीकि द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

इसके अलावा संत मदर टेरेसा आश्रम, सप्रू मार्ग, हजरतगंज में दोपहर जय श्री बिजनेस कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अजय दीप एवं एमडी जयश्री प्रिया गुप्ता के नेतृत्व में फल वितरण और केक काटकर जयंती मनाई गयी। दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य महेश चंद्र राठौर एवं स्पर्श दरबारी द्वारा सिविल अस्पताल, हजरतगंज में दोपहर मरीजों और उनके तीमारदारों को भोजन एवं फल वितरित किया गया।

संदीप अग्रवाल द्वारा नरही में 250 स्कूली बच्चों को स्कूली बैग एवं किट वितरित किया गया। इन विविध आयोजनों के माध्यम से न केवल डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के योगदान का स्मरण किया गया बल्कि उनकी उस सोच को भी आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया जिसमें शिक्षा, सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच ही सबसे बड़ी प्राथमिकता थी। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयन्ती के अवसर पर देश की राजधानी नई दिल्ली एवं लखनऊ के साथ साथ पूरे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद् व खेल जगत से जुड़ी तमाम हस्तियों, बीबीडी परिवार के सभी सदस्यों ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी को श्रद्धा के साथ याद किया। इस मौके पर सर्वश्री कैलाश पाण्डेय, अरुण गुप्ता, राजीव बाजपेयी, अशोक सिंह, रेहान अहमद खान, सुबोध श्रीवास्तव, निहाल खान, अचल मेहरोत्रा, डॉ. पीएस जायसवाल, वंदना राज अवस्थी, शान बख्शी, आशा मौर्या, कमलेश गुप्ता, उमा गुप्ता, ऊषा बाल्मीकि, चन्द्र रावत सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।




# पंजाब ने गुजरात को तीन विकेट से हराया

## आईपीएल : डेब्यू मैच में कूपर कोनोली की फिफ्टी, विजयकुमार वैशाख ने लिए 3 विकेट

एजेंसी



मुल्लांपुर। आईपीएल के चौथे मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हरा दिया। मुल्लांपुर में मंगलवार को पंजाब ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। पंजाब ने 19.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल किया। डेब्यू मैच खेलने उतरे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कोनोली ने पंजाब से फिफ्टी लगाई। उनकी पारी ने ही टीम को जीत दिलाई। विजयकुमार वैशाख ने 3 और युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए। गुजरात से शुभमन गिल ने 39 और जोस बटलर ने 38 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा को 3 विकेट मिले। पंजाब ने 109 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे। यहां प्रसिद्ध बॉलिंग करने आए, उन्होंने 2 ओवर में 3 विकेट झटक लिए। पंजाब ने 118 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। 144 पर 7वां विकेट भी गिर गया। यहां से कोनोली आखिर तक टिके रहे और टीम को जीत दिला दी।

आईपीएल के चौथे मैच में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 163 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर में पंजाब ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 39 और जोस बटलर ने 38 रन बनाए। पंजाब से विजयकुमार वैशाख ने 3 और युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह ने 20वें ओवर में 11 गेंदें फेंकीं। ओवर में 4 वाइड और 1 नो-बॉल शामिल रहीं। यह आईपीएल के किसी एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें फेंकने के रिकॉर्ड की बराबरी रही। अर्शदीप सिंह ने 20वें ओवर में 11 गेंदें फेंक दीं। ओवर में 4 वाइड और 1 नो-बॉल शामिल रहीं। यह आईपीएल के किसी एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें फेंकने के रिकॉर्ड की बराबरी रही। उनसे पहले शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा और हार्दिक पंड्या भी 11-11 गेंदें फेंक चुके हैं। 19वें ओवर में विजयकुमार वैशाख ने 2 विकेट लिए। ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने शाहरुख खान को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच कराया।

शाहरुख 4 रन ही बना सके। वैशाख ने वॉशिंगटन सुंदर और ग्लेन फिलिप्स को भी पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में गुजरात ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की पहली बॉल विजयकुमार वैशाख ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। वॉशिंगटन सुंदर ने शॉट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच हो गए। वे 18 रन ही बना सके। 18 ओवर के बाद गुजरात ने 4 विकेट खोकर 144 रन बना लिए। टीम से वॉशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान पिच पर मौजूद रहे। 16वें ओवर में गुजरात ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फेंकी। जोस बटलर ने आगे निकलकर बड़ा शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑन पर जैवियर बार्टलेट के हाथों कैच हो गए। बटलर ने 38 रन बनाए। 14वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बॉल विजयकुमार वैशाख ने फुलर लेंथ फेंकी। ग्लेन फिलिप्स ने सामने की ओर शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर मार्को यानसन के हाथों कैच हो गए। फिलिप्स ने 17 गेंद पर 25 रन बनाए। 12वें ओवर में गुजरात टाइटंस ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली।

ग्लेन फिलिप्स ने युजवेंद्र चहल के खिलाफ चौका लगाया और टीम के 100 रन पूरे करा दिए। 10वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। शुभमन गिल ने स्लॉग स्वीप खेला, लेकिन डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। शुभमन ने 39 रन बनाए। गुजरात टाइटंस ने 7वें ओवर में पारी का पहला छक्का लगाया। जोस बटलर ने विजयकुमार वैशाख की स्लोअर गेंद को सामने की दिशा में बाउंड्री के बाहर भेज दिया। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। टीम ने 6 ओवर में एक भी छक्का लगाए बिना 54 रन बना लिए। जोस बटलर और कप्तान शुभमन गिल पिच पर मौजूद रहे। वहीं साई सुदर्शन 13 रन बनाकर आउट हुए। चौथे ओवर में पहली बार बॉलिंग करने आए मार्को यानसन ने पंजाब को पहला विकेट दिलाया। ओवर की चौथी बॉल उन्होंने गुड लेंथ पर फेंकी।

साई सुदर्शन हवा में शॉट खेलने गए, लेकिन मिड ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 11 गेंद पर 13 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 3 ओवर में 35 रन बना लिए। शुभमन गिल और साई सुदर्शन हर ओवर में औसतन 12 रन बना रहे हैं। गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ पहले ओवर में 9 रन बनाए। तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को गुजरात टाइटंस के लिए आईपीएल डेब्यू का मौका मिला। दूसरी ओर पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली भी डेब्यू कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ का मानना है कि आईपीएल 2026 के पहले मैच में वैभव सूर्यवंशी ने जिस तरह विश्व स्तरीय गेंदबाजों को दबाव में ला दिया, वह उसकी खास प्रतिभा और निडर खेल का परिचायक है। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी ने 15 गेंद में अर्धशतक जमाकर राजस्थान रॉयल्स को चेन्नई सुपर किंग्स पर शानदार जीत दिलाई। पिछले साल आईपीएल शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने सूर्यवंशी ने मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, वैभव सूर्यवंशी अलग ही खिलाड़ी है। उसने गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ दी। मैट हेनरी और खलील अहमद जैसे गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

वहीं नूर अहमद जैसे गेंदबाज के लिये भी परेशानी का सबब बना। उन्होंने कहा, उसने पंद्रह वर्ष की उम्र में चार बेहतरीन गेंदबाजों पर अपनी बेखौफ बल्लेबाजी से दबाव बनाया। यह उसकी खासियत है और मुझे बहुत पसंद है। जिस तरह से उसने इस सत्र में शुरूआत की है, यह उसके लिये यादगार रहने वाला है। वहीं दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि कैमरन ग्रीन से आईपीएल और आस्ट्रेलिया क्रिकेट में काफी उम्मीदें हैं लेकिन इस हरफनमौला में वह काबिलियत है जिससे वे इन उम्मीदों को संतुलित करते हुए अपने कैरियर को लगातार उंचाइयों की ओर ले जा सकते हैं।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से आज

एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ सुपर जाइंट्स बुधवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरूआत करेगी तो कप्तान ज षभ पंत पर प्रदर्शन में सुधार का काफी दबाव रहेगा। पिछले साल लखनऊटीम के साथ बतौर कप्तान और स्टार बल्लेबाज अपने पहले साल में पंत अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। प्रमुख खिलाड़ियों खासकर तेज गेंदबाजों की चोटों ने उनकी मुश्किलें और बढा दी थी। इस साल उनके पास पूरी तरह से फिट टीम है और मोहम्मद शमी तथा एनरिच नॉर्किया जैसे अनुभवी गेंदबाजों के आने से आक्रमण मजबूत हुआ है। अक्सर चोटिल रहने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पिछले एक साल में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और लखनऊको उम्मीद होगी कि वह उस भरोसे पर खरे उतरें जो टीम ने उन पर किया है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं जबकि प्रिंस यादव ने भी अपनी मध्यम तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया है। स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने पहले साल में ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी थी और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। गेंदबाजी की तुलना में लखनऊकी बल्लेबाजी बेहतर लग रही है। मिचेल मार्श और एडेन मार्करम आईपीएल की सबसे खतरनाक सलामी जोड़ियों में से है। पिछले सत्र में चौथे नंबर पर कोई कमाल नहीं कर सके पंत ने तीसरे नंबर पर शतक जमाया था।

वह तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे जबकि निकोलस पूरन चौथे नंबर पर खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सत्र में सात सलामी जोड़ियों को आजमाया लेकिन बात नहीं बनी। इस सत्र में उन्हें शीर्षक्रम में स्थिरता की उम्मीद होगी। केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे लेकिन उनके साथ पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल या पाथुम निसांका में से कौन होगा, अभी तय नहीं है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये डेविड मिलर को लाया गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टिन स्टब्स भी टीम में हैं। चोट के कारण मिचेल स्टार्क पहला मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है। कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे दो मैच विनर उसके पास है। उनके साथ लुंगी एंगिडि भी हैं जो टी20 विश्व कप में जबर्दस्त फॉर्म में थे। मैच का समय : शाम 7.30 से।

टीमें :

लखनऊसुपर जाइंट्स : ज षभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी

दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करूण नायर, साहिल पारख।

## संक्षेप

### चैम्पियनशिप : प्रिया की शानदार जीत

उलानबटोर। भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5 . 0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5 . 0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंज्रू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3 . 2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

### सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप में 29 टीमें

रांची। यहां बुधवार से शुरू हो रही 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में तीन श्रेणियों में 29 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक चलेगा और टीमें ए, बी तथा सी श्रेणियों में भाग लेंगी। ए श्रेणी की टीमें चैम्पियनशिप खिताब के लिये खेलेंगी जबकि बी श्रेणी की शीर्ष दो टीमों और सी श्रेणी की विजेता टीम को प्रमोशन मिलेगा। ए और बी श्रेणी की आखिरी दो टीमें अगले साल क्रमशः बी और सी श्रेणी में खिसक जायेंगी। ए श्रेणी में बारह टीमों को चार पूल में बांटा गया है और नॉकआउट चरण नौ अप्रैल से खेला जायेगा। पूल ए में मेजबान हॉकी झारखंड, बिहार और महाराष्ट्र हैं जबकि पूल बी में ओडिशा, हॉकी पंजाब और हॉकी आंध्र प्रदेश हैं। पूल सी में हॉकी हरियाणा, हॉकी मध्यप्रदेश और मणिपुर हॉकी हैं। सभी टीमों को जीतने पर तीन अंक और ड्रॉ पर एक अंक मिलेगा।

### भारत का सामना सैफ अंडर 20 सेमीफाइनल में भूटान से

माले। गत चैम्पियन भारतीय टीम सैफ अंडर 20 फुटबॉल चैम्पियनशिप क सेमीफाइनल में बुधवार को भूटान से खेलेगी। दूसरा सेमीफाइनल नेपाल और बांग्लादेश के बीच खेला जायेगा। भारतीय टीम को ग्रुप चरण के बाद तीन दिन का ब्रेक मिला था जिसके बाद टीम तरोताजा होकर सेमीफाइनल में उतरेगी। खिलाड़ियों ने एक पूरा दिन बीच पर बिताया।

# किसी और को अपनी सीमाएं तय मत करने दो : शीतल देवी

एजेंसी

नयी दिल्ली। वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुनी गई दुनिया की नंबर एक शीतल देवी का मानना है कि यह सम्मान बरसों की कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किये गए बलिदानों को दर्शाता है और उनका फलसफा यही है कि किसी और को अपनी सीमायें तय करने नहीं दें। दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज शीतल को विश्व तीरंदाजी ने सोमवार को वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जो उनकी असाधारण उपलब्धियों में एक और इजाफा है।

बैंकॉक में एक टूर्नामेंट में भाग ले रही शीतल ने भाषा से खास बातचीत में कहा यह अद्भुत है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों में नामांकन मिलना ही खास था और यह पुरस्कार जीतना यादगार और बहुत खास है। यह हर घंटे की कड़ी मेहनत, हर नाकामी और चुपचाप किये गए बलिदानों को दर्शाता है। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ की 19 वर्ष की पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने दक्षिण कोरिया में 2025 विश्व पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में गत चैम्पियन और तत्कालीन नंबर एक तीरंदाज तुर्की की ओजनुर क्यूरे को हराकर खिताब जीता था। वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाली पहली भुजाहीन महिला तीरंदाज भी बनी।

शीतल ने कहा, यह माता रानी का आशीर्वाद है और उनकी कृपा मुझ पर हमेशा रहती है। मैं अपने परिवार, कोच, टीम और मेरे साथ विकट परिस्थितियों में भी खड़े रहने वाले हर व्यक्ति को इसका श्रेय देती हूं। उदीयमान खिलाड़ियों को क्या सुझाव देंगी, यह पूछने पर उन्होंने कहा कि सभी को संयम के साथ प्रक्रिया पर भरोसा करते हुए आगे बढना चाहिये। उन्होंने कहा किसी और को अपनी सीमायें तय मत करने दो। आपका सफर अपना है जिसमें संयम बनाये रखते हुए प्रक्रिया पर भरोसा रखो और हर दिन बेहतर करने की कोशिश करो। किसी में कोई कमी नहीं होती बस थोड़ी मेहनत की कमी होती है।

# केआईटीजी : शिव व पृथ्वी को स्वर्ण पदक



एजेंसी

रायपुर। झारखंड के स्प्रिंटर शिव कुमार सोरेन और पृथ्वी उरांव ने मंगलवार को यहां आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) की 100 मीटर स्पर्धा में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए सिद्धार्थ नागेश ने गोला फेंक में स्वर्ण और चक्का फेंक में रजत पदक जीता जबकि तिलक बारसेल ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। शिव कुमार और पृथ्वी ने अपने वर्गों की 100 मीटर की दौड़ में अपने राज्य के लिए गोल्डन डबल (दो स्वर्ण पदक) हासिल किया। शिव कुमार ने 10.58 सेकंड का समय लिया जबकि बारसेल ने 10.87 सेकंड से रजत पदक जीता। ओडिशा के आतिश किंडो (10.91 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ के फाइनल में 16 वर्षीय पृथ्वी ने 12.73 सेकंड का अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। नगालैंड की रुडुओल्हुनुओ बेल्हो (12.90 सेकंड) और झारखंड की पुतुल बख्शी (13.03 सेकंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। जगदलपुर में बेमौसम बारिश के कारण कल शाम का एथलेटिक्स सत्र रद्द हो गया था इसलिए आज सुबह का सत्र काफी व्यस्त रहा जिसमें सात फ़ाइनल मुक़ाबले हुए। पदक तालिका में कर्नाटक 19 स्वर्ण, सात रजत और सात कांस्य पदक के साथ पहले स्थान पर बना हुआ है जबकि ओडिशा 13 स्वर्ण, आठ रजत और 15 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर है। झारखंड ने सात स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक के साथ रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। छत्तीसगढ़ दो स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में 10वें स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर चेन्नई लायंस की जगह यूपी प्रोमेथियंस को अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में शामिल किया गया। आयोजकों ने मंगलवार को लीग के सातवें सत्र से पहले यह घोषणा की। यूपी टीम के मालिक उद्यमी मुकेश शर्मा हैं। यूटीटी के सातवें सत्र का आयोजन जुलाई में गोवा में होगा।

### मापारा, यादनिक व दांडेकर की लगातार चौथी जीत

मुंबई। पलाश मापारा, प्रतीक यादनिक और अमेया दांडेकर ने मंगलवार को यहां अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स के तीसरे सत्र के चौथे दौर में लगातार चौथी जीत दर्ज की। अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स मुंबई चेस सेंटर द्वारा आयोजित फिडे रेटिड क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट है। मापारा ने ध्रुव मुथे को और यादनिक आदित्य सिद्धार्थ को हराया। वहीं अमेया दांडेकर ने विराज राठी को शिकस्त देकर चौथी जीत दर्ज की।

# निःशुल्क प्ले एन फिट टेनिस ट्रेनिंग कैंप का हुआ समापन

खेल संवाददाता



लखनऊ। बिजनौर रोड स्थित ओमेक्स सिटी में प्ले एन फिट टेनिस अकादमी द्वारा आयोजित निःशुल्क टेनिस प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन हुआ। यह विशेष कैंप 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक चला, जिसमें 4 साल से लेकर 14 साल तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान हर दिन के लिए एक विशेष तकनीकी कौशल निर्धारित किया गया था। कैंप के पहले दिन खिलाड़ियों को 'फोरहैंड' की तकनीक सिखाई गई, वहीं दूसरे दिन 'बैकहैंड' शॉट पर ध्यान केंद्रित किया गया। अगले दिन खिलाड़ियों को सही तरीके से 'सर्व' करना सिखाया गया तथा नेट पर 'वॉली' मारने का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दो दिनों प्रतिभागियों के बीच रोमांचक मैच करवाए गए, ताकि वे अपनी सीखी हुई तकनीकों का मैदान पर प्रयोग कर सकें। टेनिस के तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया। हर दिन 'फन गेम्स' के माध्यम से बच्चों को फिटनेस ट्रेनिंग दी गई, जिससे प्रशिक्षण मनोरंजक बना रहा। 31 मार्च 2026 को कैंप के अंतिम दिन, अकादमी के संस्थापक मोहम्मद उबैद द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस तरह के निःशुल्क कैंप समाज में स्वास्थ्य और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। मोहम्मद उबैद ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार होता है। आज के डिजिटल युग में, जहाँ बच्चे मोबाइल और स्क्रीन के करीब हैं, यह पहल उन्हें खेल के मैदान तक लाने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

# अंशुमान व एकलव्य एकल के क्वार्टर फाइनल में

खेल संवाददाता

लखनऊ। पांचवीं वरीय उत्तर प्रदेश के अंशुमान सिंह व एकलव्य सिंह ने प्रथम स्वर्गीय डॉ केएसएम यूनुस आइटा प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में मुख्य ड्रा के दूसरे दिन जीत दर्ज करते हुए एकल के क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। इरम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा प्रायोजित टूर्नामेंट का आयोजन उत्तर प्रदेश टेनिस

> प्रथम स्वर्गीय डॉ केएसएम यूनुस आइटा प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट

एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में किया जा रहा है। पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीय उत्तर प्रदेश के अंशुमान सिंह ने उत्तर प्रदेश के ही वंश यादव को 6-4, 6-4 से हराया। वहीं उत्तर प्रदेश के एकलव्य सिंह ने उत्तर प्रदेश के ऋषि यादव के खिलाफ थोड़े संघर्ष के बाद 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। वहीं एकल में अन्य मेजबान खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। अन्य प्री क्वार्टर



फाइनल में शीर्ष वरीय महाराष्ट्र के अथर्व शर्मा ने दिल्ली के वंश बिष्ट को टाईब्रेक तक खिंचे मुकाबले में 6-4, 2-6, 7-6(10) से शिकस्त दी।

इसी के साथ दूसरी वरीय दिल्ली के सार्थक सूदन ने दिल्ली के आदित्य कोठारी को 6-3, 6-1 से और चौथी वरीय तमिलनाडु के मुकिल रामानन ने बिहार के वैभव सिंह को 6-3, 6-3 से मात दी। इसके अलावा क्वालीफायर हरियाणा के सुनील कुमार ने केरल के अरुण कुमार कौशिक को 6-1, 6-1 से, क्वालीफायर राजस्थान के अमित ने महाराष्ट्र के पार्थ आर पाटिल को 6-4, 6-3 से और क्वालीफायर हरियाणा के हर्ष मलिक ने पश्चिम बंगाल के आदित्य कुमार को 1-6, 6-1, 6-0 से पराजित करते हुए अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित किया।

दूसरी ओर आज से शुरू हुए पुरुष पुरुष युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। अरुण कुमार कौशिक व यशार्थ चड्ढा ने शोभित टंडन व सौरभ कुमार सिंह को सुपर टाईब्रेक में 6-1, 3-6, 14-12 से हराया। वहीं राजेश्वर व पांशुल ओबोवेजा ने सुपर टाईब्रेक तक खिंचे रोमांचक मुकाबले में वंश यादव व ऋषि यादव को 0-6, 6-4, 10-3 से हराया।

### पहले लिटिल अंडमान प्रो 2026 से सर्फिंग सत्र की होगी शुरुआत

नई दिल्ली। भारत के बेहतरीन सर्फर और स्टैंड-अप पैडर नौ से 12 अप्रैल तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में होने वाली पहली लिटिल अंडमान प्रो 2026 - राष्ट्रीय सर्फ़ और एसयूपी चैंपियनशिप में पहला स्थान हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल (एसयूपी) दोनों स्पर्धायें होंगी। साथ ही इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को इस साल के एशियाई खेलों से पहले अनुभव भी मिलेगा। भारत ने 2024 एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में अपना पहला एशियाई खेलों का कोटा हासिल किया था और महाबलीपुरम में हुए 2025 के चरण में उस लय को बनाए रखते हुए आखिरकार जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए अधिकतम चार स्थान सुनिश्चित किए जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दो-दो स्थान शामिल हैं।

# अभय और अनाहत ने एशियाई स्क्वाश 2025 के पुरस्कार जीते

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के अभय सिंह को एशियाई स्क्वाश महासंघ (एएसएफ) ने 2025 का उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी घोषित किया जबकि उभरती हुई युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह को लड़कियों के वर्ग (जूनियर) में शीर्ष सम्मान के लिए चुना गया। एएसएफ द्वारा जारी विजेताओं की सूची के अनुसार भारतीय लड़कों की टीम को पुरुष टीम पुरस्कार के लिए चुना गया है जिसने मिस्र में आयोजित 2025 विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

अभय वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज हैं। वह कई बार एशियाई खेलों में पदक जीत चुके हैं और एशियाई चैंपियनशिप के विजेता भी हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे जिसने पिछले साल भारत को पहला विश्व कप मिश्रित टीम खिताब दिलाया था। विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत भी कई बार एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। 2025 में उन्होंने काहिरा में आयोजित विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और वह भारत की स्वर्ण पदक विजेता विश्व कप मिश्रित टीम का भी हिस्सा रही थीं।

### कनाडा सुपर 60 का दूसरा सत्र 29 सितंबर से शुरू

मुंबई। कनाडा सुपर 60 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सत्र इस साल के आखिर में आयोजित किया जाएगा जिसमें पिछले सत्र की पुरुष वर्ग की विजेता ब्रैम्पटन ब्लिट्ज अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगी जबकि टोरंटो सिक्सर्स महिलाओं के वर्ग में अपने मजबूत प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए प्रयासरत होगी। यह लीग 29 सितंबर से चार अक्टूबर तक वैंकुवर के बीसी प्लेस स्टेडियम में होगी। लीग के साझेदार और भारत के मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा कि क्रिकेट की दुनिया इस टूर्नामेंट की ओर बड़े उत्साह के साथ ध्यान दे रही है।

### पारंपरिक केंद्रों ही नहीं हर जगह खेले जायें टेस्ट : गांगुली

कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं। बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026 . 27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जायेंगे। गांगुली ने स्पोर्टर्सस्टार की किताब मिरेकल एट ईडन के विमोचन से इतर कहा ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।

# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयंती पर हुए विविध आयोजन


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयंती पर वीपीसीएल में पुष्प अर्पित करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास


फार्च्यून होटल के बाहर भंडारे का प्रसाद लेते लोग


पुष्प अर्पित करती अखिलेश दास गुप्ता स्कूल की शिक्षिका


परिवर्तन चौक पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयंती पर उनको याद करते लोग


सिविल अस्पताल में मरीजों को बांटा गया फल


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में गायिका कनिका कपूर के गानों का आनंद लेते विराज सागर दास, श्रीमती अलका दास, देवांशी दास व सोनाक्षी दास


बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प पर अर्पित करते डॉ. सुधर्मा सिंह


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हिन्दी दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ परिवार के सदस्य


एल्डिको ग्रीन चौराहे पर आयोजित भंडारे में प्रसाद लेते लोग

फोटो : समीर भटनागर

**इंटरटेनमेंट...**

## तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग बॉलीवुड फिल्म बनी 'धुरंधर 2'

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज बॉलीवुड की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म का इंडियन कलेक्शन 846.87 करोड़ हो चुका है, जबकि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, 29

**❍ महज 11 दिनों में वर्ल्डवाइड कमाये 1350 करोड़, आमिर की दंगल को भी कर सकती है पीछे**




मार्च यानी रिलीज के दूसरे रविवार को फिल्म ने 68.10 करोड़ रुपए कमाए, जबकि 28 मार्च (शनिवार) को 62.85 करोड़ कमाए थे। ऐसे में 11 दिनों में फिल्म ने भारत में 846.87 करोड़ और वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ कमा लिए। इस कलेक्शन के साथ धुरंधर 2 तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है। यह फिल्म पिछले पार्ट धुरंधर के 1428 करोड़ के ऑल टाइम कलेक्शन को पार करने के करीब है, जो बॉलीवुड की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म है। फिलहाल आमिर खान की दंगल पहले नंबर पर है। बॉलीवुड की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधरः द रिवेंज, सभी भाषाओं में भारत की 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। यह आरआरआर और केजीएफ चैप्टर 2 का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है, लेकिन अब भी पुष्पा-2 और बाहुबली 2 से पीछे है। दंगल भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है, लेकिन भारत में इसका कलेक्शन सिर्फ 511 करोड़ था और ज्यादातर कमाई ओवरसीज से हुई।

भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में बाहुबली 2 पहले स्थान पर है, जिसने 1429 करोड़ कमाए। दूसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 और तीसरे पर धुरंधर है। इन बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के साथ धुरंधर और धुरंधर 2 के डायरेक्टर आदित्य धर बॉलीवुड के इकलौते निर्देशक बन गए हैं, जिन्होंने 1000 करोड़ से ज्यादा कमाई वाली दो फिल्में दी हैं। उनसे पहले एसएस राजामौली भी बाहुबली और बाहुबली 2 जैसी दो 1000 करोड़ कमाने वाली फिल्में बना चुके हैं।

## ईरान-इजरायल वॉर के बीच किंग का शूटिंग शेड्यूल बिगड़ा

मुंबई। ईरान-इजरायल वॉर के बढ़ते तनाव का असर शाहरुख खान की फिल्म किंग पर पड़ा है। एक बड़ा एक्शन सीक्वेंस दुबई के रेगिस्तान में शाहरुख खान, सुहाना खान और अनिल कपूर के साथ शूट होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से शेड्यूल रद्द कर दिया गया। अब मुंबई में रेगिस्तान का सेट बनाया जा रहा है। मिड-डे की रिपोर्ट के अनुसार, किंग की दुबई शूटिंग का शेड्यूल महीनों पहले तय था और सभी परमिशन व फॉर्मेलिटीज पूरी हो चुकी थीं। शूटिंग 9 अप्रैल से एक हफ्ते के लिए शुरू होने वाली थी, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए डायरेक्टर ने इसे रद्द कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, दुबई के सीन अब मुंबई के विले पार्ले स्थित स्टूडियो में शूट होंगे।

## फिल्म फ्लॉप हुई तो पनौती कहने लगे लोग : दिया मिर्जा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' आज भले ही कल्ट क्लासिक मानी जाती हो, लेकिन रिलीज के वक्त इस फिल्म के फ्लॉप होने का खामियाजा एक्ट्रेस को भुगतना पड़ा था। दीया ने

**❍ ऐश्वर्या राय से होती थी तुलना फिर राजकुमार हिरानी से कॉल पर मांगना पड़ा काम**



एक लेटेस्ट इंटरव्यू में खुलासा किया कि कैसे एक दौर में उन्हें इंडस्ट्री में 'पनौती' और 'बदकिस्मत' मान लिया गया था और उन्हें काम मिलना बंद हो गया था। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में दीया ने बताया कि करियर की शुरूआत में उनकी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे याद है कि मेरी एक बड़ी फिल्म फ्लॉप हुई और अचानक सब बदल गया।

## सलमान खान की नयी फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। इस बार वे साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम करेंगे। सोमवार को सलमान खान और प्रोडक्शन हाउस 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स' ने सोशल मीडिया पर प्रोजेक्ट की घोषणा की। यह हाई-

**❍ साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली काम करेंगे; अप्रैल से शुरू होगी शूटिंग**



ऑक्टेन एक्शन ड्रामा है, जिसकी शूटिंग अप्रैल से शुरू होगी। सलमान ने वामशी पेडिपल्ली के साथ फोटो शेयर कर लिखा, 'दिल, दिमाग, जिगर से अप्रैल से वामशी पेडपिल्ली और दिल राजू के साथ।' फिल्म का अस्थायी नाम एसबीसी63 है। एसबीसी63 बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर है, जिसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। इसमें हिंदी और दक्षिण भारतीय इंडस्ट्री के कलाकार शामिल होंगे। बताया गया है, 'यह फिल्म सलमान खान को पर्दे पर एक ऐसे अवतार में पेश करेगी, जैसा उनके फैंस ने इससे पहले कभी नहीं देखा होगा। फिल्म की शूटिंग पूरे भारत में अलग-अलग लोकेशन पर होगी और 14 अप्रैल से मुंबई के सेट से शुरू होगी।

फिल्म का निर्देशन वामशी पेडिपल्ली करेंगे। वे साउथ सिनेमा के ऐसे डायरेक्टर हैं जो अपनी फिल्मों में इमोशन और स्टारडम को प्रभावी ढंग से पेश करते हैं। उन्होंने प्रभास के साथ 'मुन्ना' से करियर शुरू किया और बाद में 'येवादु' व 'महार्षि' जैसी हिट फिल्में दीं। थलापति विजय के साथ उनकी फिल्म 'वारिसु' सफल रही थी। खास बात यह है कि फिल्म 'महार्षि' के लिए वामशी नेशनल अवॉर्ड जीत चुके हैं। फिल्म का निर्माण दिल राजू के बैनर तले होगा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com